दैनिक
# नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल-मनोरंजन-बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 298 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

**बि**हार में पासा क्या पलटा लालू के दोनों लाल तिलमिला उठे हैं। एक उपमुख्यमंत्री पद से तो दूसरा मंत्री पद से हाथ धो बैठा है। बेचारों के लिए सत्ता सुंदरी का सानिध्य चार दिन की चांदनी साबित हुआ है। तेजस्वी यादव तो मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे थे। लेकिन उपमुख्यमंत्री पद भी गया। यही वजह है कि दोनों भाई अपना आपा खो बैठे हैं और पानी पी पी कर नीतीश कुमार को गरिया रहे हैं। उनकी पीड़ा स्वाभाविक है। जिनके दिल के अरमान आंसुओं में बह जाते हैं। वह खिसयानी बिल्ली की तरह खंभा नोचने लगते हैं।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम ने सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को बिठाया अपने पास

■ *प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को दिए तनावमुक्त परीक्षा दिलाने के टिप्स*

*__रायपुर/नवप्रदेश।__ प्रधानमंत्री श्रीनरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हर वर्ष की भांति इस साल भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबंधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया। कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख तैफुर रहमान ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए पूछा-परीक्षा के दौरान अधिकांश छात्र घबराहट महसूस करते हैं, जैसा कि प्रश्नों को सही ढंग से न पढ़ना आदि। मेरा आपसे प्रश्न है कि इन गलतियों से कैसे बचा जाए कृपया अपना मार्गदर्शन दें? जिस पर मोदी ने उत्तर दिया कि धैर्य रखकर अतिउत्साह में न आना और परीक्षा को एक उत्सव की तरह देखना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 7वीं बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से बात की। पीएम मोदी ने बच्चों की समस्याओं, कॉम्पिटीशन की भावना, अभिभावकों की चिंता, टाइम मैनेजमेंट जैसे कई सब्जेक्ट्स पर 2 घंटे चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्णय लेना सबसे जरूरी है। अनिर्णय या कंफ्यूजन की स्थिति अच्छी नहीं होती। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। मुझे विश्वास है कि 140 करोड़ देशवासी* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आपके पीएम भी आप के साथ खड़े हैं : सीएम

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और अन्य विधायक औरी बीजेपी नेता राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में शामिल हुए। सीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने पीएम का प्रेरक उद्बोधन सुना। इससे निश्चित रूप से आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार हुआ होगा। आपका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत हुआ होगा। आप सभी कितने सौभाग्यशाली हैं कि जब आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको न सिर्फ आपके शिक्षकों, माता-पिता और मित्रों का साथ मिल रहा है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री भी आपके साथ खड़े हैं।*

## बजट सत्र से पहले आज होगी सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली (वार्ता)।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के बजट सत्र से पहले दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलायी है। यह सर्वदलीय बैठक आज मंगलवार यानी 30 जनवरी पूर्वाह्न साढे ग्यारह बजे संसद पुस्तकालय भवन में होगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं को देखते हुए यह 9 फरवरी को समाप्त हो सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस वर्ष लोकसभा चुनाव का देखते हुए सरकार अंतरिम बजट लेकर आ रही है।

## सरकार ने सिमी पर पांच वर्ष के लिए लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे पांच वर्ष के लिए 'विधिविरुद्ध संगठन' घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि सिमी को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत पांच साल की अवधि के लिए विधिविरूद्ध संगठन घोषित कर दिया है। सिमी पर इससे पहले पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी 2019 को लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि सिमी, देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में लगा है जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# छग समेत 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव

### छत्तीसगढ़ में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का कार्यकाल हो रहा खत्म

**नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश।** निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव कराने की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 15 राज्यों से राज्यसभा के 56 सदस्यों का कार्यकाल आगामी अप्रैल में समाप्त हो रहा है। आयोग ने इन सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की सोमवार को घोषणा कर दी। चुनाव के लिए अधिसूचना 8 फरवरी को की जायेगी। नामांकन 15 फरवरी तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 16 फरवरी को की जायेगी और नाम वापस लेने का अंतिम दिन 20 फरवरी को होगा। आयोग के अनुसार मतदान 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। मतों की गिनती 27 फरवरी को ही शाम पांच बजे की जायेगी। समूची चुनाव प्रक्रिया 29 फरवरी तक संपन्न होगी। छत्तीसगढ़ में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा। इसी सीट के लिए चुनाव होना है। बता दें कि सरोज पाण्डेय छत्तीसगढ़ की पहली निर्वाचित राज्यसभा सांसद बनी थीं। तब 49 विधायकों वाली भाजपा की प्रत्याशी सरोज पाण्डेय को 51 वोट मिले थे। तब राज्य के इतिहास में यह पहला मौका था, जब राज्यसभा के लिए मतदान किया गया। अब तक निर्विरोध राज्यसभा पहुंचते थे। पिछली बार कांग्रेस के लेखराम साहू के रूप में प्रत्याशी उतरा, लेकिन साहू को पार्टी के ही पूरे वोट नहीं मिल पाए थे। झइस चुनाव के खिलाफ हाईकोर्ट भी गए थे। इस बार भी भाजपा की जीत सुनिश्चित है। 90 विधायकों में से 54 भाजपा के हैं, जबकि कांग्रेस के पास केवल 35 ही विधायक हैं। इसके बावजूद कांग्रेस की अपनी तैयारी है कि वह राज्यसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारेगी।

| राज्य | सीटों पर चुनाव | राज्य | सीटों पर चुनाव |
|---|---|---|---|
| यूपी | 10 | तेलंगाना | 3 |
| बिहार | 6 | राजस्थान | 3 |
| महाराष्ट्र | 6 | ओडिशा | 3 |
| मध्यप्रदेश | 5 | छत्तीसगढ़ | 1 |
| पश्चिम बंगाल | 5 | हरियाणा | 1 |
| गुजरात | 4 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| कर्नाटक | 4 | उत्तराखंड | 1 |
| आंध्र प्रदेश | 3 | | |

### बदल जाएगी सदन की सियासी तस्वीर

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव का ऐलान ऐसे वक्त पर किया, जब पार्टियां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### सरोज को लोकसभा लड़ाने की तैयारी

गौरतलब है कि आसन्न लोकसभा चुनाव में भी सरोज पांडेय सामान्य सीट से दावेदार हैं। राजनांदगांव, दुर्ग या कोरबा लोस से उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाए जाने की अटकलें है। वह इसलिए इस बार राज्यसभा से दावेदार बढ़ गए हैं। केंद्र में मंत्रियों में से किसी एक को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में भेजने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की 4 सीटें है, जिनमें 3 कांग्रेस के पास है। इनमें केटीएस तुलसी, रंजिता रंजन और राजीव शुक्ला हैं। इन तीनों का छत्तीसगढ़ की राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। जबकि भाजपा के सरोज पांडेय दो बार की महापौर, एक बार विधायक एवं लोकसभा की सांसद रही हैं। कांग्रेस के इन तीनों राज्यसभा सांसदों को लेकर जमकर राजनीति भी हुई है। जिसका खामियाजा कांग्रेस को संपन्न विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा।

## सीजेआई ने वकील को सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीके समझाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार (29 जनवरी) को कोर्टरूम में गलत व्यवहार करने पर एक वकील की जमकर क्लास ली। सीजेआई ने कहा- ये कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं। पहले किसी सीनियर से सीखें कि कोर्टरूम में किस तरह से व्यवहार किया जाता है। दरअसल, अपनी बारी आने के पहले एक वकील अचानक से कोर्टरूम में खड़ा हो गया और बहस करने लगा। वकील ने कहा कि उसने न्यायिक सुधारों के लिए एक जनहित याचिका दायर की है। वह इस पर तत्काल सुनवाई चाहता है। मामला आज की सुनवाई वाली लिस्ट में नहीं है। इस बात पर सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज हो गए। उन्होंने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- कोर्टरूम कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं है कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं। फटकार के बाद भी वकील अपनी बात पर अड़ा रहा। उसने कहा कि न्यायिक व्यवस्था ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## लालू से ईडी ने की पूछताछ सोरेन के घर भी पहुंची टीम

**नई दिल्ली (वार्ता)।** बिहार सरकार से बाहर होने के अगले ही दिन सोमवार को लालू यादव पर एक्शन हुआ है। लालू से पटना के ईडी ऑफिस में लैंड फॉर जॉब्स केस में सुबह 11 बजे से पूछताछ शुरू हुई जो रात 8 बजे तक जारी रही। पूछताछ के लिए ईडी ने करीब 50 सवालों की लिस्ट तैयार की थी। लालू यादव सुबह 11 बजे बेटी मीसा भारती के साथ पहुंचे थे। लालू को छोड़कर मीसा भारती ईडी दफ्तर के सामने दादी जी मंदिर में पूजा करने चली गईं। मीसा ने लालू के लिए ईडी ऑफिस में ही खाना पहुंचाया। 2 बार दवा भी पहुंचाई। दूसरी ओर लालू के समर्थक ईडी दफ्तर के बाहर एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी की। उधर, जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने ईडी सोमवार को उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। वे यहां नहीं मिले। एजेंसी यहां जरूरी कागजात खंगाली। यहां भी शाम साढ़े 7 बजे तक ईडी की कार्रवाई जारी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## कस्टम मिलिंग में 140 करोड़ की उगाही, मार्कफेड के तत्कालीन एमडी समेत 2 पर एफआईआर

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के बाद अब राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्लू) ने कस्टम मिलिंग में 140 करोड़ रुपए की अवैध उगाही के मामले में मार्कफेड के तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी और कोरबा जिले के तत्कालीन जिला मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर ईओडब्लू ने धारा 120 बी, 409, 13 (1) (क), सहपठित धारा 13 (2) एवं 11 के तहत केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने जांच में पाया कि विभिन्न राइस मिलर्स द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम (नान) एवं एफसीआई में कस्टम मिलिंग का जो चावल जमा किया जाता है। इसमें प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध उगाही की गई है। मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी और कोरबा जिले में पदस्थ रही जिला मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के मार्फत छत्तीसगढ़ स्टेट राइसमिलर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर द्वारा निर्देश था कि उन्हीं मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिनकी वसूली की राशि रोशन चंद्राकर को प्राप्त हुई है। किन मिलर्स को भुगतान होना है इसकी जानकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## कड़े विरोध के बाद यूजीसी ने बहाल की पुरानी व्यवस्था : कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह विश्वविद्यालयों में आरक्षण समाप्त करना चाहती है इसलिए सरकार ने प्रोफेसरों के आरक्षित पदों को अनारक्षित किया और कांग्रेस के जबरदस्त विरोध के बाद उसने कहा कि पहले की व्यवस्था ही लागू रहेगी। कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डॉ उदित राज तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति

विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी की एक गाइडलाइन आई जिसमें कहा गया कि विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के पदों पर अनुसूचितजाति- जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं इसलिए इन पदों को अनारक्षित किया जाना चाहिए। सरकार के इस फरमान पर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध किया तो यूजीसी ने कहा कि हम ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अगर प्रोफेसर के पद खाली हैं तो उसका ये मतलब नहीं कि अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसीके कैंडिडेट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## रिलायंस के चढ़ने से शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद, बांड यील्ड में गिरावट और चीन के बाज़ार को समर्थन देने के लिए उपाय शुरू करने के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के करीब सात प्रतिशत तक चढ़ने से आज शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1240.90 अर्थात् 1.76 प्रतिशत की उड़ान भरकर 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71,941.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 385 अंक यानी 1.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 21,737.60 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.68 प्रतिशत उछलकर 38,380.66 अंक और स्मॉलकैप 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,819.28 अंक पर पहुंच गया। बीएसई कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2262 में लिवाली जबकि 1659 में बिकवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में तेजी जबकि 10 में गिरावट रही।

### गरमा-गरम

### अर्थव्यवस्था...

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट 2024 से सरकारी कर्मचारियों को खासी उम्मीदें

# बजट 2024 : सरकारी कर्मचारियों के लिए हो सकते हैं 3 बड़े ऐलान

■ **केंद्रीय बजट पेश होने में अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं**

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय बजट पेश होने में अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट 2024 से सरकारी कर्मचारियों को खास उम्मीदें हैं। कुछ ही महीनों में देश में चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ा ऐलान कर सकती है। बजट में सरकारी कर्मचारियों के वेतन को लेकर सरकार लोक लुभावन घोषणाएं कर सकती है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार वेतन संबंधी उनकी मांगें मान लेगी। अब देखना यह है कि सरकार बजट 2024 में फिटमेंट फैक्टर बढ़ाने, 8वां वेतन आयोग लाने और 18 महीने के डीए एरियर को लेकर कोई घोषणा करेगी या नहीं।

### 18 महीने का डीए बकाया

केंद्र सरकार साल में दो बार जनवरी और जुलाई में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़ाती है, लेकिन सरकार ने कोविड के दौरान जनवरी 2020 से जून 2021 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### ये 3 घोषणाएं संभावित हैं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करते हुए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए वेतन बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती हैं। सरकारी कर्मचारी कई दिनों से वेतन बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। इस बारे में सरकारी कर्मचारी संघ से कई बार चर्चा हो चुकी है। अगर सरकार बजट में फिटमेंट फैक्टर बढ़ाती है तो कर्मचारियों का न्यूनतम मूल वेतन 18 हजार रुपये से बढ़कर 26 हजार रुपये हो जाएगा।

### 8वें वेतन आयोग की घोषणा

सरकार केंद्रीय बजट 2024 में 8वें वेतन आयोग की घोषणा कर सकती है। अगर सरकार ऐसा करती है तो छोटे पदों पर काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों की सैलरी भी बढ़ जाएगी। हालांकि सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह आठवां वेतन आयोग लाने के बारे में नहीं सोच रही है। लेकिन यह चुनावी साल है इसलिए इस मौके पर सरकार कर्मचारियों को खुशखबरी दे सकती है।

## न्यूज गैलरी

### ब्रिटेन ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर हमलों की आलोचना की

**लंदन(वार्ता)।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने सोमवार को मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य बलों पर हमलों की निंदा की और ईरान से क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक सीरिया की सीमा के पास, जॉर्डन के उत्तर-पूर्व में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और 25 घायल हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस हमले में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह को दोषी बताते हुये कहा है कि अमेरिका अभी भी तथ्य इकट्ठा कर रहा है। जॉर्डन के कैबिनेट प्रवक्ता मुहन्नद मुबैदीन ने कहा कि हमले में जॉर्डन के क्षेत्र में स्थित बेस के बजाय सीरिया में अमेरिकी अल तनफ बेस को निशाना बनाया गया। श्री कैमरन ने एक्स पर लिखा, हम अमेरिकी सेना के खिलाफ ईरान-गठबंधन मिलिशिया समूहों द्वारा किए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं और हम ईरान से क्षेत्र में तनाव कम करने का आग्रह करते रहेंगे। उन्होंने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों में मारे गए या घायल हुए अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

### तेलंगाना में कार-लॉरी की टक्कर, पांच की मौत

**नलगोंडा (वार्ता)।** तेलंगाना में नलगोंडा जिले मिर्यालगुडा में अडांकी-नारकेटपल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग कार और लॉरी की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्प जानकारी के अनुसार कार मेंदो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान महेश (32), ज्योति (30), रिशिता (6), भूमा महेंद्र (32) और लियांशी (2) के रूप में हुई है। दुर्घटना के समय ये लोग विजयवाड़ा और अन्य स्थानों की तीर्थयात्रा पूरी करने के बाद मिर्यालागुडा में अपने पैतृक गांव नंदीपाडु लौट रहे थे। घायल व्यक्ति को मिर्यालागुडा के एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लॉरी और उसके चालक को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

### वजीराबाद में पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में आग लगी , 450 से अधिक वाहन जलकर खाक

**नई दिल्ली(वार्ता)।** दिल्ली के वजीराबाद स्थित पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में देर रात भीषण आग लग गयी। आग लगने की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और बड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 4:15 बजे आग पर काबू पाया गया। सूत्रों ने बताया कि करीब 200 चार पहिया और 250 दोपहिया वाहनों में आग लग गयी। अग्निशमन विभाग ने फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं हैं।

### कश्मीर के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी

**श्रीनगर(वार्ता)।** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश होने से आवागमन ठप हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और अधिक हिमपात होने के आसार हैं। यातायात अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड और लद्दाख को जोड़ने वाली रणनीतिक श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क को बर्फ जमा होने के कारण ऐहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, दूधपथरी, तंगमर्ग, गुरेज घाटी, बांदीपोरा के त्रागबल और कुपवाड़ा के कर्नाह में पर्यटक रिसॉर्ट्स में हिमपात हुआ और अभी भी विभिन्न स्थानों पर वर्षा और हिमपात जारी है। श्रीनगर और इसके आसपास के इलाकों में हल्की वर्षा हुयी, जिससे लंबे समय से शुष्क मौसम का दौर समाप्त हो गया, जम्मू-कश्मीर में आज देर रात तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या हिमपात होने के आसार हैं।

# हनुमान जी के झंडे पर कर्नाटक में बवाल, धारा 144 लागू, भाजपा ने शुरू किया बड़ा आंदोलन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हनुमान जी के झंडे को लेकर तनाव पैदा हो गया है। हालात ऐसे विकट हो गए हैं कि गांव में धारा 144 लागू कर दी गई है और बड़े पैमाने पर पुलिस फोर्स भी तैनात है। यह पूरा मामला बीते सप्ताह से शुरू हुआ था, जब कुछ युवकों के ग्रुप ने 108 फुट ऊंचे पोल में हनुमान जी का झंडा लगा दिया था। ग्राम पंचायत की ओर से इस झंडे को लगाने की परमिशन दी गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी। इसके बाद अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों से निवेदन किया गया कि वे झंडे को हटा दें। इस मामले के चलते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और गांव में फोर्स तैनात की गई है। गांव के ज्यादातर लोगों का कहना है कि यह झंडा हमारी आस्था का सवाल है और कुछ लोग इस पर राजनीति कर रहे हैं। ग्रामीणों के साथ भाजपा, जेडीएस और बजरंग दल के लोग भी उतर आए हैं। गांव में प्रदर्शन भी चल रहा है। शनिवार को झंडा उतारने के आदेश के विरोध में ग्रामीणों ने अपनी दुकानें भी बंद कर दी थीं। रविवार को ग्राम पंचायत के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और झंडा उतरवाना चाह रहे थे। इसके खिलाफ बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और उन्होंने 'वापस जाओ' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस विवाद ने राजनीतिक रंग ले लिया, जब स्थानीय कांग्रेस विधायक रवि कुमार के पोस्टरों को फाड़ दिया गया। इसके बाद कांग्रेसी भी मैदान में उतर आए और फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति है। हालात बिगड़ने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। भाजपा और हिंदू एक्टिविस्टों ने झंडे को हटाने का विरोध किया है। भाजपा ने तो ऐलान कर दिया है कि यदि झंडा हटाया गया तो फिर कर्नाटक के सभी जिलों में आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को भाजपा के कार्यकर्ता बेंगलुरु में भी मैसुरू बैंक सर्किल के पास जुटे हैं। इस दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में भाजपा के लोगों को हिरासत में लिया है।

#### भाजपा बोली- हिंदू विरोधी सरकार हटा रही हनुमान जी का झंडा

पुलिस का कहना है कि हनुमान जी के झंडे को हटाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगना चाहिए। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि झंडे के लिए केरागोडु गांव के लोगों ने फंडिंग की थी। इसके अलावा अन्य 12 गांवों के लोगों ने भी इसके लिए योगदान दिया था।

इसमें भाजपा और जेडीएस के लोगों ने भी योगदान दिया था। भाजपा ने तो इस मामले में पुलिस ऐक्शन को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया है और उसके कदम को हिंदू विरोधी करार दिया है। भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि ग्राम पंचायत की मंजूरी से यह झंडा लगा था। फिर कांग्रेस की सरकार इसे अब हटवाना क्यों चाहती है।

# हरियाणा में आप अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव, लोकसभा में इंडिया गठबंधन का थामेगी हाथ

## आप सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। साथ ही आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में लड़ेगी। केजरीवाल की यह घोषणा कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह के उस बयान कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में,क्क के साथ गठबंधन के इच्छुक नहीं हैं। राज्य में 10 संसदीय सीटें हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में हो सकते हैं जबकि हरियाणा विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में अक्टूबर में होने की संभावना है। आप हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी केजरीवाल ने जींद में 'बदलाव जनसभा' को संबोधित करते हुए कहा कि आप राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह पहली बार होगा कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि आप के पास राज्य का सबसे बड़ा संगठन है और प्रत्येक गांव में 15-20 सदस्यों की एक समिति है। उन्होंने कहा, पिछले 6 महीनों में राज्य में लगभग 1.25 लाख लोग आप पदाधिकारी बने हैं। ऐसा क्यों हुआ? लोग अन्य सभी पार्टियों से परेशान हैं, जैसा कि उन्होंने पिछले 75 वर्षों में देखा है। दिल्ली और पंजाब का उदाहरण देते हुए आप प्रमुख ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो हरियाणा में चौबीसों घंटे मुफ्त बिजली दी जाएगी। दिल्ली और पंजाब दोनों पर आम आदमी पार्टी का शासन है। केजरीवाल ने कहा कि पूरा प्रदेश एक बड़े बदलाव की उम्मीद कर रहा है। आज लोगों को केवल एक ही पार्टी - आप पर भरोसा है। पिछले विधानसभा चुनावों में, आप के उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे, अधिकांश उम्मीदवार 1,000 वोटों के आंकड़े को पार करने में विफल रहे और जमानत जब्त हो गई। 2019 के लोकसभा चुनावों में पार्टी ने दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ गठबंधन किया और तीन सीटों -अंबाला, करनाल और फरीदाबाद पर 2 प्रतिशत से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा। 2019 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने 46 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन 0.48त्न वोट शेयर के साथ उसे कोई सीट नहीं मिली थी।

#### हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 90 की 90 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के द्वारा अपने उम्मीदवार उतारे जाएंगे और इस बार वो उम्मीद कर रहे हैं कि हरियाणा की जनता बदलाव के लिए वोट करेगी और हरियाणा में आम आदमी पार्टी अपनी सरकार बनाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है, पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और वहां के लोगों को कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं तो हरियाणा के लोगों ने क्या कसूर कर रखा है। केजरीवाल ने जनता से अपील की कि वो इस बार प्रदेश में बदलाव के लिए वोट करें और आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएं।

## कथा रोक नहीं सकते; धीरेंद्र शास्त्री को एचसी ने दी झारखंड में दरबार लगाने की इजाजत

**रांची(ए.)।** पलामू के रजवाडीह में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री( बागेश्वर धाम) के कथा आयोजन की हाईकोर्ट से सशर्त अनुमति मिली है। हाईकोर्ट ने कहा कि धार्मिक आयोजन और कथा को रोका नहीं जा सकता है। सरकार सुगमता से आयोजन के लिए कुछ शर्त लगा सकती है। इसके साथ ही अदालत ने यह याचिका निष्पादित कर दी। पलामू डीसी ने कथा के आयोजन की अनुमति नहीं दी थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। कथा का आयोजन 10 से 15 फरवरी तक होना है। पलामू के डीसी शशि रंजन ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जहां आयोजन प्रस्तावित है वह नदी तट है और इससे इको सिस्टम प्रभावित होगा। इसके बाद आयोजकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## चीन को बड़ा झटका! मालदीव जा रहे जासूसी जहाज को इंडोनेशिया ने बीच समंदर रोका

**नई दिल्ली।** हाल ही में मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार ने अपने आका चीन के जासूसी जहाज को अपने यहां आने की परमिशन दे दी थी। मुइज्जू सरकार ने कहा था कि मित्र राष्ट्रों के लिए उसके घर के दरवाजे हमेशा से खुले हैं। अब खबर है कि मालदीव जा रहे चीन के जासूसी जहाज इंडोनेशिया की कोस्ट गार्ड टीम ने समंदर में रोक दिया। मालदीव के स्थानीय समाचार रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। इंडोनेशियाई तट रक्षक ने माले जा रहे एक चीनी अनुसंधान जहाज को रोक दिया क्योंकि उसने अपनी ऑटोमैटिक इंफोर्मेशन प्रणाली बंद कर दी थी। इंडोनेशियाई प्राधिकरण का यह कदम तब आया जब उसके क्षेत्रांर्गत जल क्षेत्र से यात्रा करते समय चीनी जहाज ने 8 से 12 जनवरी के बीच तीन बार अपना ट्रांसपोंडर बंद कर दिया था। अमेरिकी नौसेना संस्थान ने कहा कि चीनी सरकारी जहाज ज़ियांग यांग होंग 03 को आईसीजी ने 11 जनवरी को सुंडा स्ट्रेट क्षेत्र में रोका था। यह भी कहा गया है कि जहाज संचालकों से आईसीजी की टीम ने पूछताछ की तो चालक दल के हवाले से उन्हें पता लगा कि ट्रांसपोंडर को बंद नहीं किया गया, बल्कि यह टूटा हुआ।

## असम में कांग्रेस को बड़ा झटका, राहुल गांधी की यात्रा के निकलते ही 150 नेता बीजेपी में शामिल

**गुवाहाटी(ए.)।** वायनाड सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलते ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। खबर है कि असम में,स यानी ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और कांग्रेस के 150 से ज्यादा नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। फिलहाल, कांग्रेस की यात्रा तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही लोकसभा चुनाव 2024 अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। मंत्री पीयूष हजारिका ने कांग्रेस पर तंज कसा और 150 से ज्यादा नेताओं के भाजपा में शामिल होने की जानकारी दी है। रविवार को उन्होंने लिखा, 'मुझे यह मानना पड़ेगा कि राहुल गांधी की भारत बस न्याय यात्रा ने असम में काफी प्रभाव डाला है। असम कांग्रेस और,स के 150 से ज्यादा नेताओं ने आज भाजपा ज्वाइन कर ली है। अंकिता दत्ता, बिस्मिता गोगोई और दीपांक कुमार नाथ ने अच्छा फैसला लिया।'

### राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

**नई दिल्ली (वार्ता)।** निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव कराने की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 15 राज्यों से राज्यसभा के 56 सदस्यों का कार्यकाल आगामी अप्रैल में समाप्त हो रहा है। आयोग ने इन सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की सोमवार को घोषणा कर दी। चुनाव के लिए अधिसूचना 8 फरवरी को की जायेगी। नामांकन 15 फरवरी तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 16 फरवरी को की जायेगी और नाम वापस लेने का अंतिम दिन 20 फरवरी को होगा।

## राम मंदिर पर लगेगा इजरायल का एंटी ड्रोन सिस्टम

**अयोध्या(ए.)।** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर पुख्ता कदम उठाए जा रहे हैं। यूपी पुलिस के स्पेशन कमांडो मंदिर की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। अब जल्द ही यूपी पुलिस यहां एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने जा रही है। अयोध्या के साथ कई अन्य जगहों पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक यूपी पुलिस इजरायल से एंटी ड्रोन सिस्टम खरीदने जा रही है। इसकी खरीद की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**प्राण प्रतिष्ठा में भी हुआ था इस्तेमाल**

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी एंट्री ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था। तब यूपी पुलिस ने एसपीजी और एनएसजी से यह सिस्टम उधार लिया। ऐसे में यूपी पुलिस ने पहली बार इस सिस्टम को खरीदने का फैसला लिया है। इजरायल की सिस्टम की कई टेस्टिंग करने के बाद इसे फाइनल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यूपी पुलिस 10 एंटी ड्रोन सिस्टम खरीदने जा रही है। इन्हें अयोध्या के अलावा मथुरा, लखनऊ और वाराणसी जैसे अति संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा। यह एंटी ड्रोन सिस्टम 3-5 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी ड्रोन को पल भर में नष्ट कर देगा। इसमें किसी भी ड्रोन की पहचान करने की क्षमता है। यह लेजर आधारित एक सिस्टम है जो ड्रोन का बता लगाकर उसे नष्ट कर सकता है। सुरक्षा एजेंसियों को दुश्मन के ड्रोन की समय पर जानकारी मिल जाएगी जिससे उचित कदम उठाया जा सके। इतना ही नहीं इस सिस्टम में दुश्मन के ड्रोन को हैक करने की भी क्षमता है।

### भीषण ठंड से राहत नहीं; घने कोहरे और शीतलहर के बीच होगी बारिश

**नई दिल्ली।** जनवरी खत्म होने को है मगर ठंड जाने का नाम नहीं ले रही। उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इस बीच अलग-अलग हिस्सों में बारिश और बर्फबारी से मुश्किलें और ज्यादा बढ़ने वाली हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 31 जनवरी से 1 फरवरी तक आसमान में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश या बूंदाबांदी का अनुमान है। इसके साथ ही 28 से 30 जनवरी तक शहर में मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने का एएसआई कराए सर्वे

**नई दिल्ली।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर वजूखाने का सर्वे कराने का आदेश देने की मांग की। हिंदू पक्ष ने अपनी याचिका में कहा है कि बिना शिवलिंग को क्षति पहुंचाए एएसआई वहां सर्वे करे। वहां पर शिवलिंग जैसा स्ट्रक्चर मिलने की वजह से वजूखाने को सील कर दिया गया था। अपनी याचिका में हिंदू पक्ष ने कोर्ट से 19 मई 2023 के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की है। इस आदेश में कोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान दिखे शिवलिंग के वैज्ञानिक जांच पर रोक लगा दी थी। याचिका में एएसआई के महानिदेशक से सील क्षेत्र के भीतर स्थित शिवलिंग को कोई नुकसान पहुंचाए बिना इसकी प्रकृति और संबंधित विशेषताओं को तय करने के लिए कथित शिवलिंग की जरूरी जांच/सर्वे कराने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि शिवलिंग के अगल-बगल की कृत्रिम/आधुनिक दीवारों/फर्शों को हटाकर पूरे सील क्षेत्र की वैज्ञानिक तरीके से खोदाई करके जांच की जाए।

### जोशी ने बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलायी

**नई दिल्ली(वार्ता)।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के बजट सत्र से पहले दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलायी है। यह सर्वदलीय बैठक 30 जनवरी पूर्वाह्न साढे ग्यारह बजे संसद पुस्तकालय भवन में होगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं को देखते हुए यह 9 फरवरी को समाप्त हो सकता है।

## कांग्रेस नेता कर रहे हार की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली(ए.)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का विचार पार्टी के ही नेताओं को हजम नहीं हो रहा है। महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी माने जाने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यात्रा पर सवाल उठा दिए हैं। उनका कहना है कि एक ओर जहां दूसरी पार्टियां 2024 चुनाव की तैयारियां कर रही हैं, कांग्रेस पर्यटन कर रही है। आचार्य प्रमोद ने राहुल गांधी की यात्रा को 2029 लोकसभा चुनाव की तैयारी करार दिया है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी में हमारे ऐसे सब महान समझदार नेता है। एक तरफ देश का 2024 का महाभारत सज रहा है, दूसरी तरफ पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही है। असल में हम 2024 के बाद सोचेंगे कि 2024 में जीतना कैसे है।' उन्होंने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि हम खुद को 2029 लोकसभा चुनावों के लिए तैयार कर रहे हैं। अगर हम 2024 के लिए तैयारी कर रहे होते, तो ऐसा नहीं होता।' राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने सोमवार को किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश किया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बिहार में राहुल गांधी का स्वागत किया।

**वर्ल्ड पालिटिक्स** — चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग देने लगे चीन और फ्रांस के रिश्ते की दुहाई

# इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से घबराए शी जिनपिंग

**बीजिंग।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से चीन कुछ घबराया हुआ लग रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब चीन-फ्रांस संबंधों की दुहाई देने लगे हैं। उन्होंने इसे लेकर 'नई जमीन तैयार' करने की पेशकश की है। दरअसल, मैक्रों की भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर ऐसे वक्त चीफगेस्ट के तौर पर नई दिल्ली पहुंचे जब चीन और फ्रांस अपने कूटनीतिक रिश्ते की 60वीं एनिवर्सरी मना रहे हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ने अपने मैसेज में कहा, 'आज फिर से दुनिया एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है। ऐसे में चीन और फ्रांस को मिलकर शांति, सुरक्षा, भाईचारे और प्रगति के लिए रास्ता तैयार करना चाहिए। मानव विकास के लिए यह जरूरी है।' शी जिनपिंग ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को मजूबत करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि वह मैक्रों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। वह राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ को बुनियादी सिद्धांतों को बनाए रखने, नई जमीन तलाशने और नया रास्ता खोलने के अवसर के रूप में देखते हैं। चीन और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती देनी है। विदेश मंत्री वांग यी का भी इस मौके पर बयान आया। उन्होंने कहा, 'चीन ने अपने यहां फ्रांस से आयात बढ़ाने की पेशकश की है। हम उपभोक्ता और निवेश बाजार की मांग को पूरा करना जारी रखेंगे। फ्रांस से हाई क्वालिटी वाले प्रोडक्ट और सर्विस के आयात बढ़ावा दिया जाएगा।'

#### भारत-फ्रांस के बीच कई अहम समझौते

ध्यान रहे कि चीनी आलाकमान की ओर से फ्रांस के साथ रिश्ते मजबूत करने की बातें ऐसे समय हो रही हैं, जब मैक्रों ने भारत से कई अहम समझौते किए हैं। नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच लंबी बातचीत हुई। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य साजोसामान साथ मिलकर महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप जारी किया। टाटा समूह और एयरबस संयुक्त रूप से एच125 हेलीकॉप्टर निर्मित करने पर सहमत हुए। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पेशेवरों को एक-दूसरे के देशों में भेजने की योजना और ग्रेजुएट भारतीय छात्रों के लिए 5 साल की वैधता के साथ शेंगेन वीजा भी मुख्य निर्णयों में शामिल है। दोनों पक्षों ने कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें रक्षा-अंतरिक्ष साझेदारी और उपग्रह प्रक्षेपण भी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर एक अलग समझौता किया गया।

### ब्राजील में विमान दुर्घटना में 7 की मौत

**साओ पाउलो(वार्ता)।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में मिनस गेरैस राज्य के ग्रामीण इलाके इतापेवा में रविवार को एकल इंजन वाले छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने ब्राजील के ग्लोबो न्यूज नेटवर्क को बताया कि जमीन पर गिरने से पहले विमान में हवा में ही विस्फोट हो गया। विमान ने साओ पाउलो के कैंपिनास से उड़ान भरी थी और पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे मध्य हवा में टूट गया और खनन शहर इतापेवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## न्यूज गैलरी

### घूम-घूमकर कर बाइक चोरी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में बाइक चोरी की घटना की अंजाम देने वाले पति-पत्नी दोनों अंतरराज्यीय गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी रायपुर में घूम-घूमकर घटना को अंजाम देते थे। इस दौरान आजाद चौक थाना क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी के संबंध में पुलिस ने स्टॉफलगाकर दोनों आरोपियों को पकड़ा है। उनके कब्जे से चोरी के आठ बाइक और एक ई-रिक्शा जब्त किया गया है। मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है, जहां लगातार वाहन चोरी हो रही थी। इस संबंध में पुलिस स्टाफलगाकर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पति और पत्नी दोनों मिलकर इस घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद मुखबिर के बताए हुलिए को चिन्हांकित कर पकड़ा। इस दौरान दोनों से पूछताछ करने पर गोलमटोल जवाब दिया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। मौके पर नागपुर, महाराष्ट्र अस्थायी पता भनपुरी निवासी आरोपी पति अनमोल और पत्नी गीता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जी से चोरी के आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को जब्त किया है।

### बुजुर्ग महिला के खाते से 70 लाख पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** फर्जी कागजात तैयार कर बुजुर्ग महिला के खाते से 70 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया जस्मिता लकड़ा 68 वर्ष संजय नगर केशरी गली टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी रामकिशन वर्मा एवं पुनीत जोशीर ने फोन कर पुराना बीमा पॉलिसी के आधार पर नया बीमा पॉलिसी मिल जाएगा। वहीं सेवानिवृत्त होने पर सभी पॉलिसी का पैसा समय पर मिल जाएगा। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया से पॉलिसी के बारे में जानकारी प्राप्त कर बिना हस्ताक्षर करवाएं फर्जी कागजात के माध्यम से उसके खाते से 70 लाख रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थिया को इस बात की जानकारी मिली तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रवि भवन के पास से बाइक पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** रवि भवन के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सागर होतवानी 30 वर्ष गली नंबर 2 कटोरातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 7392 को रवि भवन के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर/नवप्रदेश।** संतोषी नगर टिकरापारा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया लक्ष्मी देवांगन 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कौशल देवांगन ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी कौशल देवांगन 46 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी शोभा देवांगन, लक्ष्मी व हेमलता देवांगन ने प्रार्थी से गालीञगलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गंज थाना पुलिस ने गंजपारा शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राजा दीप 22 वर्ष व रवि देवांगन 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी आसुतोष कुमार 26 वर्ष व सुनील मण्डल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी मुकेश चतुर्वेदी 25 वर्ष एवं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी ओम प्रकार महार 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# 18 गांवों को सोलर प्लांट के जरिए मिल रही है बिजली

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के वनग्रामों में सोलर एनर्जी से न केवल बिजली पहुंचायी जा रही है। बल्कि वनग्रामों में रहने वाले किसानों की जीवन को बेहतर बनाने उन्हें सोलर पंप के जरिए सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम द्वारा बार अभ्यारण सेंचुरी के 18 वनग्रामों में 06 किलोवॉट का सोलर पॉवर प्लांट लगाकर इन गांवो में रात के समय जहां विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा किसानों को सिंचाई और पेयजल के लिए अब आसानी से पानी उपलब्ध हो रहा है। क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा बार अभ्यारण क्षेत्र का के गांवों में क्रेडा द्वारा किए जा रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया और सोलर प्लांट से मिलने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्राम रवान में सुमित्रा बताया कि उनके यहां स्थापित सोलर पंप से उन्हें भरपूर सिंचाई सुविधा मिल रही है। पंप लगने के बाद साल में दो बार फसल ले रहे है। इससे उनकी आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने ग्राम रवान के घरों में जाकर सोलर संयंत्र से घरों में चल रहे उपकरणों को भी देखा। जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित हो रहे सोलर पंपों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बार क्षेत्र में निर्माणाधीन सभी कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश क्रेडा के अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम बार में किसानों के यहां बनाए गए बायोगैस संयंत्रों का निरीक्षण किया गया। गृहणी मीना यादव ने बताया कि जब से बायोगैस संयंत्र उनके घर में लगा है तब से उन्हें धुंए से आजादी मिल गई है और स्वच्छ वातावरण में खाना पकाने से उन्हें सुविधा मिल रही है। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों द्वारा यह बताए जाने पर कि सोलर पंप कंपनी द्वारा समय पर सर्विस नहीं दी जा रही है। श्री राणा ने क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि सोलर संयंत्र या सोलर पंप में खराबी का सुधार कार्य नहीं करने वाली कंपनियों की सुरक्षा निधि से राशि कटौती कर उन संयंत्रों को तत्काल दुरूस्त किये जाए। इसी प्रकार खराब सोलर हाई मास्ट संयंत्र के 03 लाईट को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए।

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश हित से जुड़े विषयों पर जानकारी साझा की।

# आरक्षक और उनके परिजनों से की उप मुख्यमंत्री ने मुलाकात

**रायपुर/नवप्रदेश।** उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा आरक्षक नरेश मरकाम एवं उनके परिजनों से मिलने उनके निवास पुलिस हाउसिंग कॉलोनी अमलीडीह रायपुर पहुंचे। वहां उन्होंने उनके परिवारजनों के साथ मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा एवं उनके साथ चाय भी पी। आरक्षक परिवार अपने घर में गृहमंत्री को देखकर गदगद हो गये। आरक्षक नरेश ने बताया कि आज वीआईपी सुरक्षा के लिए उनकी ड्यूटी लगायी गई थी। अचानक उन्हें कन्ट्रोल रूम से जानकारी मिली कि गृह मंत्री उनके निवास आने वाले हैं। पूरी कॉलोनी में खुशी का माहौल बन गया। गृह मंत्री शॉल, श्रीफल, मिठाई और फल लेकर पहुंचे और उनके परिजनों को भेंट की। आरक्षक नरेश मोहला-मानपुर जिले के ढुढिटोला गांव के निवासी है तथा वर्तमान में पुरानी बस्ती थाना में दो साल से पदस्थ हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं इस कॉलोनी में एक आरक्षक परिवार से मिलने आया था पर, यहां मेरी बहुत से पुलिस परिवारों से भेंट-मुलाकात हुई। मुझे यहां पुलिस परिवारों से मिलकर अपनेपन का एहसास हो रहा है। आज मैं यहां पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से मिलने आया हूं, उसकी समस्याओं को जानने आया हूं, जो हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं, उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं है, ये जानने आया हूं। समाज में व्याप्त नशा एवं शराब जैसे बुराईयों को समाप्त करना है। पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों ने गृह मंत्री का स्वागत कर उन्हें समस्याएं भी बतायी। रहवासियों ने स्ट्रीट लाईट एवं खेलकूद के मैदान की उचित व्यवस्था कराने, कैन्टीन का नियमित संचालन एवं अन्य भत्ते की आवश्यकता के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि अमलीडीह कॉलोनी से 100 से अधिक बच्चे केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने जाते हैं। बच्चों के लिए शासकीय बस की व्यवस्था की जाए। लगभग 1000 परिवार वहां निवासरत् है। सभी परिवार को मेंटेनेंस के नाम से एक हजार रूपए प्रतिमाह देना पड़ता है। इस संबंध में भी शासन की तरफ से समुचित व्यवस्था की मांग की गई। गृहमंत्री ने कहा कि आप सबके बीच मुझे यहां ऐसे लग रहा है कि जैसे कि मैं अपने घर आया हूं। मेरा एक ही बेटा है कभी मैं उसे लेकर आउंगा यहां इतने सारे बच्चें है सबके साथ वह भी खेलेगा।

## परिचय सम्मेलन में पहुंचे डिप्टी सीएम शर्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा झेरिया यादव समाज द्वारा राजधानी रायपुर के महादेवघाट में आयोजित सामाजिक और युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य स्तर के विभिन्न जिलों से आए हुए यादव समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने परिचय सम्मेलन में शामिल होने आये युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह समाज की अच्छी पहल है, जिससे एक ही मंच पर विवाह योग्य युवक-युवतियां आपस में मिल जाते है, इससे वर-वधु ढूढंने में समय और धन की बचत होती है। उन्होंने आठ नवविवाहित जोड़ों को बधाई देकर उनके खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यादव समाज भारत के विकास में अपनी बराबर की भागीदारी दे रहा है व भारत के स्वाभिमान, मान-सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याणकारी कार्यो को पूरा करने तथा मोदी की गारंटी एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने प्रतिबद्ध है। उन्होंने समाज द्वारा निर्मित सामाजिक भवन का अवलोकन भी किया, जिसमें 14 कक्ष बनाया गया है। समाज के अध्यक्ष श्री जगनिक यादव ने बताया कि सामाजिक भवन में रायपुर के अलावा अन्य जगह से आने वाले बच्चों के रहने की उचित व्यवस्था की गई है।

## हॉस्टल अधीक्षक के पदों पर भर्ती, दस्तावेज सत्यापन 1 फरवरी को

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को 01 फरवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट https://cgiti.cgstate.gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 1 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## धर्मांतरण को गरमाई सियासत, कांग्रेस ने कहा-श्वेत पत्र जारी करे सरकार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में मतांतरण और चर्च की संख्या को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है। दोनों ही पार्टी के नेता इस मुद्दें को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। मतांतरण को लेकर दिए गए सीएम विष्णुदेव साय के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सीएम साय को चुनौती देते हुए कहा कि साय सरकार को श्वेतपत्र जारी करना चाहिए। दरअसल, रविवार को राजधानी रायपुर में हुए एक कालेज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने कहा था कि था कि एजुकेशन और हेल्थ सेक्टर में मिशनरियों का बोल बाला है। इसका दुष्प्रभाव यह हो रहा है कि इसकी आड़ में लोग मतातंरण ज्यादा करते हैं। सीएम के इस बयान पर पलटवार करते हुए दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चुनौती देती है वह धर्मांतरण को लेकर विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर श्वेत पत्र जारी करे। भारतीय जनता पार्टी की रमन सरकार में कितने चर्च बने थे और कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान कितने चर्च बने थे, यह स्पष्ट हो जाएगी। भाजपा जब-जब प्रदेश में सरकार रहती है वे स्वयं धर्मांतरण को बढ़ावा देती है ताकि इस मुद्दे पर बयानबाजी करके मतों का ध्रुवीकरण कर सके। भारतीय जनता पार्टी को हिन्दुत्व से, सनातन से कोई मतलब नहीं है। वो अपनी राजनीति करने के उद्देश्य से इस प्रकार की चीजों को प्रचारित प्रसारित करती है।

## मेहर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रविवार 28 जनवरी को महादेव घाट के छत्तीसगढ़ मेहर समाज के केन्द्रीय भवन में शपथ दिलाई गई। समाज के पदाधिकारियों का त्रिवार्षिक चुनाव 21 जनवरी को हुआ था। इसमें प्रदेश अध्यक्ष खेसराज बाकरे, महासचिव राकेश मेहर, कोषाध्यक्ष रामाधार लहरी(लोकगायक), प्रदेश महिला संगठन अध्यक्ष कुलेश्वरी बघेल, सचिव सविता तुरकाने, कोषाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी मिर्झा, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष हितेश मंडाई, सचिव हितेन्द्र राजू बघेल, कोषाध्यक्ष धनेश्वर पठारी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रदेशअध्यक्ष खिलावन बघेल, परदेशी राम लहरी पूर्वप्रदेश महासचिव, नरेश लदेर जिला अध्यक्ष रायपुर, तुलसी दौडिया पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष चुनाव अधिकारी, सुरेश दांडेकर, सुभाष दक्षिणे रामशरण मारकंडे, जल्लू राम जलसेज, गणेश शिवारे, कन्हैया लहरे, मेघनाथ तुरकाने, रामरतन दांडेकर, तीजराम लहरी, मनहरना विजयवार, और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## स्कूली पाठ्यक्रम में शमिल होंगे योग और प्राणायाम

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने यह घोषणा राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए की।

राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके पालकों और उपस्थित शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने की जिम्मेदारी परिजनों से ज्यादा शिक्षकों पर होती है क्योंकि एक उम्र के बाद उनका ज्यादा वक्त स्कूल में गुजरता है। यह समझना चाहिए कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं और शिक्षक कुम्हार की तरह, जो बच्चों को एक रूप व आकार देते हैं जिससे उनके बेहतर चरित्र का निर्माण हो सके। इसीलिए सनातन धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। इसके लिए हम हमेशा नए योजनाओं के साथ कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से राष्ट्र-प्रेम की भावना प्रबल हो तथा अपनी संस्कृति और श्रेष्ठ परंपराओं के प्रति आकर्षण बढ़े ऐसा हमारा प्रयास है।

# निगम के बकायादारों से डोर टू डोर होगी टैक्स की वसूली

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम के बकायादारों से टैक्स की वसूली के लिए निगम आयुक्त ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया है। राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आयुक्त अविनाश मिश्रा ने कहा कि पुराने बकायादारों की सूची हमेशा अपने साथ रखें और टैक्स वसूली के लिए सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने ऐसे आवासीय भवनों, जहां व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है, उन पर व्यावसायिक परिसरों के मापदंड के अनुरूप टैक्स वसूलने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल सहित सभी जोन कमिश्नर, उपायुक्त, राजस्व अधिकारी व राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे। नगर निगम मुख्यालय गांधी सदन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने जोनवार राजस्व आय की समीक्षा की। उन्होंने डोर-टू-डोर राजस्व वसूली के लिए जाने वाले अमले को कहा है कि भू-स्वामियों को यह अवश्य बताएं कि कर भुगतान की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा अत्यधिक सरल कर दी गई है और उनके घरों पर लगाए डिजिटल डोर नंबर, मोबाइल के प्ले स्टोर में उपलब्ध मोर रायपुर एप्प के जरिए घर बैठे टैक्स अदा कर सकते है।

इसके अलावा नज़दीकी च्वाइस सेंटर, जोन कार्यालय व नगर निगम मुख्यालय आकर भी टैक्स भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने कर संकलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिए है।

# अंबिकापुर में बनने जा रहा प्रदेश का तीसरा एयरोड्रम

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश में इस वक्त दो जिलों में हवाई सेवाएं संचालित हैं। प्रदेश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट रायपुर में स्थित हैं तो वही से दो उड़ाने न्यायधानी बिलासपुर के चकरभाठा स्थित बिलासा बाई केंवट हवाई पट्टी से संचालित हो रही हैं।

इन दोनों के बाद अब हवाई सेवा में तीसरा नाम अंबिकापुर जिले का जुड़ने वाला है। इसकी जानकारी खुद देश के सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी हैं। उन्होंने प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को खत लिखते हुए जानकारी दी हैं। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा हैं 'अंबिकापुर हवाई अड्डे का स्वामित्व छत्तीसगढ़ सरकार के पास है। उड़ान योजना के पहले दौर के अंतर्गत अंबिकापुर हवाई अड्डे को आरसीए उड़ानों के प्रचलन हेतु विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया था। हवाई अड्डे का 3ष्ट-ड्क्स्त्रकके रूप में विकास कार्य पूरा हो गया है और लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। उड़ान 4.2 के तहत अंबिकापुर-बिलासपुर-अंबिकापुर और अंबिकापुर-रायपुर-अंबिकापुर मार्ग को फ्लाई बिग एयरलाइन को अवार्ड कर दिया गया है। लाइसेंस प्राप्त होने के बाद एयरलाइन अंबिकापुर से उड़ने प्रचलित कर सकती हैं। अंबिकापुर वाराणसी अंबिकापुर मार्ग उड़ान योजना के तहत अवार्ड नहीं किया गया है।

उड़ान के आगामी दौर में यदि इस मार्ग के लिए कोई बोली प्राप्त होती है तो उसे परियोजना के मापदंडों के तहत विचार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा हैं 'मैं आपको इस सहायता सेअवगत कराना चाहूंगा कि मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम को समाप्त कर दिए जाने के साथ ही भारतीय घरेलू विमान को पूरी तरह से नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है और लाइन ने अपनी प्रचलन और वाणिज्यिक व्यवहार्ता के आधार पर देश के किसी भी हवाई अड्डे के लिए हवाई सेवाएं प्रचलित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

## संपादकीय

# पाला बदलते ही विपक्ष के निशाने पर आए नीतीश कुमार

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तीसरी बार भाजपा के साथ हाथ मिलाते ही विपक्षी नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। नीतीश कुमार के पलटी मारने से बिहार के महागठबंधन का बंटाधार हो गया है। वहीं आईएनडीआईए में भी खलबली मच गई है। नीतीश कुमार के एक बार फिर से एनडीए का हिस्सा बनने के कारण सबसे बड़ा झटका राष्ट्रीय जनता दल को लगा है। क्योंकि लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव का बिहार का मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर हो गया है। लालू एंड सन्स नीतीश कुमार को राष्ट्रीय राजनीति में ढकेलने का प्रयास करते रहे हैं ताकि तेजस्वी यादव की ताजपोशी की जा सके किन्तु नीतीश कुमार ने एन लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा के साथ हाथ मिलाकर लालू यादव और उनके दोनों लालों की उम्मीदों पर पानी फेर कर रख दिया है। यही वजह है कि नीतीश कुमार के खिलाफ सबसे तीखा बयान बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दिया है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार एक फटे हुए नेता हैं और बहुत जल्द जदयू समाप्त हो जाएगी तेजस्वी यादव ने बड़ा बोल बोलते हुए कहा है कि पिछले 18 महीनों से राजद ही सरकार चल रही थी। हम ही हैं जो नीतीश कुमार से काम करा रहे थे और हमारे कारण ही बिहार में पिछले डेढ़ साल के दौरान इतना ज्यादा काम हुआ है कि उतना काम देश में नहीं हुआ है। तेजस्वी यादव के इस बयान में ही नीतीश कुमार के पाला बदलने का राज छुपा हुआ है। नीतीश कुमार लालू के इन दो लालों से बेहद परेशान चल रहे थे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मंत्री तेज प्रताप यादव दोनों ही खुलकर अपनी मनमानी कर रहे थे और नीतीश कुमार उनके सामने बेबस होकर रह गए थे। वैसे तो नीतीश कुमार आईएनडीआईए में अपनी उपेक्षा से भी बुरी तरह असंतुष्ट थे। क्योंकि जिस गठबंधन को बनाने में उन्होंने भागीरथ प्रयास किया था। उसने उन्हें ना तो संयोजक पद दिया और न ही विपक्ष की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाया गया। नीतीश कुमार को इस बात की पीड़ा जरूर थी। लेकिन लालू के दोनों लालों के कारण ही उन्होंने उनका साथ छोड़ा है। दरअसल बिहार का मुख्यमंत्री बनने के लिए तेजस्वी यादव ने जदयू में ही तोड़फोड की कवायद शुरू कर दी थी ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार के लिए अपनी पार्टी का अस्तित्व बनाए रखने के लिए यह जरूरी हो गया था कि वे अपनी राह अलग कर लें। बहरहाल नीतीश कुमार के आईएनडीआईए से अलग होने के कारण अब इस नए गठबंधन में भी दरार पड़ने का खतरा मंडराने लगा है। यही वजह है कि इस गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता अब नीतीश कुमार पर निशाना साध रहे हैं और उन्हें गिरगिट बता रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि रंग बदले में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने नीतीश कुमार को विश्वासघाती करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा घबराए हुए हैं इसलिए वे न्याय यात्रा से ध्यान हटाने के लिए इस तरह का राजनीतिक ड्रामा कर रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने भी इसी तरह की प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि अब जनता सोच समझकर वोट देगी ये वही विपक्षी नेता हैं जिन्होंने डेढ़ साल पहले नीतीश कुमार के भाजपा का साथ छोड़कर बिहार के महागठबंधन में आने का स्वागत किया था और उनके पलटी मारने पर दिल खोलकर खुशी जाहिर की थी। जबकि उस समय भाजपा और जदयू ने गठजोड़कर विधानसभा चुनाव लड़ा था और बहुमत हासिल किया था भाजपा ने बड़ा दिल दिखाते हुए तीसरे नंबर की पार्टी जदयू के नेता नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। बाद में उन्होंने भाजपा का साथ छोड़कर जनादेश का अपमान किया था अब नीतीश कुमार ने अपनी गलती सुधार ली है तो इन्हें तकलीफ हो रही है और उनके खिलाफ बयान देकर ये अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

## मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय भारत सरकार

सुश्री नीतू प्रसाद

समुद्री शैवाल पौधों को अवांछनीय, अनाकर्षक या परेशानी देने वाला माना जाता है, विशेष रूप से वे पौधे जो वहां उग जाते हैं जहां उनकी आवश्यकता नहीं होती है और अक्सर बढ़ते जाते हैं या तेजी से फैलते हैं या वांछित पौधों का स्थान ले लेते हैं । तो, जब आप समुद्री शैवाल शब्द सुनते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है? हममें से अधिकांश के लिए वह समुद्री जलकुंभी का प्रकार है जो भारतीय तालाबों को अवरुद्ध कर नौवहन के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं । समुद्री शैवाल की अद्भुत आर्थिक क्षमता के बारे में बहुत कम जानकारी है ।समुद्री शैवाल समुद्र के एक अद्भुत पौधे के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त कर रहा है ।

प्रजनन और खाद्य के रूप में यह समुद्री जैव विविधता के लिए सहायक होता है । यह कार्बन को एबसोर्ब करता है, समुद्र को अम्लीकृत होने से बचाता है और उन अतिरिक्त पोषक तत्वों को सोख लेता है जो हानिकारक एल्गे के पनपने का कारण बनते हैं । यह तटीय समुदायों के लिए एक संसाधन भी हो सकता है, जो उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारण उतार-चढ़ाव से प्रभावित होने वाले मात्स्यिकी बाजारों की तुलना में अधिक स्थिर आय प्रदान कर सकता है । ऐसा अनुमान है कि एक टन समुद्री शैवाल 120 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), दो किलोग्राम नाइट्रोजन, (एन) और ढाई किलोग्राम फॉस्फोरस (पी) को एब्सोर्ब कर सकता है । इसके अलावा, इसके लिए व्यावहारिक रूप से ताजे पानी की कोई आवश्यकता नहीं होती है । इस प्रकार, यह नीली अर्थव्यवस्था और हरित कृषि पद्धतियों के लिए बहुत बड़ा गुणक हो सकता है। अपने मूल गुणों के कारण, समुद्री शैवाल को भोजन, दवाओं, उर्वरकों, सौंदर्य प्रसाधनों, बायोमटेरियल्स आदि में एक प्राकृतिक घटक के रूप में महत्व दिया जाता है और वर्तमान इसका वैश्विक बाजार 17 बिलियन डॉलर का है ।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:-** आरंभिक लिखित अभिलेखों के अनुसार समुद्री शैवाल का सेवन सबसे पहले जापान में कम से कम 1500 वर्ष पहले किया गया था । मध्य युग तक, केवल जंगली समुद्री शैवाल ही थे अतः खाद्य स्रोत के रूप में इसकी भूमिका सीमित थी । टोकुगावा युग (1600-1800 ईस्वी) के दौरान, समुद्री शैवाल की खेती का जन्म तब हुआ जब मछुआरों ने एक अपतटीय बाड़ का निर्माण किया और राजा को प्रतिदिन ताजी मछली की आपूर्ति करने के लिए एक मत्स्य फार्म शुरू किया । उन्होंने यह भी पाया कि समुद्री शैवाल इस बाड़ पर उग जाते थे । भारत में, समुद्री शैवाल की खेती केन्द्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसएमसीआरआई) के तत्वावधान में शुरू हुई और 1980 के दशक के दौरान फिलीपींस से भारत में प्रायोगिक उद्देश्यों के लिए कप्पाफाइकस अल्वारेज़िल को लाया गया । इस समुद्री शैवाल को प्रायोगिक खेतों से व्यावसायिक खेतों तक पहुँचने में अधिक समय नहीं लगा। सीएसएमसीआरआई की मदद से, पेप्सी कंपनी ने 2000 की शुरुआत में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में समुद्री शैवाल की व्यावसायिक खेती शुरू की ।

कप्पाफाइकस अल्वारेज़िल, कैरेजेनन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में किया जाता है, जैसे डेयरी उत्पादों में एक स्टेबिलाईज़िंग एजेंट के रूप में तथा इस जेल्ली जैसे पदार्थ का उपयोग औद्योगिक उत्पाद जैसे चॉकलेट, आइसक्रीम, पैकेज्ड फूड, टूथपेस्ट और यहां तक कि दवाओं में भी किया जाता है । इसने तमिलनाडु के स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार का एक नया अवसर दिया । 2008 में, पेप्सी कंपनी ने यह व्यवसाय समाप्त कर दिया । पेप्सी के एक पूर्व कर्मचारी, श्री अभिराम सेठ ने इस व्यवसाय को ले लिया और एक्वाग्री नामक कंपनी की स्थापना की । तब से, कई समुद्री शैवाल कंपनियों और स्टार्टअपस्स ने समुद्री शैवाल के व्यावसायिक उपयोग को एक्सप्लोर किया है । प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा वर्ष 2020 में शुरू की गई थी, जो न केवल मात्स्यिकी क्षेत्र में इनफ्रास्ट्रक्चर और वैल्यू चेन को मजबूत करने के लिए है, बल्कि भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र में नई नई गतिविधियों की आधारशिला भी बन गया है। पीएमएमएसवाई की परिकल्पना है कि आर्टिफिशियल रीफ्स और सी रेंचिंग के साथ साथ सी वीड एक टिकाऊ, जलवायु अनुकूल और लाभदायक मॉडल प्रदान करेगा जो न केवल मछुआरों की आय में सुधार करने में मदद करेगा, तटीय महिलाओं को आजीविका प्रदान करेगा बल्कि यह हमारे फिश स्टॉक्स को ससटेनेबल रूप से मेनेज करने का एक उत्तम तरीका भी होगा। भारत 8000 किमी से अधिक लंबी तटरेखा से संपन्न है और तमिलनाडु, गुजरात, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, ओडिशा और महाराष्ट्र में प्राकृतिक रूप से समुद्री शैवाल की विभिन्न प्रजातियाँ उगती है। मुंबई, रत्नागिरी, गोवा, कारवार, उरकला, विजिञ्जम, पुलिकट, रामेश्वरम और ओडिशा में चिल्का के आसपास समृद्ध समुद्री शैवाल के क्षेत्र पाए जाते हैं ।

## परीक्षा का तनाव कम करना : छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन

धर्मेन्द्र प्रधान

*छात्रों को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और सम?पूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बनाकर रखना है।*

*आज, परीक्षा में 'प्रदर्शन' छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस तरह के अव?खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता व प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते। परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार- को मिलकर और एकजुटता से काम करना चाहिए ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके।*

परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स?वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केन्द्रित करता है। छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। कभी-कभी, थकान के कारण उनकी ऊर्जा ख़त्म हो जाती है और इसका असर उनके स्वास्थ्य और खुशहाली पर पड़ता है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए, मानसिक स?वास?थ?य पर ध?यान देना अत्यावश्यक है। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ाएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनाएं, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासिल करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष?य बनाएं। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है। परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगाः



**छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्यः** शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स?फूर्ति को बनाए रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी।

**संतुलित आहार और पोषणः** कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन ईंधन का काम करता है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को पोषण देता है। हम जो भोजन खाते हैं उसकी गुणवत्ता हमारे सम?पूर्ण व मानसिक स्वास्थ्य का सार्थकता से निर्धारण करती है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्यकर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक ख़राब कर सकती है।

**अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींदः** परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स?मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बनाकर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। अच्छी नींद भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक न्यूनतम शर्त है।

**सहायक और उत्साहवर्धक वातावरणः** हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च संस्थागत प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। हमें परीक्षा के दबाव केह्य बारे में खुले संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए और मनोवैज्ञानिक रूप से उलझे बिना इससे प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए।

**व्यायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यासः** परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ध्यान एक महत्वपूर्ण दिनचर्या हो सकती है। छात्रों को ध्यान, गहरी सांस लेना या योग जैसी तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए जो मन को शांत करने, एकाग्रता में सुधार लाने और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने और मानसिक कल्याण को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**समय प्रबंधनः** छात्रों को अंतिम समय सीमा के दौरान पढ़ाई का समय प्रबंधित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर अत्यधिक निर्भरता के कारण छात्रों का स्क्रीन टाइम कैसे बढ़ गया है। हम समझते हैं कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक आवश्यकता बन गया है। लेकिन, हमारे छात्रों को संतुलन बनाने की जरूरत है। शायद परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ गुणवत्तापूर्ण समय खाली रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स आवश्यक होगा।

**निष्कर्षतः** परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना उनकी सम?पूर्ण सफलता का अभिन्न अंग है। छात्रों के स?वास?थ?य का ध्यान रखने से उनके शिक्षा संबंधी प्रदर्शन में सुधार आता है। यह उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1790 में 30 जनवरी के दिन ही लाइफबोट के तौर पर निर्मित पहली नाव का टायन नदी में परीक्षण हुआ था। 1911 में आज ही के दिन 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया था। 1913 में 30 जनवरी के दिन ही 'हाउस आफलॉर्ड्स' ने आइरिश होम रूल बिल को खारिज कर दिया था। 1933 में आज ही के दिन एडॉल्फ़ हिटलर ने आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान संभाली थी। 1948 में 30 जनवरी के दिन ही नाथूराम गोडसे ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी। 1949 में आज ही के दिन रात्रि एयर मेल सेवा की शुरुआत हुई थी। 1964 में 30 जनवरी के दिन ही दक्षिण वियतनाम में सेना ने सत्ता पर कब्ज़ा किया था। 1971 में आज ही के दिन इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण हुआ था। 1972 में 30 जनवरी के दिन ही पाकिस्तान ने 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया था।

## QUIZ TIME

1) वर्ष 2024 गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन है?

2) राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?

3) भारतीय डाक द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की शुरूआत कब की गई?

4) अम्लीय मृदा को सुधारने के लिए किसका प्रयोग में लाते हैं?

5) हाल ही में किस भूतपूर्व बिहार के मुख्यमंत्री को भारतरत्न पुरस्कार देने का घोषणा किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं (2) 25 जनवरी (3) 2018 (4) चूना (5) कर्पूरी ठाकुर

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -318

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:18, सूर्यास्त : 06:02, चन्द्रोदय : 21:05, चन्द्रास्त : 09:17, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पंचमी, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : बव (19:31 तक), द्वितीय करण : बालव (पूर्ण रात्रि)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : मकर, चंद्र : कन्या (25:44 से), मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:51, अमृत काल : 11:44 से 13:32, विजय मुहूर्त : 14:17 से 15:00, गोधूलि मुहूर्त : 17:48 से 18:15, सायाह्न सन्ध्या : 17:51 से 19:10, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:56, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:10 से 12:30, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : उत्तर (18:57 से), अग्निवास : पाताल, चन्द्रवास : पूर्व (दक्षिण 25:44 से), शिववास : कैलाश पर।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज के दिन आपकी तार्किक शक्ति प्रखर रहेगी सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि भी बुद्धिमानो जैसी बनेगी।

**वृषः** आज भी आपका विपरीत स्वभाव दिनचार्य खराब बनाएगा गलती करने पर स्वीकार नही करेंगे उल्टे समझाने वालो को भी नैतिक आचरण का पाठ सिखाएंगे।

**मिथुनः** आज के दिन आपको धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे लेकिन बुद्धि भ्रम के कारण इनमे से कुछएक ही हाथ लग पाएंगे।

**कर्कः** आज के दिन कार्य क्षेत्र पर आशानुकूल वातावरण ना मिलने से मन मे बेचैनी रहेगी। धन लाभ के लिये किसी की चापलूसी करनी पड़ेगी फिर भी आशानुकूल नही होगा।

**सिंहः** आज का दिन आपके अनुकूल तो रहेगा लेकिन आज निर्णय लेने में कोई चूक होगी जिससे बाद में पछताना पड़ेगा।

**कन्याः** आज भी परिस्थितियां भ्रम में डालने वाली बन रही है विशेष कर प्रलोभन से दूर रहें अन्यथा परिणाम हानिकर ही होंगे।

**तुलाः** आज के दिन कुछ आकस्मिक घटनाएं आपको आश्चय में डालेंगी निश्चिन्त रहें आपके लिये लाभदायक ही रहेंगी और इनका प्रभाव निकट भविष्य में भी देखने को मिलेगा।

**वृश्चिकः** आज भी दिन अनुकूल बना रहेगा बुद्धि के प्रयोग से कार्यो में सहज विजय पाएंगे अन्य लोगो के लिए भी आप मार्गदर्शक का कार्य करेंगे।

**धनुः** आज के दिन आपको घरेलू कार्यो के अकस्मात आने से दिनचार्य में फेर बदल करना पड़ेगा।

**मकरः** आज का दिन बीते दिन की अपेक्षा थोड़ा बेहतर रहेगा। सेहत में सुधार अनुभव करेंगे फिर भी ज्यादा मानसिक अथवा शारीरिक बोझ ना डालें।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिये विशेष रहेगा आज किसी बहुप्रतीक्षित योजना के कारण मध्यान तक व्यस्त रहेंगे।

**मीनः** आज का दिन भी उठापटक वाला रहेगा। किसी पुराने विवाद अथवा अन्य व्यावसायिक कारणों से मध्यान तक दौड़धूप करनी पड़ेगी।

■ न्यूज गैलरी

## कुर्मी समाज का सम्मेलन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कुर्मी समाज के एकदिवसीय संभागीय सम्मेलन में पहुंचे बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और पूर्व संसदीय सचिव विधायक महासमुंद विनोद सेवालाल चंद्राकर। साथ ही सैकड़ो की संख्या में संभाग से शामिल होने पहुंचे समाज के पदाधिकारी। कुर्मी समाज द्वारा प्रति वर्ष सामाजिक सम्मेलन करते आ रही है इसी कड़ी में समाज द्वारा एक बार फिर भव्य रूप से वार्षिक सम्मेलन कर सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। इस दौरान संभागीय सचिव सूर्यप्रकाश कश्यप ने बताया कि कुर्मी समाज द्वारा हर वर्ष संभागीय सम्मेलन आयोजित की जाती रही है इसी तरह एक बार फिर कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान व सपथ ग्रहण आयोजन किया गया जिसमें समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित नवनियुक्त पदाधिकारीयों का सपथ ग्रहण किया जाना है। इसके साथ सचिव सूर्यप्रकाश कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन करने से समाज को और किस तरह से आगे बढ़ाया जाए व बच्चों और महिलाओं को आगे लाकर उनके प्रतिभाओ कैसे बढ़ावा दिया जाए इसपर चर्चायें की जाती रही है।

## कोनी पुलिस ने दो नाबालिकों को किया परिवार के सुपुर्द

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश में गुम हुए बालक बालिकाओं की बरामदगी हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है जिसको मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के द्वारा जिले में गुम हुए बालक बालिकाओं की सकुशल बरामदगी करने निर्देशित किया गया है। थाना कोनी के गुम बालक बालिका की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया। 25 अप्रैल 2019 को नाबालिक लड़की के चाचा द्वारा बालिका के गुम होने के संबंध में थाना कोनी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी तथा परिजनों द्वारा अपहरण की आशंका व्यक्त करने पर अपराध दर्ज किया गया था जिसे लगातार पता तलाश की जा रही थी परंतु गुम बालिका का कोई भी पता ठिकाना नहीं चल रहा था थाना कोनी पुलिस को इंस्टाग्राम के माध्यम से गुम बालिका के बारे में पता चला जिसे दिल्ली से शकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजन 4 साल बाद गुम बालिका को अपने पास पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। गुम बालिका के पिता द्वारा गुम बालिका के संबंध में थाना कोनी भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया इसके बारे में साइबर सेल के माध्यम से लोकेशन प्राप्त कर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से कोनी पुलिस टीम के द्वारा उक्त गुम बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया गुम बालिका को अपने बीच पाकर परिजन कोनी पुलिस को साधुवाद दिया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल सतपथी संतोष पात्रे, प्रधान आरक्षक रामवतार सिंह, आरक्षक महादेव कुजूर, महिला आरक्षक उत्तरी भारती, शारदा कतलम का सराहनीय योगदान रहा।

## पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का विस्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन 03253/ 03256 पटना-सिकंदराबाद-पटना के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन 29 अप्रैल, तक विस्तार किया गया है। यह गाड़ी पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दिनांक 29 अप्रैल, तक विस्तार किया गया तथा सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना समर स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ दिनांक 02 फरवरी, तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दिनांक 26 अप्रैल, तक विस्तार किया गया है । इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 03 सामान्य, 12 स्लीपर, 04 एसी थ्री, 02 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 23 कोच रहेगी । यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है एवं केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी।

## पीएमश्री विद्यालयों में योग शिक्षकों की भर्ती के लिए मंगाए गए आवेदन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री विद्यालयों में योग शिक्षक, खेल शिक्षक एवं प्रशिक्षकों की अंशकालीन नियुक्ति के लिए 9 फरवरी तक आवेदन मंगाये गये हैं। इच्छुक आवेदक को जिला पंचायत के दूसरे तल में संचालित जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा में उक्त तिथि तक आवेदन करना होगा। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के जरिए स्वीकार किये जायेगे। आवेदन प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार नहीं किये जाएंगे। मिशन समन्वयक ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शिक्षा डिग्री अथवा शारीरिक शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक डिग्री अनिवार्य की गई है। गौरतलब है कि जिले में केन्द्र सरकार की पीएमश्री योजना के अंतर्गत 8 विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों से किया संवाद, स्कूली छात्रों ने बताया कार्यक्रम को बेहद उपयोगी

# परीक्षा में सफलता के लिए निरंतर लगे रहें

### पीएम ने परीक्षा पे चर्चा में बच्चों को दिए टिप्स

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के सातवे संस्करण में बोर्ड परीक्षा के छात्रों से बातचीत की। उन्होंने तनाव व समय प्रबंधन के साथ परीक्षा के समय अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका पर महत्वपूर्ण बातें कही। लखीराम ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। जिसमें कलेक्टर अवनीश शरण ने सैकड़ो स्कूली छात्रों के साथ कार्यक्रम में शिरकत की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

भारत शासन के वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के सातवें संस्करण का आयोजन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम किया गया, जिसका सीधा प्रसारण पूरे भारतवर्ष में किया गया जिसमें प्रसारण के साथ अन्य रोचक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन शहर के लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ो स्कूली छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे की गई सार्थक चर्चा और संवाद को सुना। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन व रेडियो के माध्यम से प्रसारण किया गया जिसे स्कूली छात्रों, शिक्षको व अभिभावकों ने ध्यानपूर्वक सुना।

स्कूली छात्रों मुस्कान सिंह, अनंत शुक्ला और नित्या शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम से उन्हे परीक्षा के दौरान न घबराने व तनाव प्रबंधन की सीख मिली। उन्होंने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताया। ऑडिटोरियम में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में आत्मानंद तिलक नगर, लाला लाजपत राय, मोहन्ती, देवकीनंदन, सरस्वती स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुई। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि परीक्षा के लिए एक दिन की तैयारी काफी नही है बल्कि लगातार प्रयास कि आवश्यकता है। परीक्षा के समय किसी भी तरह का तनाव न लें और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि बच्चें लिखने का लगातार अभ्यास करें। शब्दों को समझें और परीक्षा हॉल में समय से पूर्व पहुंच कर ध्यान केन्द्रित करें।

श्री मोदी ने देश भर के अलग-अलग क्षेत्रों के स्कूली छात्रों अभिभावकों व शिक्षकों के परीक्षा के समय आने वाली चुनौतियों से जुड़े प्रश्नों के जवाब दिए। परीक्षा के दौरान संतुलित आहार, नींद और व्यायाम का महत्व समझाते हुए उन्होंने इन सभी के बीच संतुलन की बात कही। तकनीक के दुष्प्रभाव से जुड़े एक अभिभावक के प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग विवेकपूर्वक होना चाहिए। परिवार को इसके लिए कुछ नियम बनाने चाहिए। परिवारों को नो गैजेड जोन और स्क्रीन टाईम मॉनिटर एप के महत्व के बारे में बच्चों को बताना चाहिए। तकनीक बोझ नही है लेकिन इसका सही उपयोग और इसके सकारात्मक पहलुओं पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने शिक्षको की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और बच्चों को अधिक से अधिक प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक.दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ आती रहेंगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाखों चुनौतियाँ हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। असफलताओं से निराशा नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रसारण के बाद शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आर. पी. आदित्य और सहायक संचालक प्रशांत राय ने भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे की गई सार्थक चर्चा को आत्मसात करने कहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आर. पी. आदित्य, सहायक संचालक प्रशांत राय, जिला शिक्षा अधिकारी टी. आर. साहू, समग्र शिक्षा के डीपीओ अनिल तिवारी, रामेश्वर जायसवाल, वासुदेव पाण्डेय,

## कुर्सी संभालने के दूसरे ही दिन ननि कमिश्नर काम देखने निकले, कहा- मिशन मोड में हो काम

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही नवपदस्थ कमिश्नर अमित कुमार सुबह सात बजे निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जारी निर्माणाधीन कार्यों को देखने पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम कमिश्नर अमित कुमार सुबह सात बजे सबसे पहले सिम्स पहुंचे,जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सिम्स परिसर में निगम द्वारा सीवर लाइन के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन करते हुए निगम कमिश्नर श्री कुमार ने गुणवत्ता का ध्यान रखने और पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश, इसके अलावा मुख्य द्वार के पास पाथवे बनाया जाना है, जहां पर अनुपयोगी बिजली के पोल को हटाने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा सिम्स में ओपीडी काउंटर में टोकन मशीन और डिस्पले लगाया गया है उसका भी निगम कमिश्नर ने अवलोकन किया। सिम्स में मरीजों के परिजनों के लिए किचन शेड का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाना है जिसकी एजेंसी निगम है उसके योजना की जानकारी भी निगम कमिश्नर ने लिया।

### फरवरी तक तीन प्रोजेक्ट को पूरा करने अल्टीमेटम

निरीक्षण के दौरान अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन कार्य को देखने पहुंचे एमडी श्री कुमार ने कहा की अरपा नदी को प्रदूषण से बचाने और शहर को सौगात के रूप में एक बेहतर रिवर फ्रंट देने के इस काम को विशिष्ट प्राथमिकता में रखकर काम करें, इस प्रोजेक्ट को मिशन मोड में करते हुए जल्द पूरा करें। इसी तरह स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्य प्रोजेक्ट गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बन रहे पिंक स्टेडियम,मल्टीपरपज स्कूल में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और मिनी स्टेडियम और कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग के काम को फरवरी माह के अंत तक पूरा करने अल्टीमेटम एमडी अमित कुमार ने अधिकारियों और ठेकेदार को दिए।

## डायल 112 के जवानों ने फांसी पर झूल रहे युवक की बचाई जान

**बिलासपुर।** कमांड एंड कंट्रोल सेंटर रायपुर से रात्रि 3.00 में सूचना मिला था कि मन्नाडोल तिफरा थाना सिरगिट्टी में एक आदमी अपनी पत्नी से विवाद कर घर के सामने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के लिए झूल गया था। सूचना मिलने पर तत्काल सिरगिट्टी ईगल वन घटना स्थल के लिये रवाना हुए और 10 मिनट के अंदर पहुंच कर डायल 112 गाड़ी के बोनट में चढ़ कर,आहत के फंदे को कटकर जान बचाया गया है।

आहत के चेहरे पर पानी के छीटे डालकर होश में लाया गया। होश में लाने के बात आहत को डायल 112 के वाहन में ले जाकर सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया आर. हरिशंकर चंद्रा क्रमांक 1410, और चालक अरुण कश्यप ड्यूटी पर मौजूद थे। इस सराहनीय कार्य के लिये डायल 112 में कार्यरत स्टॉफ को पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा डायल 112 के दोनों कर्मचारीयो की प्रशंसा की गई तथा पृथक से उन्हें इस कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## स्व. बद्री प्रसाद अग्रवाल स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**सीपत/नवप्रदेश।** ग्राम मटियारी में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच सूर्यवंशी इलेवन मटियारी व सुपर किंग्स मटियारी के मध्य खेला गया। अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच , भाजपा जिला महामंत्री अवधेश अग्रवाल राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आईपीएस राजेश कुमार अग्रवाल मटियारी सरपंच राजेन्द्र सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

सुपर किंग्स के द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में सूर्यवंशी इलेवन को फाइनल मैच जीतने के लिए 42 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य को सूर्यवंशी इलेवन ने 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर जीत हासिल करते हुए स्वर्गीय बद्री प्रसाद अग्रवाल स्मृति की खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच के मैच किशन मैन आफ द सीरीज नीतीश बघेल को ट्राफी दिया गया। लेजेंड क्रिकेटर का खिताब विजय सिसोदिया और सुनील टाइगर को प्रदान किया गया। विजेता टीम को स्व रामस्वरूप पाण्डेय की स्मृति में नगद राशि प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए व द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए स्व बद्री प्रसाद अग्रवाल स्मृति द्वारा स्व अग्रवाल जी के ज्येष्ठ सुपुत्र अवधेश अग्रवाल पूर्व सरपंच , भाजपा जिला महामंत्री द्वारा प्रदान किया गया। वरिष्ठ नागरिक सचिन अग्रवाल , गोविंद अग्रहरि द्वारा प्रतियोगिता में सहयोग हेतु क्रमशः 1001 रुपये का प्रदान किया गया। फाइनल मैच में समिति अध्यक्ष नीतीश बघेल सुनील शिकारी प्रमोद कुमार पाण्डेय मनिया आयुष शिकारी रामायण सूर्यवंशी कुंवर टाइगर शत्रुहन सूर्यवंशी सीताराम सूर्यवंशी विनोद केशर धनंजय बघेल संतराम कौशल यादव गोविंद अग्रहरि नैवेद्य पाण्डेय वीरेंद्र जायसवाल केशव सिसोदिया दादू सिसोदिया वीरेंद्र साहू सुरेश यादव सुमित गंधर्व प्रमोद यादव कमलेश यादव संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## वन्दे मातरम मित्र मंडल समाज को दे रहा नई दिशा

**बिलासपुर।** जय प्रकाश नारायण विश्व विद्यालय छपरा( बिहार )के कुलपति परमेंद्र वाजपेई ने अपने स्वागत समारोह में आयोजित समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे एक ऐसे विश्व विद्यालय को ठीक करने की जिम्मेदारी दी गई है जहां अनेक समस्याएं हैं लेकिन दृढ़ संकल्प शक्ति , भगवान राम की कृपा एवं आप सभी की शुभ कामनाओं से निश्चित सफलता मिलेगी एवं जिस कार्य को मुझे बिलासपुर से छपरा भेजा है 1095 दिवस में अपने लक्ष्य को पूर्ण करते हुए जय प्रकाश नारायण विश्व विद्यालय को एक उन्नत एवं प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय बनाने में कामयाब होऊंगा। वन्दे मातरम् मित्र मंडल के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मुझे गर्व है कि मैं भी वन्दे मातरम् मित्र मंडल का सदस्य हूं। अर्थात जहां धर्म है,जहां निष्ठा है, जहां सत्य है,वहीं कृष्ण है,जहां कृष्ण है वहीं विजय है। कठिन से कठिन परिस्थिति में भी निष्ठा, धर्म, सत्य नहीं तजना चाहिए और यह प्रेरणा,आत्मविश्वास एवं संकल्प शक्ति का केंद्र वन्दे मातरम् मित्र मंडल है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता जिन्हें हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है का भी सम्मान किया गया। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा मैं भी प्रारंभ से वन्दे मातरम् मित्र मंडल से जुड़ा हूं वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने सामाजिक समरसता के साथ जातियों में बटे हिन्दू समाज को जोड़ने का एक अनुकरणीय एवं सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर अरविंद दीक्षित,डॉ गायत्री प्रसाद पांडेय,राजेश जायसवाल,पार्थो मुखर्जी,अशोक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ओटीपी मांगकर डेढ़ लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस प्लान डी एक्टीवेट कराने का झांसा देकर डेढ़ लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सकरी के साहू मोहल्ले में रहने वाले आशीष कुमार साहू कार वाशिंग सेंटर चलाते हैं। उनकी उन्होंने पत्नी के नाम पर क्रेडिट कार्ड लिया है। करीब 10 दिन पहले 20 जनवरी की शाम उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस प्लान एक्टीवेट है। इसे डी एक्टीवेट करने के लिए कहने पर कस्टमर केयर पर कंप्लेन भेजने की बात कही गई। कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल पर दूसरे नंबर से काल आया।

जनदर्शन | कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

# आवास निर्माण में गड़बड़ी की जांच करेंगे जिला पंचायत सीईओ

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निदान उन्होंने किया वहीं गंभीर किस्म की कुछ आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज कर इनका निदान करने के निर्देश संबंधित अफसरों को समय-सीमा दी। प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशन की मांग से संबंधित आवेदन आज के जनदर्शन में ज्यादा आई।

जनदर्शन में आज मस्तूरी के ग्राम पंचायत विद्याडीह की सरपंच ने रोजगार सहायक के विरूद्ध आवास योजना में फर्जीवाड़े की शिकायत कर उसे हटाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन सौपकर बताया कि रोजगार सहायक ने अपूर्ण आवास को पूर्ण बताकर संपूर्ण राशि आहरित किया है। हितग्राहियों को राशि नहीं मिली है। मनरेगा की मजदूरी भुगतान भी लम्बे समय बीत जाने के उपरांत भी नहीं किया गया है। कलेक्टर ने इसकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए हैं। इसे टीएल पंजी में भी दर्ज किया गया है। विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन के करीब आवेदने मिले जिसके निराकरण के लिए टीएल पंजी में दर्ज कर संयुक्त संचालक पंचायत एवं समाज सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। आयुर्वेद विभाग से सेवानिवृत्त औषधालय सेवक पांच महीने का पेशन नहीं मिलने की जानकारी देते हुए दिलाने का अनुरोध किया। इसे टीएल पंजी में दर्ज कर इसका भुगतान करने के निर्देश जिला आयुर्वेद अधिकारी को दिए। शहर के चिंगराज पारा निवासी ज्योती ने नागरिक सहकारी बैंक पर ढाई साल की मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर ने इसे सहकारिता विभाग के लिए टीएल में लेते हुए जांच कर भुगतान करने के निर्देश दिए।

## एसईसीएल में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकल का वितरण

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** .दिव्यांग कल्याण की दिशा में एक नयी पहल करते हुए एसईसीएल द्वारा दिनांक 29/01/2024 को वसंत विहार स्थित वसंत क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएसआर अंतर्गत दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाइकल एवं सुगम्य केन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) श्री देबाशीष आचार्या के करकमलों से 28 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाइकल एवं सुगम्य केन दिए गए। इन उपकरणों का निर्माण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको), जबलपुर (म.प्र.) द्वारा किया गया है एवं लाभार्थियों का चयन एवं उपकर्णों का वितरण जिला प्रशासन व कल्याण विभाग, बिलासपुर एवं जिला पुनर्वास केंद्र, बिलासपुर के सहयोग से किया गया। एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद के तहत दिव्यांगजनों हेतु छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सूरजपुर, कोरिया व सरगुजा तथा मध्य प्रदेश के अनूपपुर, शहडोल व उमरिया में कुल 1004 मोटराईज्ड ट्राईसाईकल एवं 341 सुगम्य केन का वितरण किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन एलिम्को द्वारा सम्बंधित जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त योजना के तहत प्रथम चरण में विगत दिनों दिव्यांगजनों का परीक्षण शिविर का लगाकर लाभार्थियों का चयन किया गया एवं द्वितीय चरण में अब मोटराईज्ड ट्राईसाईकल एवं सुगम्य केन का वितरण की शुरुआत कि गई है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (कल्याण/ सीएसआर) रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक (सीएसआर) चन्द्र कुमार पाठक, मुख्य प्रबन्धक (कल्याण) रीता त्रिवेदी, एलिम्को के नितिन माहोर आदि उपस्थितथे।

## न्यूज गैलरी

### तीन को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**कांकेर/नवप्रदेश।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत् कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिला अंतर्गत विभागीय शासकीय सेवकों के असामयिक मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित परिवार के सदस्य को भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय से जारी आदेशानुसार भूपेन्द्र कुमार शोरी पिता स्व. जलदेव शोरी ग्राम गंवरसिल्ली तहसील नरहरपुर को तहसील कार्यालय नरहरपुर में, श्रीमती रूपीका देहारी पति स्व. शेष कुमार देहारी ग्राम-पोस्ट पोडगांव तहसील अंतागढ़ को तहसील कार्यालय पखांजूर तथा अश्वन कुमार देहारी पिता स्व. इन्द्रो कुमार देहारी ग्राम-पोस्ट खासपारा भैंसासुर तहसील अंतागढ़ को प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास भैंसासुर में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है।

### सैनिक कल्याण कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

**कांकेर/नवप्रदेश।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौ.सै.) संजय शुक्ला एन.एम (से.नि.) की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में वीर नारियों शहीदों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक के परिवारों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों वीर नारियों शहीदों के परिजनों एवं सैनिक संगठन से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### खेल स्पर्धा की जसकेतु उसेंडी ने की शुरुआत

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** आदेश्वर पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका की उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने मसाल जलाकर शुरुआत की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा स्वगत डांस एवं परेड कर अतिथियों का स्वागत किया। जसकेतु उसेंडी ने कहा कि आज देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान समय में कोंडागांव जिले के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके है। इस कार्यक्रम में आदेश्वर पब्लिक स्कूल के शिक्षक गण एवं बच्चे उपष्ठित थे।

### जीवन में अनुशासन सिखाता है खेल: आशीष

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** बेरला के ग्राम पंचायत परपोडा में आयोजित स्टार क्लब प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम लट्टी बाबा के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि ग्राम परपोडा के भूईया में स्टार क्लब के साथियों द्वारा आयोजित कबड्डी स्पर्धा एवं कबड्डी मैदान की भव्यता देखते ही बन रही हैं। ऐसा लग रहा हैं कि यहां राज्यस्तर की नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी का आयोजन हो रहा है। कबड्डी भारत के प्राचीन खेलों में से हैं। गांव से लेकर शहरों तक सर्वाधिक खेले जाने वाले खेलों में से एक हैं। निश्चित रूप से जीवन में खेलो का बहुत अधिक महत्व है, जीवन में खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, किसी भी परंपरा को चालू करना और उस परंपरा का लगातार निर्वाहन करना दोनो में काफी अंतर हैं। परपोडा के हमारे युवा साथियों द्वारा बढ़िया महौल में कबड्डी खेल का आयोजन किए हैं। प्रतियोगिता में विजयी होने टीम को प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 10 हजार, तृतीय पुरस्कार 6 हजार एवं चतुर्थ पुरूस्कार 4 हजार रूपए सहित अन्य पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर संतोषी डोमन साहू सरपंच, मोतीलाल मारकंडे, गौकरण राजपुत, शंकर साहू, त्रिलोक राजपूत, नीलेश राजपूत, भुवनेश्वर साहू, मनोज साहू, होरी साहू, राजेश चंदेल, सनत निषाद, महेन्द्र साहू, तेजराम साहू, बैतल साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की 11 सीट पर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का दिया मंत्र

**कांकेर/नवप्रदेश।** आगामी लोकसभा चुनाव हेतु कांकेर लोकसभा के अपेक्षित पदाधिकारियों की बैठक भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ,लोकसभा सहप्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा ने ली । बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष कांकेर सतीश लाटिया, बालोद केसी पवार, विधायक आशाराम नेताम, लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा उपस्थित थे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। उन्हें इस बात का आत्मविश्वास था कि विधानसभा चुनाव में जीत अवश्य होगी । छग की जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक विजयी दिलाई है। हम लोकसभा में विधानसभा से भी बड़ी विजयी प्राप्त करेंगे। हमारा लक्ष्य 2024 का लोकसभा जीतना नहीं बल्कि भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने हेतु हमे 2047 तक सरकार बनाए रखना है । हम पिछले डेढ़ वर्षो से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे हैं । भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि छग में लोकसभा की सभी 11 सीटें हम जीतेंगे और भाजपा देश मे भारी बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी। संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव पास है। इसके लिये हमें अभी से प्रचार में जुट जाना है । प्रत्येक बूथ में कम से कम 5 जगहों पर दीवार लेखन करना है । गाँव में लोगों से संपर्क कर केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से बात करनी है । चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ताओ की सहभागिता हो ऐसी रणनीति बनानी है। हमे हर बूथ में अपना वोट बैंक बढ़ाना है।सोशल मीडिया में अच्छे से प्रचार-प्रसार करें। छग में 11 लोकसभा को 4 क्लस्टरों में बांटा गया है । उन्होंने कहा कि कांकेर लोकसभा के 8 विधानसभा में से 5 विधानसभा में हम पीछे है । पिछले चुनाव में भी हम पीछे होते हुए भी हमने कांकेर लोकसभा जीता । इस बार भी हमें हर हाल में कांकेर सहित छग की सभी लोकसभा सीटें जीतनी हैं। चुनाव की तैयारी हेतु सभी समितियों व उप समितियों का गठन करें । प्रत्येक लोकसभा का अलग से घोषणा पत्र बनाना है उसके लिये घोषणा पत्र समिति का गठन कर लें। कार्यक्रम में आभार व्यक्त भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने व संचालन जिला महामंत्री बृजेश चौहान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, पिंकी शिवराज शाह, श्रवण मरकाम, भोजराज नाग, कमल चन्द्र भंजदेव, महावीर सिंह राठौर, विकास मरकाम,हलधर साहू, प्रवीण बदेशा, गौतम गोलछा, तरुण साना, आकाश मेहता, प्रकाश बैस, वीरेंद्र साहू, देवेंद्र जायसवाल, राकेश यादव, आलोक ठाकुर, छत्रप्रताप दुग्गा, किरण उसेंडी, नंदू ओझा, निपेन्द्र पटेल, विजय मण्डावी, उमा शर्मा, राजा पांडेय, मोती नाग, संजय सिन्हा, खलील खान, ठाकुर राम चन्द्राकर, चेमन देशमुख, शीतल नायक, मोहम्मद अकबर, आदित्य पिपरे , तोमन साहू, खम्मन लाल, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्र स्तरीय कला उत्सव में कांकेर के 3 छात्रों ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**कांकेर/नवप्रदेश।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्र स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का आयोजन राष्ट्रीय बाल भवन एवं गांधी स्मृति दर्शन राजघाट नई दिल्ली में हुआ। छत्तीसगढ़ टीम में अलग अलग 10 विधा के बालक और बालिका वर्ग के 20 प्रतिभागी और 2 अनुरक्षक शिक्षक राज्य नोडल अधिकारी अजय पिल्लई तथा सहयोगी पारूल चतुर्वेदी भी साथ गए। इस 4 दिवसीय राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता में कांकेर जिला के 3 विद्यार्थियों ने अपनी अपनी विधा में छत्तीसगढ टीम का प्रतिनिधित्व किया । कांकेर जिला कला उत्सव नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि जिला के 3 प्रतिभागी कु.पूजा बरई शास हाई स्कूल अम्बेडकर नगर पी व्ही 32 पखांजूर ने दुर्गा स्त्रोतम पर भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य में कु. हिमांशी चंद्रवंशी,जे पी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल ने फाग गीत पर हारमोनियम वादन में हिमांशु नेताम जे पी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल ने कृषि प्रधान छत्तीसगढ विषय पर चित्रकला में राष्ट्रीय स्तर कला उत्सव में अपनी सहभागिता देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । इन तीनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर कांकेर जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, सहायक संचालक लक्ष्मण कावडे और प्रकाश सेन, सहा.जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा वैभव मेश्राम, ए पी सी एमन जैन, जे पी इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य रितेश चौबे, हाई स्कूल पी वी 32 प्राचार्य अमिता दास, शिक्षक कुणाल पांडे, प्रणव कीर्तनिया, आकांक्षा गौरव, धनंजय गौरव, विनोद राजपूत, मनीषा साहू, योगेश्वरी जैन, मनीष कावडे ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी ।

## डीएमएफ फंड से सामग्री की खरीद में गड़बड़ी, धरने पर बैठे जनपद सदस्य

**भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में खनिज न्यास निधि से सामग्री खरीदी में जनपद के अधिकारियों के द्वारा की गई अनयिमितिता की जांच की मांग को लेकर जनपद पंचायत सदस्यों ने धरना प्रदर्शन शुरु दिया। जनपद पंचायत सदस्यों ने 8 सूत्रीय मांगों का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। जांच की मांग को लेकर कलेक्टर जिला कांकेर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बावजूद जांच शुरू नहीं की गई है। इसके विरोध में जनपद सदस्य धरने पर बैठे। उनकी मांगों में. जनपद पंचायत के सामान्य सभा प्रस्ताव बिना 1.40 करोड़ रूपये से घरेलू सामग्री, 22.82लाख रूपये से खेल सामग्री, 38.40 लाख रूपये से सोलर एलईडी स्ट्रीट लाईट खरीदी की गई है, इसकी जांच, खरीदी गई सामग्री स्तरहीन है। सामग्री खरीदी में निविदा नियमों का पालन नहीं किया गया है, एक निविदा भरे सप्लायर को वर्क आर्डर देकर सामग्री सप्लाई मंगाई गई है। सामग्री कम मंगाकर सिर्फ बिलिंग की गई। एक से अधिक निविदा नहीं भरने की स्थिति में निविदा निरस्त किया जाना था। 22.82लाख रूपये से खेल सामग्री खरीदी गई है, जिसे दो वर्ष बाद भी वितरण नहीं किया गया है। खेल घटिया स्तर की है। 38.40 लाख रूपये से सोलर एलईडी स्ट्रीट लाईट खरीदी प्रति नग 60 हजार रूपये से खरीदी गई है, जो बाजार रेट से तीन गुना अधिक है।

खनिज न्यास निधि से सामग्री खरीदी में जनपद पंचायत के सीईओ और बाबू ने जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों को दूर रखकर परदे के पीछे कार्य किया है। इसकी जानकारी किसी भी जनपद सदस्यों को नहीं है। खनिज न्यास निधि से सामग्री खरीदी की जांच के पूर्व यहां पदस्थ सीईओ और बाबू को तत्काल हटाया जाये। ताकि जांच प्रभावित ना हो।

जांच के उपरांत दोषी सीईओ, बाबू, सामग्री सप्लायर फर्म संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

## प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने ग्रामीण विकास की बारीकियों को समझा

**कांकेर/नवप्रदेश।** ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (TRI) फाउंडेशन ने एल.बी. एस.एन.ए.ए. मसूरी से आए 20 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को जिला प्रशासन कांकेर के साथ मिलकर किये जा रहे समुदाय केंद्रित विकास योजना से रूबरू कराया। इसके तहत सामुदायिक भागीदारी, पंचायती राज प्रतिनिधियों तथा विभागीय अमलों के समन्वय से तैयार किए जाने वाले प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (NRM) योजना को विस्तार से जाना। गौरतलब है कि ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया संस्था के कार्य से प्रभावित होकर प्रशिक्षु आई ए एस अधिकारियों को एनजीओ की कार्य प्रणाली तथा विकास में उनके योगदान को समझने के लिए संस्था का चयन किया गया है। इसी तारतम्य में जिले में यह भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के राज्य प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह और एनजीओ अटैचमेंट हेतु आए प्रशिक्षुओं आईएएस अधिकारियों का स्वागत किया। अभिजीत सिंह द्वारा प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को समुचित मार्गदर्शन दिया गया। तत्पश्चात ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के बारे में अवगत कराते हुए ग्रामों में तैयार किए जा रहे प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन योजना के बारे में भी बताया। देश में बहुआयामी गरीबी से मुक्ति हेतु समाज - सरकार - बाजार के प्रभावी समन्वय की आवश्यकता है। गांव का समेकित विकास संपूर्ण समाज-सरकार आधारित रणनीति से ही संभव है, इसी रणनीति के तहत भारत सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना भी संचालित की जा रही है। गांव के जल - जंगल - जमीन के संरक्षण हेतु ग्राम संगठन, क्लस्टर संगठन के पदाधिकारियों तथा पंचायती राज प्रतिनिधियों के नेतृत्व में जनभागीदारी पूर्वक एन आर एम प्लान का निर्माण किया जा रहा है। इसी योजना निर्माण प्रक्रिया को इन प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जिले के ग्राम पंचायत मांदरी में जाकर देखा तथा सभी संबंधित भागीदारों के साथ चर्चा की। अंत में इन अधिकारियों ने प्रसन्नतापूर्वक ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के कार्य को सराहना की तथा ग्रामवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, पीपीआईए फ़ेलो एवं ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया की कांकेर ब्लॉक टीम उपस्थित थीं।

## ओवरलोड हाईवा से वसूले 48 हजार रुपए

■ **त्रिनेत्र हेल्पलाइन पर मिली सूचना पर बेरला पुलिस ने की कार्यवाही**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिला पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने हेतु त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 का विमोचन, सडक सुरक्षा माह 2024 के शुभारंभ के दौरान किया गया। इस नंबर पर जिलें के नागरिकों के द्वारा कभी भी यातायात से संबंधित समस्याओं को सीधे एक फोन में उच्च अधिकारियों को सूचना/शिकायत कर सकते हैं। बेमेतरा पुलिस की यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 का विमोचन किया गया है जिसमें सडक पर दोपहिया वाहन में 3 से 4 सवारी, बाईकर्स स्टेट्स अमानक साईलेंसर, ओव्हर लोड सवारी वाहनों में, माल वाहनों में, सडक पर खतरनाक ढंग से पार्किंग, जिससे यातायात बाधित हो रहा हो आदि। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले का फोटो, वीडियो, लोकेशन स्थल का नाम उक्त व्हाट्सएप नंबर में भेजकर आप बेमेतरा पुलिस के सहभागी बनें।

एक व्यक्ति से त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर पर सूचना/शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना बेरला क्षेत्र में ओवरलोड हाईवा परिवहन कर रहा हैं। इस वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक विवेक पाटले को थाना स्टाफ के साथ ओवरलोड हाईवा वाहन के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। लिमाही चौक बेरला के पास थाना बेरला स्टाफ द्वारा ओवरलोड हाईवा वाहन को पकड़ा गया।

# परीक्षा के दौरान ध्यान लक्ष्य पर होना चाहिए : पीएम मोदी

■ **डीएवी जांता में परीक्षा पे चर्चा का हुआ लाइव प्रसारण**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** दयानंद एन्गलो वैदिक विद्यालय (डीएवी) जांता में आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों को कोसते रहते हैं कि सिर्फ खेलते रहता है, दूसरे से कंपेयर भी करते हैं। जो मां-बाप सफल नहीं हुए वो परिजन अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विज़िटिंग कार्ड समझ लेते हैं। उन्होंने कहा दोस्ती कोई लेन-देन का खेल है क्या? मैंने ऐसे दोस्त देखा है, जो फेल हो गया, लेकिन दोस्त के टॉप करने का मीठा बांटता हैं। मैंने ऐसे भी दोस्त देखा है जो अपने ज़्यादा अंक लाने का उत्सव नहीं मनाते, क्योंकि उसके दोस्त का कम अंक आया हैं। कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख कैफुर रहमान ने पीएम मोदी से सवाल पूछा कि परीक्षा के दौरान तनाव के कारण प्रश्न को ध्यान से नहीं पड़ पाते इसलिए कई गलतियां हो जाती हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि घूम फिर के फिर तनाव आ गया। गलतियां अति उत्साह के कारण भी होती है, चाहे मां-बाप से हो या बच्चों से। ठीक परीक्षा के समय पर बच्चों का पहुंचना भी तनाव का कारण हैं, परीक्षा के कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचे, मस्ती में रहिए और खुद में खो जाओ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम ने सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को ...**

मेरे साथ हैं। इस इवेंट में पीएम के साथ करीब 3000 स्टूडेंट्स शामिल हुए। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2 स्टूडेंट्स और एक टीचर इस इवेंट में ऑनलाइन जुड़े थे। इसके अलावा देश के 100 एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए। परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से तोंगपाल के स्वामी आत्मानंद स्कूल की शिक्षिका अनिता पहारे और कोटा आत्मानंद स्कूल के छात्र शिवम बंसल भी शामिल हुए।

छग से डेढ़ लाख से अधिक ने कराया था पंजीयन

छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावकों ने इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता की। राज्य से गत वर्ष 2023 में 62 हजार 77 विद्यार्थियों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने आलेख भेजे और 12 हजार 355 शिक्षकों ने अपने आलेख भेजकर उपस्थिति दर्ज की एवं 2 हजार 876 पालक सहित 77 हजार 308 लोगों ने सहभागिता की थी। इस वर्ष कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को भाग लेने का अवसर दिया गया है। 12 जनवरी 2024 तक 1 लाख 56 हजार 459 विद्यार्थियों, 21 हजार 607 शिक्षकों और 5 हजार 963 अभिभावकों ने पंजीयन कराया था। राज्य से एक शिक्षक और 2 विद्यार्थियों ने चर्चा में भाग लिया। परीक्षा पे चर्चा का प्रारंभ वर्ष 2018 में सिर्फ 22 हजार लोगों ने सहभागिता की थी, जो छह वर्षों में 102 गुनी बढ़कर इस वर्ष 2 करोड़ 26 लाख से ज्यादा रही।

**छग समेत 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों...**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव को काफी अहम माना जा रहा है। इन 56 सीटों पर चुनाव के बाद संसद के उच्च सदन की सियासी तस्वीर बदल जाएगी।

**सीजेआई ने वकील को सुप्रीम कोर्ट के...**

के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसमें सुधार चाहता है। सीजेआई ने वकील से पूछा कि वह कहां प्रैक्टिस करता है। वकील ने कहा कि वह हाईकोर्ट और लोअर कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। इस पर सीजेआई ने कहा कि आप (वकील) किसी सीनियर एडवोकेट के साथ काम क्यों नहीं करते जो आपको कोर्टरूम के शिष्टाचार और तौर-तरीकों में बारे में सिखाए।

**लालू से ईडी ने की पूछताछ सोरेन...**

ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ईडी को ईमेल पर पूछताछ के लिए समय दिया है। इसमें लिखा- 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे पूछताछ के लिए सीएम तैयार हैं। ईडी की कार्रवाई अलोकतांत्रिक है। वहीं, ईडी की कार्रवाई के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी इलाके से सीएम हाउस होते हुए राजभवन के लिए निकले। ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**कस्टम मिलिंग में 140 करोड़ की उगाही, मार्कफेड के...**

संबंधित जिले के मिल एसोसिएशन को मनोज सोनी के जरिए ही मिलती थी। दोनों अफसरों द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट राइसमिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा, उपाध्यक्ष पारसमल चोपड़ा और कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के साथ आपराधिक षडयंत्र कर अवैध वसूली की गई है, जिस पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

140 करोड़ की हुई अवैध उगाही : ईडी ने अपनी जांच प्रतिवेदन में कहा है कि आयकर विभाग द्वारा की गई तलाशी की कार्रवाई से लगभग 1.6 करोड़ रुपए कैश जब्त की गई है, जिसका कोई लेखा जोखा नहीं है। बहुत सारे आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले हैं। कस्टम मिलिंग में लगभग 140 करोड़ रुपए की अवैध वसूली राइसमिलर्स से हुई है।

**कड़े विरोध के बाद यूजीसी ने बहाल की...**

मौजूद नहीं हैं। कैंडिडेट मौजूद हैं लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया जाता है, ताकि पदों को डिरिजर्व कर उन्हें जनरल कैटेगरी से भरा जाए। डॉ. उदित राज ने कहा, यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों को डी-आरक्षित करने और पर्याप्त आरक्षित उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें सामान्य वर्ग के लिए खोलने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। जनता की राय देने की अंतिम तिथि 28 जनवरी को समाप्त हो रही है। कांग्रेस ने इस जनविरोधी कदम का कड़ा विरोध किया तो यूजीसी को बयान जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि ऐसा कोई कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे सैकड़ों और हजारों मामले हैं जहां योग्य उम्मीदवार उपलब्ध हैं लेकिन भेदभावपूर्ण आधार पर खारिज कर दिए जाते हैं।

**बजट 2024 : सरकारी कर्मचारियों के लिए हो...**

तक कोई महंगाई भत्ता नहीं बढ़ाया। इसके बाद सरकार ने 1 जुलाई 2021 को प्रत्यक्ष महंगाई भत्ता 11 फीसदी बढ़ा दिया। इससे पहले तीन बार डीए नहीं बढ़ाने को लेकर कुछ नहीं कहा गया था। हालांकि, उस वक्त महंगाई भत्ता 17 फीसदी था, इसे 11 फीसदी बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया गया। इसके बाद से ही केंद्रीय कर्मचारी सरकार से इस 18 महीने के डीए एरियर को मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। हालाँकि, सरकार ने पहले कहा था कि उसका 18 महीने से लंबित बकाया का भुगतान करने का कोई इरादा नहीं है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अय्यूब मेमन पिता करीम मेमन मकान क्रमांक 16 राइसमिल पारा वार्ड क्रमांक 04 सिंगारभाठ कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद अय्यूब मेमन पिता अब्दुल करीम मेमन मकान क्रमांक 16 राइसमिल पारा वार्ड क्रमांक 04 सिंगारभाठ कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर रखा लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मोहम्मद अय्यूब मेमन पिता अब्दुल करीम मेमन मकान क्रमांक 16 राइसमिल पारा वार्ड क्रमांक 04 सिंगारभाठ कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर रखा लिया है। अतः आज से मुझे मोहम्मद अय्यूब मेमन पिता अब्दुल करीम मेमन के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**मोहम्मद अय्यूब मेमन**
पिता अब्दुल करीम मेमन
मकान क्रमांक 16 राइसमिल पारा
वार्ड क्र.04 सिंगारभाठ कांकेर
उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202307140400011/
अ-20(1)/2022-23
मोहल्ला टिकरापारा कांकेर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अब्दुल सतार पिता मो. फकरूदीन निवासी शीतलापारा कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा स्थित भूमि शीट नम्बर 21 प्लाट नम्बर 7/1 मे से 30 वर्गमीटर स्वंय के कब्जे के आधार पर भूमिस्वामीहक प्रदान करने आवेदन किया गया है। जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु नजुल अधिकारी कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वंय या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 9.2.2024 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.1.2024 को मेंरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

सील

**तहसीलदार**
**कांकेर**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चांपा**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)**
गौरव पथ रोड नया बस स्टेण्ड, नगर पालिका परिषद् चांपा के पास, पिन कोड नं. 495671, ई-मेल eejan-phe-cg@gov.in

**निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 21 दिनांक 05.01.2024 में अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

'' हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें ''

जी-07340/3

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

## न्यूज गैलरी

### कृष्णा नगर में शान से फहराया तिरंगा

**भाटापारा/नवप्रदेश।** कृष्णा नगर कालोनी में गणतंत्र दिवस पर शान से तिरंगा फहराया गया। झंडोत्तोलन की मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रकला नायक ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेन्द्र गुप्ता वेंकट राव मनजीत सप्पल सुरेश गुप्ता ध्रुव जसवानी निहाल पांडे अरुण अग्रवाल श्रीवास्तव जी, प्रकाश गुप्ता ,रामगोपाल वर्मा हेमेन्द्र वर्मा राम स्वार्थ पंडित प्रीति मिश्रा, स्वाति सिंह, जानकी वर्मा उमा अग्रवाल चमेली वर्मा श्रीमती पूजा अग्रवाल सहित कालोनी वासी लोकतंत्र के महापर्व में उपस्थित थे।

### शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव

**भाटापारा/नवप्रदेश।** लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल निपानिया में वार्षिक उत्सव का आयोजन खेल मैदान में किया गया। इसमें लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य युवराज गोस्वामी, नंदनी मेम, प्रिया तिवारी, इंदू वर्मा, नेहा, मंजू, दीप्ति, कंचन, मालती, निर्मला मेम ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मां की इच्छा का पुत्रों ने किया सम्मान मरणोपरांत, एम्स को देहदान

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर कोटा निवासी श्रीमती प्रभात वर्मा धर्मपत्नी एन पी वर्मा ( दुर्गा कॉलेज वाले ) का आज निधन हो गया है। वे नितिन सक्सेना और नीरज सक्सेना की माताजी थीं।परिवार ने AIIMS रायपुर में देहदान कर अनुकरणीय कार्य किया। अपनी मृत्यु से पहले परिवार के सदस्यों के समक्ष प्रभात वर्मा ने मृत्युपरांत अपने देह दान की इच्छा जताई थी जिसे आज परिवार के सदस्यों ने नाम आंखों से एम्स रायपुर में उनके देह दान कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रीमती प्रभात वर्मा लंबे समय तक अध्यापन का कार्य किया लेकिन वर्तमान में वे कुछ समय से बीमार चल रही थी।

### डा विकास आडिल ने सरस्वती शिशु मंदिर में किया ध्वजारोहण

**भाटापारा/नवप्रदेश।** सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डा. विकास आडिल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यकम में वल्लभ लाहोटी, अनिल जैन, विशाल पारप्यानी, अनिल चांडक, हंसा राठी, दुर्गेश नंदनी गुप्ता प्रधानाचार्य श्रीकांत मंडल अभिभावक गण भैया/बहनों एवं समस्त आचार्यो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके बाद माँ सरस्वती ओम एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं भारत माता की आरती के साथ कार्यकम की शुरुआत की गई। कक्षा षष्ठ व सप्तम के भैया सूर्य नमस्कार व कक्षा चतुर्थ व पंचम के भैया बहनों ने योग व्यायामक का प्रदर्शन कर स्वस्थ्य जीवन हेतु दैनिक दिनचर्या का संदेश दिया। मुख्य अतिथि डा. विकास आडिल इस पर्व एवं इसकी सार्थकता को सारगर्भित रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय की आचार्या किरण वर्मा, वल्लभ लाहोटी व अनिल चांडक ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उन्हें अनुशासित रहने का संदेश दिया।

# बैतुल के सापना जलाशय में शुरू हुआ जल विहार

- विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ बोट क्लब का शुभारंभ

**बैतूल/नवप्रदेश।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के माध्यम से बैतुल जिले के सापना जलाशय में जल पर्यटन की शुरुआत रविवार को विधायक हेमंत खंडेलवाल, डा योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, गंगा उइके, जल प्रहरी मोहन नागर, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, राजीव खंडेलवाल सहित अन्य की मौजूदगी में हुआ। सापना जलाशय में बोट क्लब का शुभारंभ किया गया। पर्यटन विभाग के द्वारा अनुज्ञापित करने के बाद सापना जलाशय में जल पर्यटन की गतिविधियों को शुरू किया गया है। यहां पर एक मोटर बोट और दो पैडल बोट की सुविधा पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही है। बोट क्लब का संचालन करने वाले हरिओम शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग के द्वारा जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सबसे पहले बोट क्लब की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसमें पर्यटक सापना जलाशय में बोट का आनंद ले पाएंगे। यहां बोट क्लब के साथ ही आने वाले दिनों में पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बोट क्लब के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व विधायक मंगलसिंह धुर्वे, समाजसेवी अमित पटेल सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, गणमान्यजन उपस्थित थे।

### कैसे पहुंचे बोट क्लब

सापना जलाशय के बोट क्लब तक पहुंचना बेहद ही आसान है। बैतुल-नागपुर फोरलेन पर बैतुल से नागपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर सापना जलाशय के किनारे से ही पुराने हाइवे पर जाकर कुछ दूर ही बोट क्लब पहुंचा जा सकता है। मुलताई से बैतुल की ओर आने पर सापना जलाशय में जिस स्थान से पानी जमा दिखता है वहां पर खापा गांव से पुराने हाइवे पर मुड़कर आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## न्याय यात्रा के लिए अभिषेक स्टेट कोआर्डिनेटर

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में न्याय यात्रा फरवरी में छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। जिसे देखते हुए किसान कांग्रेस के नेता अभिषेक मिश्रा को न्याय यात्रा का कोर्डिनेटर नियुक्त किया है। कांग्रेस की 11 दिन पहले मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से गुजरेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। इसी क्रम में रविवार को पार्टी ने किसान कांग्रेस के अभिषेक मिश्रा को न्याय यात्रा का स्टेट कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। पार्टी द्वारा जारी आदेश इसकी जानकारी दी गई है।

### चंद्रदेव राय और अनिल अग्रवाल बने पर्यवेक्षक

जबकि रायगढ़ जिले के लिए पूर्व विधायक चंद्रदेव राय और अनिल अग्रवाल को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है। सक्ती के लिए गुरूमुख सिंह होरा, गुलाब कमरो, जांजगीर चांपा के लिए पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, विनय भगत, कोरबा के लिए यूडी मिंज और नोबेल वर्मा, सरगुजा के लिए सफी अहमद, जेपी श्रीवास्तव, सूरजपुर के लिए प्रेमसाय सिंह टेकाम और पारसनाथ राजवाड़े और बलरामपुर जिले के लिए डॉ. प्रीतम राम और द्वितेंद्र मिश्रा को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## आरोहण-2024 राज्य स्तरीय खेल और सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ आज

**रायपुर/नवप्रदेश।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव ÷आरोहण÷ का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे से होने जा रहा है। इस महोत्सव में राज्य के 250 विभिन्न संस्थानों के 1800 प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा करते नज़र आएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एन.सी.सी कैडेट की अगुवानी में मंचारूढ़ होंगे। उद्घाटन समारोह का प्रारंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपरानुरूप दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ आरोहण मशाल ज्योति प्रज्जवलन से होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि की घोषणा के साथ आरोहण का आगाज होगा और युवा कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। आरोहण में 21 खेल स्पर्धाएं (कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, यौग, लांग व हाई जंप, शार्ट, मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो एवं शॉट पुट) एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में तात्कालिक भाषण स्पर्धा, गायन एवं वादन स्पर्धा, एकल एवं ग्रुप डांस स्पर्धा, सोलो और ग्रुप प्ले (नाट्य) स्पर्धा, फाइन आर्ट के तहत रंगोली, पेंटिंग और कोलाज़ का आयोजन किया गया है।

## ज्ञान गंगा स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार

**रायपुर/नवप्रदेश।** ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत आकर्षक नृत्य के कारण राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया। रायपुर में पुलिस परेड ग्राउण्ड में 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सशस्त्र सुरक्षा-बल, नगर-सेना पुलिस एवं सुरक्षा-बल, घुड़सवार बल, बैंड वैग पाइपर दस्ता परेड में शामिल हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के चुने हुए विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गीत की प्रस्तुति दी। उपरोक्त जानकारी ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के डायरेक्टर सचिन

शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी,रायपुर के 120 छात्रों का चयन नृत्य के लिये किया गया था। इसमें ज्ञान गंगा के छात्रों ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत के बोल थे- हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा जिसे ख्यातिलब्ध कोरियोग्राफर विद्यालय की नृत्य शिक्षिकाओं ने कोरियोग्राफ किया था। ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों की प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार प्रदान करते हुये राज्य के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विद्यालय के छात्रों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शाला की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर ने छात्रों और शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई देते हुये उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और जिजीविषा की प्रशंसा की।

## लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास मजबूत हो: हरिवंश

- विधायिकाओं में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की जरूरत

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ने रविवार को मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान जिन दो विषयों पर चर्चा हुई उनमें लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास मजबूत करना, विधायिकाओं में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता और समिति प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के तरीके शामिल थे। उपसभापति ने देश में विधानमंडलों में व्यवधान के विभिन्न पैटर्न और सदन चलाने में पीठासीन अधिकारियों के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा असहमति किसी न किसी रूप में हमेशा लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा रही है और विधायिका में कभी-कभार होने वाले वाद-विवाद के दौरान इसे समझा जा सकता है। हालाँकि, असहमति सीमाओं के भीतर होनी चाहिए और सदन के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार होनी चाहिए।

हालाँकि, इन दिनों व्यवधान सत्र के पहले कुछ दिनों से आरंभ होते हैं और कई दिनों तक जारी रहते हैं जो यह दर्शाता है कि ये व्यवधान अक्सर योजनाबद्ध और विधायिका के प्राथमिक कार्य को बाधित करने के लिए होते हैं, उन्होंने यह भी कहा कि कई सदस्य विधायी कार्यवाही को बाधित नहीं करना चाहते हैं और अक्सर पार्टियों से प्रभावित होकर व्यवधान में भाग लेते हैं। ऐसे में सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों के बीच आम सहमति और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों को अपने नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने पर विचार करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वर्तमान जरूरतों के अनुरूप हैं और सदन के कामकाज के संचालन में बेहतर समय आवंटन किया जा सके। समिति प्रणाली के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि समितियां व्यवधान का प्रत्यक्ष उत्तर नहीं हैं, लेकिन वे शीतलन प्रक्रिया के रूप में कार्य करती हैं और अप्रत्यक्ष रूप से सदन के पटल पर होने वाले टकराव को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने संसद में विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के विभिन्न प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने सरकार की नीतियों के बेहतर निर्माण और कार्यान्वयन में सहायता की है। उन्होंने विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं में बजट जांच के महत्व और नियमों की बेहतर जांच के लिए अधीनस्थ विधान समिति को सशक्त बनाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने राज्यों से ऐसी समितियां गठित करने का भी आग्रह किया जो हमारी भविष्य की नीतियों के लिए आवश्यक हों। उदाहरण के लिए, राज्य तेजी से भारत की ऊर्जा संक्रमण प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं और उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने, शहरों के डिजाइन आदि जैसी विभिन्न नीतियों को लागू किया है। इस संदर्भ में, उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों में ऊर्जा संक्रमण समिति इन विकासों की निगरानी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सम्मेलन के दौरान, विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारियों ने अनुशासनात्मक मुद्दों के समाधान और समिति प्रणाली को मजबूत करने के कदमों की पहचान के लिए अपने प्रयासों और परिपाटियों पर प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समापन सत्र को संबोधित किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी समापन समारोह में शामिल हुए।

## समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सामने की पंक्ति में लाना ही असल गणतंत्र

**नगरी/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र का पर्व कुछ हटकर मनाया गया। प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने एकमतेन निर्णय लिया था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा इस उत्सव में शामिल किया जाए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही .पी.चन्द्रा सहित सभी शिक्षकों की मान्यता यही रही कि सिंगपुर में अति पिछड़ी जन जाति कमार निवास करती है। अतः क्यों न ध्वजोत्तोलन का कार्यक्रम कमार जन जाति के किसी व्यक्ति से सम्पन्न कराया जाए।

कमार जन जाति को भी पता चले कि इस पर्व को मनाने के पीछे का इतिहास क्या है।खोज बीन के बाद समाज की सक्रिय महिला खम्मन बाई का नाम सामने आने पर उन्हें ध्वजोत्तोलन एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर भारतीय गणतंत्र को सशक्त किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती खम्मन बाई शिक्षा के प्रति बहुत जागरूक हैं तथा कमार बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिये कमार

पालकों को सदैव प्रेरित करती रहती है। उसकी जागरूकता का ही परिणाम है कि आज उसकी बहू शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। गणतंत्र पर्व पर हजारों की भीड़ के बीच श्रीमती खम्मन बाई ने कहा विद्यालय में ध्वजोत्तोलन कर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। वह निरन्तर प्रयास कर रही है कि कमार बच्चे शत प्रतिशत शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े। इस हेतु वह विद्यालय जा जाकर कमार बच्चों के बारे में पूछताछ करती रहती है। विद्यालय में पांच घण्टे तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ व्ही पी चन्द्रा ने कहा कि शोषित,दलित ,वंचित,पीड़ित व्यक्ति शासन की प्रत्येक योजना में यदि भागीदार बनता है तभी गणतंत्र सही मायने में सफल होता है। इस गणतंत्र को सफल बनाने में शिक्षा की बड़ी भूमिका है। अतः हर पालकों को शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल होना है। पालकों के सहयोग से गणतंत्र पर्व पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंगपुर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिनमें मुख्यतःहेमा ध्रुव,उमेश्वरी यादव,बबली साहू,मीना मरकाम,सफीना बानो, रामेश्वरी बाई, भुनेश्वरी ध्रुव,योगिता सेन,कला बाई सेन,भुनेश्वरी कौशल,दीप्ति ग्वाल,सरिता यादव,लीला कंवर,विमला यादव , विमला सेन,सुनीता ध्रुव,यामिनी यादव,चंद्रिका यादव,उत्तरा दीवान,डी पी बागड़े, जीवन साहू,राधेलाल साहू,सरपंच फणीन्द्र गंगासागर,ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर,डॉ नोहर साहू,अयूब खान रिजवी,रघु ठाकुर,धनन्जय साहू सहित संस्था के समस्त स्टाफ शामिल थे।

## असम के सीएम ने राहुल की न्याय यात्रा को रोकने की कोशिश की

- न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा
- न्याय यात्रा में महिलाओं की होगी सक्रिय भागीदारी: अल्का लांबा

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अल्का लांबा ने रविवार 28 जनवरी को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिसकी शुरुआत मणिपुर से 14 जनवरी को हुई है। यह छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से होकर, 536 किमी की दूरी 5 दिन में तय करेगी। इसमें महिला कांग्रेस की सक्रिय भूमिका होगी। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि किस प्रकार असम के मुख्यमंत्री ने प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए राहुल गांधी की न्याय यात्रा को रोकने का प्रयास किया, कॉलेज के अंदर नहीं जाने दिया मंदिर के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभ - युवा, भागीदारी, नारी, किसान एवं श्रमिक न्याय हैं और न्याय का हक मिलने तक का नारा लेकर यह यात्रा निरंतर चल रही है, क्योंकि इन पांच स्तंभों के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने केवल अन्याय किया है। 10 साल के बाद 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का विधेयक पारित होने के बाद भी महिलाओं को न्याय नहीं मिला है, अन्यथा 2024 के चुनाव के बाद 180 बहनें संसद के भीतर होती। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री के नाक के नीचे उनके निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में एक नाबालिग बच्ची के साथ बीजेपी के आईटी सेल के सदस्य रेप करते हैं और रेप के बाद मध्यप्रदेश में भाजपा नेताओं के संरक्षण में भाजपा के पक्ष में वोट मांगते हैं और प्रचार करते हैं। इसी प्रकार चाहे साक्षी मलिक हो, चाहे गुजरात में बिलकिस बानो हो महिलाओं को न्याय नहीं मिला है। आज बेरोजगारी, महंगाई, गिरती हुई अर्थव्यवस्था, चीन से सरहद पर विवाद जनता के सामने हैं और जनता हताश है।

## बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा संदिग्ध चोर गिरफ्तार

**नगरी/नवप्रदेश।** 16 जनवरी को प्रार्थी बिसम्भर मरकाम अपने मोटर सायकल क्र.CG-05-W-1522 में गाँव के संकल्प शिविर ग्राम टांगापानी स्कूलपारा बाजार चौक के पास गया हुआ था मोटर सायकिल को रखकर संकल्प शिविर में भाग लेने गया हुआ था वापस आ कर देखा तो मोटर सायकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी के लिखित आवेदन पर दिनांक 18.01.24 को थाना सिहावा में अप0क्र0 12/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी.नगरी श्री

मयंक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना के दौरान पता तलाश किया गया पतासाजी जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति उक्त चोरी हुई मोटर सायकिल को ले कर बिरगुड़ी हर्रापारा में बिक्री करने की फिराक में घुम रहा है की सूचना की तस्दीक व आवश्यक कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंचकर गवाहों के समक्ष संदेही को हिरासत में ले कर मेमोरण्डम कथन के आधार पर एक मोटर सायकिल को जप्ती किया गया।

## बाइक में खतरनाक स्टंट करते बाइकर्स गिरफ्तार

- 16 बाइकर्स के विरुद्ध धारा 279, मोटर यान अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** नया रायपुर की सड़कों पर बाइकर्स गैंग द्वारा तेज गति और स्टंटबाज़ी करने वाले कुल 16 वाहन चालकों के खिलाफ बाइक स्टंट करते पकड़े जाने पर तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, असुरक्षित रूप से वाहन चलाकर लोगों के जीवन को खतरे में डालने, मौके पर वाहन के कागजात पेश नहीं करने, बिना नंबर के वाहन चलाने संबंधी IPC एवं M.V. Act की धाराओ 279 IPC 184, 130/177, 39/192(1)A, M.V. Act के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई। थाना मंदिर हसौद के द्वारा पकड़े गए बाइकर्स में विमल जोशी पिता स्व. राजेश जोशी (22) पता संतोषी नगर सुमीत बाजार के पीछे थाना टिकरापारा जिजा रायपुर रायपुर (KTM Duke CG-04-PC-2796), अमित यादव पिता उमेन्द्र यादव (28) पता ग्राम अटारी थाना कबीर नगर जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PL-7609), संदीप रानाडे पिता आत्माराम रानाडे (18) पता ग्राम गुमा थाना उरला जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PF-7236), तरूण मंजारे पिता लक्ष्मण मंजारे (31) पता छपोरा थाना विधानसभा जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PB-7155), धनेश साहू पिता लोकुराम साहू (20)

पता रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PM-4703), राकेश लोधी पिता नरेश लोधी (20) पता न्यू प्रगति नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर (यामहा R-15 CG-04-MS-4796), खेमराज साहू पिता नरसिंह नाथ साहू (19) पता शुभम के मार्ट के पीछे संतोषी नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर (KTM CG-04-LW-9734), अनस ओगरे पिता स्व. नामदास ओगरे (20)पता बनरसी थाना माना कैंप जिला रायपुर (पल्सर CG-04-NY-9542), मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद हमीब (18) पता सेमरिया मुर्गी फार्म मोहल्ला थाना विधानसभा जिला रायपुर (यामहा क्र-15 CG-04-MS-2751), इसी प्रकार थाना राखी द्वारा नया रायपुर के सतनाम चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, मंत्रालय टर्निंग के आसपास 7 वाहन चालकों के खिलाफ बाइक स्टंट करते पकड़े जाने पर आईपीसी एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं 279 ipc 184 एमवी एक्ट के तहत प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

कमल कुमार बिरवंश पिता राम की वीरवंश (21)निवासी अटारी नंदनवन थाना आमानाका जिला रायपुर पल्सर बाइक सीजी 04 टीसी 4810, संजय साहू पिता पिता खेमलाल साहू (19) निवासी धनेली थाना धरसीवा रायपुर मोटरसाइकिल पल्सर CG04 सीजी pe 8337,रवि कुमार साहू पिता कमल साहू (22) पता रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर मोटरसाइकिल केटीएम सीजी 04 एमटी 5808, रोहित चौधरी पिता संजय चौधरी (19)वर्ष गाजी नगर बिरगांव थाना उरला रायपुर यामाहा एमटी सीजी 04 पीजे 1918, अमित मंडल पिता मनोरंजन मंडल(18) माना कैंप थाना माना रायपुर मोटरसाइकिल पल्सर CG04 पीजी 2019, थाना उरला निवासी नाबालिग अपचारी बालक और थाना धरसीवां निवासी नाबालिग अपचारी बालक आदि शामिल हैं। यातायात पुलिस रायपुर द्वारा थाना प्रभारी मंदिर हसौद एवं थाना राखी के साथ संयुक्त रूप से बाइकर्स गैंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## न्यूज गैलरी

### गोपालमणी महाराज आज दुर्ग आएंगे

**दुर्ग।** गौ क्रांति के अग्रदूत उत्तराखंड के गोपालमणी महाराज का 29 जनवरी सोमवार को दुर्ग आगमन होगा। वे यहां भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट शनिचरी बाजार द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित कुछ पल गौ माता के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच गौ प्रतिष्ठा कथा के माध्यम से गौ माता की महिमा का श्रद्धालुओं को रसपान करवाएंगे। प्रसिद्ध कथावाचक गोपालमणी महाराज देशभर में गौ संरक्षण और गौ आंदोलन के प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष मानव सोनकर ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### नेशनल फेडरेशन की बैठक संपन्न

**भिलाई।** एनएफटीसीएल की आपात बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों की समस्याओं, चार माह से लंबित वेतन, ईपीएफ एवं ईएसआई ठेकेदारो द्वारा जमा ना किया जाना, आवाज उठाने पर कार्य से निकाल देने की धमकी इत्यादि पर विस्तार पूर्वक समाधान की दिशा चर्चा की गई। सभा को साथी आरके सोनी, साथी सुभाष देशमुख एवं शिरिस राव द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव झेडआई कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साथी आरजी ढोक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष एसजेड बंबार्डे जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने व विद्यार्थियों में तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद करेंगे। परीक्षा पे चर्चा 2024 का कार्यकम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित की गई है। इस कार्यकम का लाइव प्रसारण दूरदर्शन, राष्ट्रीय चौनल, दूरदर्शन न्यूज, दूरदर्शन भारत यूट्यूब, डलळवअ आदि के माध्यम से किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार कार्यकम को संस्थाओं में स्मार्ट टी.वी., डिजिटल क्लास रूम, प्रोजेक्टर स्कीन का उपयोग करते हुए 6वीं से 12वीं तक के अधिक से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को लाइव प्रसारण से लाभान्वित करने और परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करते हुए अपना सर्वोत्तम प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला दुर्ग, सर्व संस्था प्रमुख, केंद्रीय/नवोदय/ शासकीय/ अशासकीय/अनुदान प्राप्त विद्यालय/मदरसा जिला दुर्ग, सर्व विकासखण्ड स्तोत्र व्यक्ति एवं जिले के सभी कोचिंग संस्था संचालकों को निर्देशित किया गया है। परीक्षा पे चर्चा 2024 प्रसारण में कलेक्टर एवं जिला स्तरीय/विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। संस्था में समय से पूर्व आवश्यक व्यवस्था निर्धारित कर समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से समन्वय कर प्रसारण के निरीक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु शालावार अधिकारियों को नामांकित करेगें।

### आंध्र के कलाकारों की दिखेगी जुगलबंदी

**भिलाई।** आंध्र प्रदेश के प्रख्यात नाट्य संस्थाओं द्वारा भिलाई में पहली बार अपनी नाट्य कला का प्रदर्शन किया जाएगा। भिलाई शहर की तेलुगू सांस्कृतिक संस्था कलांजली व पीएमकेएम फाईन आर्ट्स ओंगोल (आंध्रप्रदेश) के संयुक्त तत्वाधान में यह वृहद आयोजन किया जा रहा है। 28 जनवरी से 30 जनवरी तक सेक्टर-4 स्थित एसएनजीएस विद्याभवन के ऑडिटोरियम में उक्त नाटक प्रतियोगिता का अयोजन किया जा रहा है। तेलुगू सांस्कृतिक संस्था कलांजली के अध्यक्ष कोविरि राजू ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय तेलुगू नाटक प्रतियोगिता -2024 के इस भव्य आयोजन में आंध्रप्रदेश के कुल 6 नाट्य संस्थाओं द्वारा नाटकों की प्रस्तुति होगी। कोविरी राजू ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन दो-दो नाटकों की प्रस्तुति होगी। 30 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन होगा और इसी दिन विजेता ग्रुप की घोषणा भी की जाएगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्रप्रदेश व तेलंगाना के प्रख्यात फिल्म अभिनेता, निर्माता डॉ एम. मुरली मोहन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### महापौर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**दुर्ग।** निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल ने नया पारा से लेकर चंडी चौक होते हुए गुजराती धर्मशाला तकिया पारा तक सड़क डामरीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके अलावा गांधी चौक बोथरा ज्वेलर्स से होते हुए शनिचरी बाजार हार्डवेयर लाइन तक डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। महापौर के साथ सभापति राजेश यादव व ठेकेदार मौजूद थे। डामरीकरण कार्य 97 लाख की लागत से किया जा रहा है। नयापारा होते हुए माँ चंडी मंदिर चौक से लेकर गुजराती धर्मशाला मोती पारा चौक तक करीब दो किलो किमी लंबी सड़क का डामरीकरण आज ही प्रारंभ किया गया। सोमवार को डामरीकरण कार्य मान होटल से लेकर महात्मा गांधी स्कूल तक एवं इंदिरा मार्केट कुआँ चौक तक प्रारम्भ किया जाएगा। महापौर बाकलीवाल ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि काफी समय से वार्ड पार्षद व क्षेत्रीय नागरिक इस सड़क का डामरीकरण कराने की मांग कर रहे थे।यह कार्य पूरा होने पर यहां से आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।बाकलीवाल ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए।उन्होंने ठेकेदार को चंडी चौक से बाजार व तकिया पारा जाने वाले मार्ग पर डामरीकरण की क्वालिटी बेहतर रखने दिये सख्त निर्देश। वे समय-समय पर सड़क की गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण करते रहेंगे।

# रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महका राजेंद्र पार्क

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** निगम प्रशासन द्वारा राजेन्द्र पार्क में भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का विधायक गजेंद्र यादव द्वारा सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा एवं पार्षदों और अधिकारी, कर्मचारी के बीच फीता काटकर भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निगम द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीगार्डन की तर्ज पर राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित फ्लावर-शो को देखने सुबह से देर रात तक 15 हजार से अधिक लोग पहुंचे। फ्लावर-शो पर 250 से अधिक वेरायटी के फूल सजाए गए थे। इनमें काला और हरा गुलाब के साथ बोनसाई के पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए। महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा के अनुरूप निगम प्रशासन द्वारा शहर को ग्रीन सिटी बनाने पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करने के मकसद से फ्लावर-शो का आयोजन किया गया। विधायक यादव एवं महापौर बाकलीवाल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले

लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों व स्कूल बच्चो द्वारा पेंटिंग व डांस किया गया जिन्हें प्रशस्ति पत्र वितरण प्रदान किया गया। उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, दीपक साहू, हमीद खोखर, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर, मदन जैन, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, विजेंद्र भारद्वाज, चमेली साहू, हेमा शर्मा, बृजलाल पटेल, शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू, ज्ञानदास बंजारे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, ईई दिनेश नेताम, जितेंद्र समैया, वीपी मिश्रा, आरके पलिया, जावेद अली, दुर्गेश गुप्ता, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, थानसिंह यादव, पूर्व सभापति देवनारायण तांडी, अजय गुप्ता, रत्ना नामदेव, रामकली यादव, अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद आदि मौजूद रहें। इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों व पर्यावरण प्रेमियों का जुड़ाव हो सके इसके लिए घरों में तैयार पौधों को भी फ्लावर-शो में सजाने का अवसर दिया गया। इसमें सैकड़ो से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया। फ्लावर शो में नगर निगम द्वारा तैयार फूलों के गमलों व सजावटी पौधों के अलावा फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए। फ्लावर शो में गमला में फूल पौधा सजावट,कट फूल पौधा सजावट और बोनसाई फूल पौधा सजावट तीन केटेगरी में कराई गई।नगर निगम दुर्ग फ्लावर शो : हरा और काला गुलाब सहित बोनसाई पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर-शो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। अयोध्या मंदिर कटआउट बनाया गया था इसे लोगों की जमकर सराहना मिली।

# पांच स्टंटबाजों पर पुलिस की कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** गणतंत्र दिवस पर बाइक में स्टंट कर आम लोगो को परेशान करने वाले 1 नाबालिग सहित 5 स्टंटबाजों को पकड़ा है।बाइक स्टंट के वायरल वीडियो पर एसएसपी दुर्ग ने तुरंत संज्ञान लेकर की कार्रवाई की। ऐसे वाहनो के चालकों का शिकायत यातायात व्हाट्सअप नम्बर (94791-92029) या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर (94791-92099) पर भेजे। दुर्ग पुलिस ने शनिवार को मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करने और उसका वीडियो शूट करने के आरोप में चार युवकों और 01 नाबालिग को हिरासत में लिया है। युवाओं ने गणतंत्र दिवस पर स्टंट किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो पर संज्ञान स्वयं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री राम गोपाल गर्ग ने त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित दिया, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर श्री विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सुपेला श्री दुर्गेश शर्मा के द्वारा स्टंट बाइकर्स पर लगातार कार्यवाही करते हुऐ आज दिनांक को वायरल वीडियो की जांच कर पता तलाश किया। जिस पर 05 बाइक पर सवार स्टंट राइडर्स से पुछताछ करने थाना लाया गया, पुछताछ पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया जिस पर सुपेला थाने में अपराध पंजीबद्ध कर बाइक को जप्त किया गया। जिसमे 04 बालिग एवम 01 नाबालिग को हिरासत में लिया गया। उन सभी को समझाइए दिया गया जिस पर उनके द्वारा आगे इस प्रकार की किसी भी तरह की बाइक स्टंट न करने की शपथ भी ली गई। थाना सुपेला पुलिस के द्वारा 05 वाहनों को जप्त कर धारा 279 के तहत एवम मोटर व्हीकल एक्ट को धारा 183(1), 184, 189,194(स्र), 37/177, 3/181, 5/180 में कार्यवाही कर 04 युवक एवम 1 नाबालिक को हिरासत में लिया गया। जिसमे राज अनुरागी रिसाली, प्रदीप प्रजापति सेक्टर 6, सिंटा सोनू घासीदास नगर, संजय सोना सेक्टर 5 भिलाई का होना पाया गया। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की जा रही है मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अर्थदण्ड वसूल कर लाइसेंस सस्पेंड किया जा रहा है जिसके जवाबदार स्वयं होगें। यदि आपके क्षेत्र में इस प्रकार के वाहन हो तो यातायात वाट्सअप एवं कंट्रोल रूम पर भेजे।

# तेज रफ्तार बाइक सवार ने मासूम को रौंदा, मौत

नव प्रदेश संवाददाता

**पाटन।** उत्तर पाटन के ग्राम भाठागांव (औरी) में शनिवार की सुबह करीब 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक 8 वर्षीय बालिका को मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला।

चार पहिया और दो पहिया वाहनों के गति नियंत्रण करने के लिए ब्रेकर बनाने की मांग ग्रामीणों ने की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भाठागांव ( औरी) में रहने वाले प्रकाश निषाद के बेटी नम्रता निषाद उम्र 8 साल दुकान में सामान खरीदने है थी। वहा से वो वापस अपने घर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। नम्रता क्लास 3 की छात्रा थी। प्रत्यक्षदर्शीयो के मुताबिक बाइक चालक शराब के नशे में थे ओर बाइक काफी तेज रफ्तार थी। इस कारण बाइक को अनियंत्रित नही कर पाया। बताया जा रहा है की बाइक सवार केसरा का रहने वाला है। उसका भी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की इस रोड में अभी भी बड़ी बड़ी वाहन चल रहा है। कैप्सूल वाहन के अलावा लौह अयस्क लेकर चलने वाले भारी वाहन हमेशा तेज रफ्तार से चल रहा है। बता दे की मोतीपुर चौक में ही कुछ माह पहले केपशुल वाहन को चपेट में आ गया था। जिसमे भाठागांव ( औरी) में ही रहने वाले पिता पुत्र की मौत हो गई थी। इसके बाद भी शासन प्रशासन की आंख नही खुली।

# एक साथ 9 ने किया देहदान

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** सामाजिक संस्था प्रनाम के माध्यम से निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरूनगर भिलाई के 9 सदस्यों द्वारा एकसाथ देहदान किए जाने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। देहदान करने वालों में 3 दम्पत्ति शामिल है। जिन्होंने 3 दिवसीय दिव्य अध्यात्मिक सद्ज्ञान महोत्सव के दौरान आश्रम के आजीवन सदस्य और प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से एम्स रायपुर के लिए चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु देहदान किया। देहदान करने वाले दम्पत्तियों में कन्हैया लाल देवांगन और उनकी पत्नी तुलसी वृंदा देवांगन, भरतराम साहू और उनकी पत्नी सरस्वती साहू, साधुराम साहू और उनकी पत्नी शैलेंद्री साहू, के अलावा आध्यात्मिक सत्संग के सदस्य संत शिव साहेब,फक्कीरराम साहू और जगदीश राम साहू ने एम्स रायपुर के नाम देहदान देहदान की कुल 9 वसीयत जारी की। नेहरू नगर, कबीर आश्रम में प्रतिवर्ष स्थापना दिवस के खास मौके पर इस बार भी 55वें वार्षिक स्थापना दिवस पर देहदान हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें आश्रम के सचिव आत्माराम साहू और पवन केसवानी ने देहदान के विषय में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : भूपेश

नव प्रदेश संवाददाता

**पाटन।** समीपस्थ ग्राम भनसूली(के) एवम् तेलीगुंडरा में दो दिवसीय रामचरित मानसगान प्रतियोगिता एवं मंडई मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल थे। अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने किया। विशेष अतिथि दिनेश साहू सभापति जप, महेंद्र वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक पाटन, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक, तुलसी गैंदलाल डहरिया सरपंच, मनीष पटेल सरपंच, दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, दिलीप साहू, कमलेश साहू उपसरपंच थे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि

सियारामचंद्र हम सबके कण कण में बसे है। दोनों गांव की परंपरा रही है विगत लगभग 50 वर्षो से मंडई मिलन होते आ रहा है। ग्राम के बेटी, दामाद सहित अन्य रिश्तेदार, दोस्त इस अवसर पर अपने शोर संदेश का अनुभव साझा करते है। उन्होने कहा की आप सभी के आशीर्वाद से मुझे विधायक बनाने के लिए सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद प्रेषित करता हूं।आगे भी छत्तीसगढ़ महतारी के स्वाभिमान एवं जनहित की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर राजेंद्र साहू महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, देवकुमार निषाद, अजय सिंगौर, ईश्वर निषाद, ईश्वर शर्मा, सालिक साहू, पुरण साहू, गोपाल साहू, डा हेमंत साहू, महेश साहू, सेवक देवांगन, राधेश्याम देवांगन, रामनारायण साहू, कमलेश साहू, तुलेश्वर निर्मल, दादूराम साहू, दिनेश साहू, कैलाश साहू, डा. केके साहू, किशोर साहू, मन्ना पटेल, बिसौहा बढ़ई, दुलारी साहू, गोमती साहू, बाहरीन साहू, उषा साहू, प्रेमलाल साहू, छबि साहू, हरिशंकर, बिरेंद्र साहू, रोहितदास मानिकपुरी, रामदयाल साहू, उत्तम साहू, चित्रसेन साहू सहित आयोजक समिति के सभी पधाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** महान क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त, शहीद हेमू कालाणी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शामिल हुए। वोरा ने शहीद हेमू कालाणी को नमन करते हुए आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को याद किया। वोरा ने कहा कि शहीद हेमू कालाणी की देशभक्ति का जज्बा और भारत की स्वतंत्रता के लिए दीवानगी भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। शहीद हेमू कालाणी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक डॉ. राजपाल, एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी, भोला महोबिया, प्रकाश गीते सहित अन्य गणमान्य

नागरिक मौजूद थे। भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को बाम्बे प्रेसीडेंट के सिंध डिवीजन के सुक्कूर में एक सिंधी जैन परिवार में हुआ था। सुक्कूर अब पाकिस्तान में है। वे देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक थे। उनके 20 वें जन्मदिन से दो महीने पहले केवल 19 वर्ष की आयु में उन्हे अंग्रेजी हुकूमत के आदेश पर फांसी दी गई थी। हेमू को सिंध का भगत सिंह भी कहा जाता है। वे बचपन से साहसी थे और विद्यार्थी जीवन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। मात्र 7 वर्ष के थे तब तिरंगा लेकर अंग्रेजो के बीच क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे।

### वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए पात्र युवाओं का कराएं पंजीयन: कलेक्टर

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती में शामिल होकर देश सेवा करने का सुनहरा अवसर युवाओं को मिल रहा है। अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। 6 फरवरी तक इसका ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। इसी संबंध में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज सभी सीईओ और सीएमओ की ऑनलाइन बैठक लेकर जिले के अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन अग्निवीर भर्ती में सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा का किया औचक निरीक्षण

### विद्यालय और छात्रावास में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

### प्रिंसिपल सहित पुरुष और महिला अधीक्षक को नोटिस

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज छुरा के एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बच्चों के रहने और पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों से पढ़ाई एवं रहने खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान आवासीय स्कूल के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद स्टाफ से बच्चों की उपस्थिति, स्टाफ उपस्थिति पंजी, स्टॉक पंजी आदि की जानकारी ली। साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो लैब में जाकर प्रैक्टिकल के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके अलावा छात्रावास में राशन सामग्रियों के रखने के लिए बनाए गए स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बच्चों के रहने के कक्ष में भी जाकर साफ सफाई व्यवस्था, चादर, गद्दा, बेड, पंखे, लाइट, फिल्टर वाटर सिस्टम आदि का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई नहीं पाए जाने, कचरा इधर-उधर बिखरे रहने एवं फिल्टर नल खराब रहने, स्टॉक पंजी संधारित नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही स्टोर रूम में खाद्यान्न सामग्रियों के उचित रखरखाव नही होने और सामान व्यवस्थित नहीं पाए जाने पर अधीक्षक पर कड़ी नाराजगी जताई। इस मौके पर आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल भी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रिंसिपल के गायब रहने और आवासीय विद्यालय में भारी अव्यवस्था पाए जाने एवं स्टॉक पंजी के रख रखाव नही पाए जाने पर प्रिंसिपल और अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्राओं के हॉस्टल में भी जाकर स्टोर रूम का अवलोकन कर जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर महिला अधीक्षक किसी कर्मचारी को बिना लिखित प्रभार दिए अनुपस्थित पाई गई। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर महिला अधीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# टॉपर्स को सांसद बघेल ने दिया स्मार्टफोन

नव प्रदेश संवाददाता

**कुम्हारी।** निकटवर्ती ग्राम कपसदा में 1993 से संचालित हो रहे कोसल हायर सेकेण्डरी स्कूल ने अपना 30वां वर्षगांठ वार्षिकोत्सव के माध्यम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल रहे व अध्यक्षता अहिवारा नपा अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार ने किया। विशेष अतिथि के रूप में छ.ग. भाजयुमो कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, अहिवारा मंडल महामंत्री संजय पांडेय, राजा शर्मा, रामाधार शर्मा, खेमिन साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, विजय चौबे एवं दिवेश यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ तत्पश्चात प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद तिवारी एवं कपसदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष रोशनलाल साहू द्वारा अतिथियों का

स्वागत फूल माला व स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम की तैयारी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से आए हुए छात्र अमितेष तिवारी व कपिल धनकर और कोसल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया और टॉपर्स सौम्या साहू 94त्न व विभा वर्मा 92त्न को स्मार्टफोन भी भेंट किया गया, सांसद श्री विजय बघेल और सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की बेहद प्रशंसा की और कृषि संकाय को चलाने वाली एकमात्र संस्था होने पर विद्यालय संचालकों को बधाई दिया साथ ही प्राचार्य के आग्रह पर विद्यालय को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी,कर्मचारी एवं अन्य को किया गया सम्मानित

**धमतरी/नवप्रदेश।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों और अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दानेश्वर साहू, परिचारक नेमीचंद निषाद, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉ.डी.आर.ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूण कुमार नेताम, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक हितेन्द्र कुमार साहू, सीएचओ खिलावन साहू, आरएचओ मंजू साहू शामिल हैं। इसी तरह राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 2 मुकुंद सिंह नेताम, चौकीदार कृपाराम ध्रुव, राजस्व निरीक्षक शंभू नेताम, रोहित ध्रुव, निर्वाचन शाखा के निर्वाचक पर्यवेक्षक श्री ओम प्रकाश चन्द्राकर, वन विभाग के सहायक ग्रेड 2 मुकेश पाण्डेय, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर परिसर पाहंदा श्री गौतम निषाद, उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के गेमगाड विजय कुमार खुंटे, गजराज वाहन चालक संतोष राम को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। सी तरह शिक्षा विभाग के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक राजेश कुमार पाण्डेय, प्राचार्य गेवाराम नेताम, व्याख्याता एल.बी. आकाश गिरी गोस्वामी, व्यायाम शिक्षक ओंकार पटेल, छात्रा कुमारी सृष्टि दुबे, आदिवासी विकास विभाग के स्टेनोग्राफर भुवनेश्वरी साहू, सहायक ग्रेड 2 श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डे भृत्य तामेश्वर बंजारे, प्रचार-प्रसार अधिकारी श्री डूमनलाल ध्रुव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मण सिंह साहू, तकनीकी सहायक सचिन सोम, कम्प्यूटर ऑपरेटर हुलास राम साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उप अभियंता कमलेश ठाकुर, स्वच्छता दीदी ममता दीवान, आदि शामिल है।

■ न्यूज गैलरी

## दूसरे की जमीन को अपना बता किया सौदा, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** शहर के घुटरापारा इलाके में एक व्यक्ति के साथ जमीन बेचने का झांसा देकर तीनों लोगों ने मिलकर 2 लाख 30 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने पहले अमीर हमजा अंसारी को घुटरापारा में एक दो डिसमिल का प्लाट दिखाया और बेचने का एग्रीमेंट कर 2 लाख 30 हजार रुपए एडवांस में ले लिए। एग्रीमेंट पर जमीन का खसरा नंबर का उल्लेख नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि बाद में जब अमीर हमजा ने रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाने लगा तो मोजिब अंसारी, हासिम व मुतुर्जा अली टाल-मटोल करने लगे। इसके बाद प्रार्थी को संदेह होने लगा। उसने अपने स्तर पर पूछताछ की तो पता चला जिस जमीन का एग्रीमेंट कराया गया है, वह दूसरे की है। इसके बाद प्रार्थी ने रिपोर्ट की। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर तीनों आरोपियों घुटरापारा निवासी मोजिब अंसारी, मायापुर निवासी हासिम व गुरुद्वारा वार्ड निवासी मुतुर्जा अली को गिरफ्तार कर लिया है।

## पार्षद ने महिला व उसके बेटे को पीटा

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** शहर के घुटरापारा स्थित सोसायटी के सामने चबूतरे पर झंडा फहराने को लेकर पार्षद और पड़ोसी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पार्षद ने अपने साथियों के साथ मिलकर पड़ोस की महिला व उसके बेटे की पिटाई कर दी। बता दें कि रात में महिला के घर में, वे दरवाजा तोड़कर घुसे थे। मारपीट के बाद महिला के बेटे को पार्षद व उसके साथी उठाकर ले गए थे। फिर बाद में पुलिस ने उसे छुड़ाया। पुलिस ने बताया कि मामले में मारपीट करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पार्षद सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घुटरापारा पुराना पानी टंकी चौक निवासी निशा सोनी नर्स हैं। वे जन अधिकार परिषद संस्था की सदस्य भी है। 26 जनवरी को वो झंडा फहराने पहुंची, तो देखा कि पहले मोहल्ले के कन्हैया बघेल ने वहां झंडा फहराया था। जब उसने कन्हैया से पूछा तो वह विवाद करने लगा। जब उसने संस्था का सदस्य होने की बात कही तो, विवाद और बढ़ गया। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज व मारपीट की। इसके बाद रात में कन्हैया बघेल नगर निगम के पार्षद सिकंदर जायसवाल व अन्य साथियों के साथ निशा के घर पहुंचा। वे दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुसे और निशा व उसके बेटे के साथ मारपीट की। इसके बाद निशा के बेटे को जबरन उठाकर ले गए। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की और निशा के बेटे को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया। पुलिस ने पार्षद व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सीयूईटी पीजी के लिए अब 31 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 31 जनवरी तक किए जा सकते हैं। इसकी तारीख बढ़ाई गई है। पहले फार्म भरने के लिए 24 जनवरी को अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। इसके बाद तिथि बढ़ाई गई। इस संबंध में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं, आवेदन त्रुटि सुधार 2 फरवरी से 4 फरवरी तक होंगे। एनटीए की ओर से प्रवेश परीक्षा 11 मार्च से 28 मार्च तक होगी। कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में यह टेस्ट होगा।

## 8 फरवरी से बीएड फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से बीएड सेमेस्टर की परीक्षा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बीएड की परीक्षा 8, 12 व 15 फरवरी को होगी। वहीं, एमबीए चौथे सेमेस्टर एटीकेटी की परीक्षा की समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। इसकी परीक्षा 15,17 और 19 फरवरी को आयोजित की जाएगी। राज्य के 145 कॉलेजों में बीएड की पढ़ाई हो रही है। इन कॉलेजों में बीएड की 1400 सीटें हैं। अन्य विवि से भी बीएड फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी की जा रही है।

## छात्रा ओजस्वी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** परीक्षा पे चर्चा-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा कार्यक्रम के आयोजन स्थल में राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा क्रमशः विद्यालय स्तर, संकुल स्तर व संभाग स्तर पर विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग द्वारा 20 कलाकृतियों का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रदर्शनी के लिए किया गया है। इसमें केंद्रीय विद्यालय रेलवे कॉलोनी मनेंद्रगढ़ की कक्षा 12वीं की छात्रा ओजस्वी चौरसिया की कलाकृति हमारी विरासत हमारी पहचान को स्थान मिला है। विद्यालय के प्राचार्य जेके खान्ना ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर छात्रा का चयन विद्यालय और मनेंद्रगढ़वासियों के लिए गौरव की बात है।

## हसदेव बचाने शुरू हुई पदयात्रा में कई राज्यों के यात्री शामिल

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** गणतंत्र दिवस पर हसदेव बचाव मंच ने हरिहरपुर धरना स्थल से पदयात्रा शुरू की है। यह पदयात्रा सरगुजा संभाग में पचास दिनों तक चलेगी। 15 मार्च को विशाल समारोह के साथ इसका समापन होगा। पदयात्रा में शामिल होकर लोगों ने खनन बंद करने का संदेश दिया। हसदेव बचाव पदयात्रा के संयोजक रमेश ठाकुर अपने साथियों के साथ प्रकृति पूजा के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हसदेव बचाव मंच के मीडिया प्रभारी आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने बताया कि यह यात्रा 50 दिन तक पूरे सरगुजा संभाग का भ्रमण करेगी। यात्रा के जरिए हसदेव को बचाने लोगों को जोड़ेंगे। यात्रा के शुरू होने पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री देव साय मरावी, डॉ. उदय भान सिंह चौहान, डॉ. सत्यजीत साहू, शशि सिंह, बृजमोहन, कुंदन साहू, राजू, सरजू, देवीप्रसाद, सुकीर्ति सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# अवैध प्लाटिंग पर होगी कार्रवाई

### करेंगे सख्त कार्रवाई

बिना अनुमति व ले आउट की प्लाटिंग करने वालो के उपर कडी से कडी कार्यवाही की जावेगी और पुराने अवैध प्लाटिंग को भी नियमानुसार वैध कराने की पहल की जावेगी
**अनुभव सिंह,** सी एम ओ नपा,मुंगेली

**मुंगेली/नवप्रदेश।** लगातार हो रही कार्यवाहियों के बाद भी नगर में चल रहे भूमाफियाओं का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, कौडी के मूल्य में किसानो और जरूरत मंदो की जमीन लेकर लाखो कमाने वाले इन जमीन दलालो पर कानूनी शिकंजा कसना कसने वाला राजनीतिक रसूख के दम पर ये अपने काम को बखूबी अंजाम देते है। जहां प्रशासन सरकारी जमीनो की तलाश कर रही है जहां सरकारी आवास, कार्यालयों का निर्माण कराया जा सके। वही दुसरी तरफ भूमाफिया सरकारी जमीनो का बंदरबाट कर अपने मनसूबे पुरे करने में लगे है।

गौरतलब हो कि नगर में चल रहे भूमाफियाओं की करतुतो के चलते अब शहर की सरकारी जमीने भी सुरक्षित नही रह गई है, कुछ समय पहले तक जहां किसानो की जमीनो को कम दामो में खरीद कर बेचते इन भूमाफियाओं के हौसले इतने बढ़ने लगे की इन लोगो ने शहर की सरकारी जमीनो को तक नही बक्शा है। हर जरुरतमंदों और गरीबों का एक सपना होता है कि उनका स्वयं का एक अच्छा, सुविधानुसार मकान हो, स्वयं का मकान होने का सपना देखने वालों को भूमाफियाओं और जमीन दलालों ने लूटने के अलावा कुछ नहीं किया है।इन भूमाफियाओं और जमीन दलालों के द्वारा जमीन खरीदने वालों को कम कीमत पर प्लाट देने का लालच देकर उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है और ग्राहक भी जानकारी व नियम कायदे के अभाव में इन भूमाफियाओं के चंगुल में लगातार फंसता जा रहा है।नगर में सफेद पोश राजनैतिक हस्तियों के दखल अंदाजी के चलते नगर में सरकारी जमीनो की गुपचुप तरीको से खरीदी बिक्री होते रही है, जिसको लेकर कुछ राजनैतिक दलो के नेताओं ने भी जिला कलेक्ट्रेट में अनगिनत बार ज्ञापन तो सौंपा किंतु उसके बावजूद भी इन जमीन दलालो के हौसले पस्त नही हुए बल्कि और दम खम के साथ ये सरकारी जमीनो में दखलअंदाजी किया है। नगर के कुछ चर्चित जमीन दलाल पर जल्द से जल्द अगर लगाम नही कसा गया तो वो लोगो के विश्वास को इसी तरह छलते रहेंगे , और निजी जमीनो के साथ साथ सरकारी जमीनो को बेचकर शहर को खोखला कर देंगे । सरकारी कार्यालयो और आवासो के जमीन तलाशता प्रशासन-जिला बनने के लगभग 12 सालो बाद भी सरकारी आवासो और कार्यालयो के लिए जमीन की तलाश जारी है अविभाजित बिलासपुर में संचालित होने वाले विभागो को मुंगेली में संचालित किया जाने लगा है,वर्तमान में जिले में लगभग 52 विभाग संचालित है जिसमें से ज्यातर विभाग जिला कलेक्ट्रेट में लग रहे है, इसके अलावा लगभग 5 से 10 कार्यालय उधार की बिल्डिंग एवं किराये के भवनो में संचालित हो रहे है जिससे राजस्व की हानि हो रही है।जमीनो की कमी के चलते जहां आवास की उपलब्धता कम है वही अविभाजित बिलासपुर जिले के कई कार्यालय आज भी बिलासपुर से संचालित है।वही दुसरी ओर सरकारी जमीनो को शासन के नियमो के अनुसार फ्रीहोल्ड के अंतर्गत बेच दी है।

**क्या कहते है शहरवासी-** शहरवासियों ने कहा कि इस तरह के चर्चित मामले पर जहां ज्ञापनो का दौर लगातार चल रहता है शहरवासियो का कहना है कि क्या अधिकारी ऐस कालोनाईजरों को बचाने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव में लगाते हैं या फिर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हैं ।वर्तमान समय मे मुंगेली जिले की हर दिशा के साथ ही नगर में अवैध प्लाटिंग का जाल फेला हुआ है।नगरवासियों की माने तो मुंगेली जिला प्रशासन के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण व सांठगांठ से ही मुंगेली मे अवैध प्लाटिंग का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है।मुंगेली में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खेल में राजनैतिक भूमाफियाओं जनप्रतिनिधियों नेताओं सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों के वरदहस्त की बात भी बीच बीच मे सामने आते रही है।

**नियम-**बिना अनुमति व ले आउटप्लाटिंग अवैध माना जाता है।पंचायती राज अधिनियम की धारा 61 व भूमि का अधिग्रहण व प्रबंधन अधिनियम की धारा 292 ग एवं 292 (5) में ऐसे जमीन का अधिग्रहित कर शासकीयकरण का प्रावधान है।जमीन की चाहे प्रमाणी करण भी करा लिया गया हो रजिस्ट्री शून्य घोषित कर शासन के पक्ष में राजसात किया जा सकता है।

**5 साल तक सजा का है प्रावधान-**बिना अनुमति व ले आउट की प्लाटिंग पंचायती राज अधिनियम 1993, नगरपालिकनिगमअधिनियम 1956, छग भूमिविकास अधिनियम 1984 व ग्राम निवेश अधिनियम में अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में रजिस्ट्री शून्य घोषित करने और जमीन के शासकीयकरण के साथ 5 साल सजा व 5 लाख रुपए तकजुर्माना का प्रावधान है।

# कलश यात्रा में महिलाएं हुईं शामिल

**संगीतमय श्रीमदभागवत कथा नगर में**

**मुंगेली/नवप्रदेश।** श्री रूद्र महायज्ञ, संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन बीआरसाव हाईस्कूल मैदान में 26 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित है। 26 जनवरी से भव्य कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकली। जिसमें महिलाएं सिर पर कलश एवं गाजे-बाजे के साथ विभिन्न टोलियों जिसमें कथा व्यास पीठाचार्य श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य एवं पं. दीनानाथ उपाध्याय शामिल रहे।

कारेसरा निवासी दीक्षित परिवार द्वारा आयोजित बीआरसाव हाईस्कूल मैदान में श्री रूद्र महायज्ञ, संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री रूद्र महायज्ञ के यज्ञाचार्य वाराणसी से पं. आमोद शंकर मिश्र है। श्रीमद भागवत महापुराण में कथा व्यास पीठाचार्य श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य है। भागवत कथा में 29 जनवरी को प्रहलाद चरित्र नृसिंहावतार, 30 जनवरी को कृष्ण जन्मोत्सव, 31 जनवरी को बाल लीला गोवर्धन पूजा, उपनयन संस्कार, 1 फरवरी को श्रीकृष्ण रूखमणि विवाह, 2 फरवरी को श्री सुदामा कृष्ण मिलन, 3 फरवरी को हवन पूर्णाहुति, ब्राम्हण भोजन, भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं काल 6 बजे तक है। रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक श्रीरामचरित मानस कथा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास कामदगिरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम से है।

# जिले में पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशनकार्डो का होगा नवीनीकरण

**एप के जरिए 15 फरवरी तक कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन**

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डो के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी तक पूर्ण किया जाएगा। हितग्राही द्वारा 15 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं हितग्राहियों को राशनकार्ड प्रदाय 01 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला स्तर से लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकान स्तर तक उपरोक्त समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राहियों की सहायता के लिए प्रत्येक दुकान हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। सभी उचित मूल्य दुकानों, ग्राम पंचायतों में राशनकार्डो के नवीनीकरण हेतु आवेदन की समयावधि, आवेदन की प्रकिया आदि संबंधी जानकारी बैनर/पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। साथ ही सभी ग्रामों में इसके संबंध में अनिवार्य रूप से मुनादी कराई जाए। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डो के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप के जरिए की जाएगी। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राइड मोबाईल नहीं है अथवा जहा पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर आनलाईन तथा आफलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डो हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एंड्राइड मोबाईल फोन में खाद्य विभाग के एप को डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिए राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। राशनकार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नम्बर, मुखिया का नाम, पति/पिता का नाम, लिंग, आयु, राशनकार्ड का प्रकार, उचित मूल्य दुकान का क्रमांक तथा राशनकार्ड में दर्ज समस्त सदस्यों की जानकारी सहित इनके ईकेवायसी की स्थिति एप के जरिए विभागीय डेटाबेस तत्काल प्रदर्शित हो जाएगी। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अस्पष्ट होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपने राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाईल नम्बर एवं राशनकार्ड में दर्ज मोबाईल नम्बर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

# टोकन कटने के बाद बारिश होने से नहीं बेच पाए धान, अब परेशानी

**जांजगीर/नवप्रदेश।** खरीदी की लिमिट फुल हो जाने व टोकन कटने के बाद बारिश के कारण धान नहीं बेच पाने वाले किसानों के सामने समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाने का संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि जिस दिन उन्हें धान बेचना था, उस दिन बारिश होने से संशोधन करते हुए उनका नाम कैरी फॉरवर्ड कर दिया गया, दूसरी तारीख में भी खरीदी नहीं हो पाई। नियमानुसार इस बार भी कैरी फॉरवर्ड करके अगली तारीख दी जानी चाहिए, लेकिन खरीदी की लिमिट पूरी हो जाने के कारण कई किसानों का नाम कैरी फॉरवर्ड नहीं हो पा रहा है। अब अंतिम चरण में तकनीकी समस्या आने से किसान तो परेशान हैं ही, प्रभारी भी इस समस्या से डरे हुए है। सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के लिए केवल तीन दिन ही शेष रह गए हैं, अब तक निर्धारित तिथि के अनुसार बुधवार 31 जनवरी को पोर्टल लॉक हो जाएगा। तिथि में बदलाव होगा कि नहीं रविवार तक कोई आदेश विभागीय अधिकारियों के पास नहीं आया था। जनवरी में जिन किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन कटाया था, उन्हें अब इस बात का डर सता रहा है कि वे धान बेच सकेंगे कि नहीं, क्योंकि 18 जनवरी से जिले में मौसम खराब होने व बारिश से खरीदी प्रभावित हुई है। इस दिन से लेकर रविवार तक यानी नौ दिनों तक केंद्र में खरीदी नहीं हुई है, इस बीच केवल 24 जनवरी को ही कुछ धान खरीदा गया है।

# जेसीसी पब्लिक स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुंगेली/नवप्रदेश।** चातरखार स्थित जेसीस पब्लिक स्कूल के नये शाला भवन में आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम हेतु आए पालकों एवं बच्चों का स्वागत मुख्य द्वार पर शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

जेसीस शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों के स्वागत पश्चात समिति के नए सदस्यों का परिचय दिया गया। शाला के प्राचार्य सुनील पांडेय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तत्पश्चात समिति के सचिव संजय गुप्ता द्वारा संक्षिप्त उद्बोधन में स्कूल की अभी तक की समस्त जानकारी दी गई और भविष्य में छात्रों को नवनिर्मित भवन में सर्वसुविधा युक्त शिक्षा संस्थान देने की बात कही।आनंद मेला की शुरुआत रिबन कटिंग के साथ हुई। आनंद मेला द्वारा बच्चों के व्यावसायिक प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वागत नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई तत्पश्चात प्राइमरी के छोटे बच्चों के द्वारा वन संरक्षण, जल संरक्षण एवं शिक्षा का प्रसार पर संदेश देने वाले मोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। रावत नाच बहुत ही आकर्षक रहा। रामलीला पर संक्षिप्त नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें बच्चों ने नैनाभिराम झलकियां प्रस्तुत की। मिडिल एवं हाई- हायर के बच्चों द्वारा ड्रामा में अनेकता में एकता का संदेश दिया गया तथा दर्शकों को लोटपोट करने वाले भी ड्रामा किए गए। साथ ही सुआ, पंजाबी, राजस्थानी, साउथ इंडियन एवं कठपुतली नृत्य द्वारा सभी ने दर्शकों के मन को मोह लिया। मुंगेली के गौरव एवं शाला की छात्राएं प्रिया और प्रियंका के नृत्य देख सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति से दर्शक आखरी तक उपस्थित रहे। शाला के छात्र-छात्राओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्तम परिचय दिया। वहीं आनंद मेले में गन्ने के रस की मिठास ने आकर्षित किया तो गुपचुप ,चाट और फास्ट फूड में भी जमकर भीड़ रही। स्वास्थ्यवर्धक फलों ने भी आकर्षण बनाए रखा। स्टॉल के समस्त व्यंजनों की बिक्री से बच्चों में अत्यधिक आनंद एवं उत्साह दिखाई पड़ रहा था। कार्यक्रम के आखिरी पड़ाव में समिति के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई एवं सभी की सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया और सदैव अच्छे काम करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रभारी शरदचंद्र साहू द्वारा पलकों की सहभागिता, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति के लिए एवं समस्त छात्रों, शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विशाल पांडे एवं सपना जोशी द्वारा तथा स्टॉल की मनोरंजक जानकारी अल्पना पाठक द्वारा दिया गया।

**विमान सेवा** पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव विमानन मंत्री को पत्र लिखकर हवाई सेवा शुरू करने की रखी मांग

# लाइसेंस मिलते ही रायपुर और बिलासपुर के लिए फ्लाइट

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** अंबिकापुर से बिलासपुर-रायपुर के लिए जल्द हवाई सेवा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। हवाई सेवा के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया चल रही है। लाइसेंस मिलते ही उड़ान शुरू होगी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के पत्र के जवाब में यह जानकारी दी है।

पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने हाल में विमानन मंत्री को पत्र लिखकर हवाई सेवा शुरू करने की मांग की थी। बता दें कि पिछले कई सालों से इसके लिए कवायद चल रही है। 44 करोड़ रुपए की लागत से दरिमा में हवाई अड्डा तैयार किया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले उम्मीद की जा रही थी कि उड़ान शुरू होगी, लेकिन लाइसेंस की वजह से काम अटक गया। हवाई सेवा यहां चुनावी मुद्दा रहा है। 72 सीटर विमान सेवा शुरू होने के कयास लगाए जा रहे है। लाइसेंस मिलने के बाद किराया तय किया जाएगा। हवाई सेवा शुरू होने के बाद सरगुजा अंचल का राजधानी का सफर आसान हो जाएगा। वहीं भविष्य में बनारस से भी यह इलाका हवाई सेवा से जुड़ जाएगा।

बिलासपुर-रायपुर के अलावा बनारस से भी हवाई सेवा की पहल चल रही है। बता दें कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को भेजे गए पत्र में सिंधिया ने कहा है कि अंबिकापुर-बनारस के लिए उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा के लिए अवार्ड नहीं किया गया है। आने वाले समय में इसके लिए कोई कंपनी आगे आती है, तो इसके लिए हवाई सेवा शुरू की जाएगी। अंबिकापुर से बिलासपुर-रायपुर के लिए हवाई सेवा के साथ बनारस को भी हवाई सेवा से जोड़ने की योजना है।

# दसवीं और बारहवीं के टॉपरों को मिला पंडित रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** दसवीं और बारहवीं के टॉपरों को पंडित रेवती रमन मिश्र पुरस्कार से पुरस्कृत किया। गणतंत्र दिवस पर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार के संस्थापक अनूप कुमार मिश्र चयनित मेधावी विद्यार्थियों को राशि व प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस दौरान पंडित जी द्वारा रचित कविता ॐमातृभूमि का प्यार में लेकर हम जीते हैंॐ का गायन किया गया। प्रभु नारायण वर्मा ने इस पहले के लिए संस्था की सराहना करते हुए बच्चों को इसी तरह से आगे भी सरगुजा का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम में शशिकांत दुबे, अरुण त्रिपाठी व चयनित मेधावी छात्र-छात्राएं और उनके परिवार उपस्थित थे।

### इन छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रिया रोहरा, मनेंद्रगढ़, देवकुमार देवांगन, जशपुर और दसवीं के रोहित यादव, जशपुर, पिंकी यादव, जशपुर, सूरज पैंकरा, जशपुर, आदित्य राज गुप्ता, कुनकुरी, आरती चौहान, जशपुर, योगेश सिंह, जशपुर,वशिका गुप्ता, अंबिकापुर, आकांक्षा साहू, जशपुर, बुलबुल यादव, कुनकुरी, सक्षम एक्का, जशपुर, रिंकी यादव, जशपुर, अनुज कुमार, अर्जुन सिन्हा, कुनकुरी, अमन सिंह, कुनकुरी को पुरस्कृत किया गया। इन्हें पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपए नकद प्रदान किए गए। इसी तरह संभाग से बाहर होने के कारण कक्षा 10वीं के सिकंदर यादव जशपुर, भूपेन्द्र खेस अरगोती सरगुजा व किशोर राजवाड़े सूरजपुर को बाद में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**फिंगेश्वर/नवप्रदेश।** नाबालिग को भगाकर ले जाने की रिपोर्ट फिंगेश्वर थाने में दर्ज कराई गई थी। इस पर फिंगेश्वर पुलिस ने अपराध क्रमांक 304/2023 धारा 363 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट पुविल अधिकारियों को सूचना दी गई। इस पर वरिष्ठों के मार्गदर्शन में पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के तहत गुम बच्चों से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक तत्काल कार्यवाही करने निर्देश दिया गया। नाबालिग को फिंगेश्वर पुलिस की विशेष टीम ने मुंबई से बरामद किया। फरार आरोपी मोहम्मद हाफिज शेख पिता मोहम्मद नूर इस्लाम शेख (30) साकिन मानखुर्द महाराष्ट्र शांति नगर गली नंबर 3 थाना ट्राम्बे (महराष्ट्र) को मुखबिर की सूचना पर रायपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में धारा 363,366, 376 (2) (ढ) भादंवि, 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निर0 जितेन्द्र कुमार विजयवार, सउनि खुमान महिलांग, आर. रोशन साहू, आर. सुरेन्द्र सिंह नेताम, आर. भरत कुमार सेन, महिला आरक्षक पिंकी ध्रुव थाना फिंगेश्वर का सराहनीय योगदान दिया।

### केसीजी फ्यूचर स्कूल का वार्षिक उत्सव

**गंडई पंडरिया/नवप्रदेश।** के सी जी फ्यूचर स्कूल गंडई का प्रथम वार्षिक उत्सव और 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला ने अपना रंगारंग कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ प्रारंभ किया। फैंसी ड्रेस, देशभक्ति के गीत और श्री राम जी की भक्ति में रंगा रहा कार्यक्रम सुखद वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर पीसीलाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रितेश अग्रवाल और पार्षद दिलीप ओंगरे थे। प्री नर्सरी से कक्षा 2 के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का मनमोह लिया। छोटे बच्चों ने राम आयेंगे राम आयेंगे, कीजो केशरी के लाल मेरा छोटा सा एक काम, गणेश वंदना, पुष्पा, छत्तीसगढ़ी नृत्य आदि प्रस्तुत कर मन मोह लिया। बच्चों ने अंग्रेजी में गुड हैबिट बैड हैबिट के बारे में बताया, कुछ बच्चों ने अपनी मा के साथ एक ही गाने पर एक साथ नृत्य प्रस्तुत किया। गंडई का एक मात्र स्कूल जहां इंडोर एवम आउटडोर खेल मैदान है। यहां पर शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी सिखाया जाता है। जिसमे योग आदि शामिल हैं। प्राचार्य ने बताया की बच्चों को स्कूल में खेल खेल में पढ़ाया जाता है।

### 100 से अधिक युवाओं ने दिए परिचय

**नगरी/नवप्रदेश।** यादव समाज का जिला स्तरीय महाधिवेशन सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार 28 जनवरी को सिहावा के शीतला मंदिर यादव भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अनेक जिलों के पदाधिकारी व समाज के लोग शामिल हुए थे। इसकी शुरुआत कलशयात्रा, इष्टदेव की पूजा अर्चना कर अतिथियों के व्दारा की गई। इस अवसर पर अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर, द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, ओंकार साहू विधायक धमतरी, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं समाज के जिलाध्यक्ष व यादव सिहावा क्षेत्र पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने समाज की गतिविधियों के बारे में चर्चा की। 100 से अधिक युवक युवतियों ने परिचय सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर यादव समाज के प्रतिभावान छात्रों का शील्ड, प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### सौ से अधिक वाहनों पर की कार्रवाई

**नगरी/नवप्रदेश।** यातायात एवं जिला पुलिस बल के द्वारा अभियान चलाकर प्रेशर हार्न लगाकर चलने वाले 100 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही कर प्रेशर हार्न जप्त किए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा

देने यातायात नियमों का पालन कराने, सड़क दुर्घटना से होने वाले मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से माह 1 से 28 जनवरी 2023 तक 750 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं थानों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार शिक्षण संस्थानों, शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजन, निःशक्त जन, बीमार व्यक्ति के स्वास्थय तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा समस्त शास0/ अशासकीय अस्पताल, समस्त शास/अशासकीय शैक्षणिक संस्था,जिला एवं सत्र न्यायालय, समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय कार्यालय, को जोन आफ साईलेंट बनाया गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में वाहन चालकों को नियमों का पालन कराया जा रहा है।

### कर्णेश्वरधाम में शाकंभरी जयंती मनाई गई

**नगरी/नवप्रदेश।**मरार पटेल समाज की कुल देवी मां भगवती शाकम्भरी देवी की जयंती देउरपारा सिहावा कर्णेश्वर धाम में यज्ञ हवन एवम महाआरती कर मनाई गई। नगरी राज मरार पटेल समाज के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि कर्णेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता थे। 2023 में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को कर्मचारी प्रकोष्ठ के संरक्षक डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल के द्वारा पांचवी एवम आठवीं में 5000 हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी में 10000 एवम राज्य कार्यकारिणी के द्वारा 300-500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। नगरी राज अध्यक्ष वामदेव कौशल ने युवा वर्ग को नशा से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष वामदेव कौशल, सचिव ललित कौशल,कोषाध्यक्ष कृपाराम संरक्षक भागीरथी पटेल,विजय कौशल,संचालन समिति अध्यक्ष चैनसिंह कौशल,रामसुंदर पटेल, संरक्षक बृजलाल पटेल,सलाहकार सौभाग्य पटेल,महामंत्री मदन पटेल,प्रचार सचिव केश कुमार पटेल, भुनेश्वर पटेल , ममिता कौशल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, श्रीमती सरस पटेल,किशन पटेल,रायसिंह पटेल, पुनारद पटेल,रूप नारायण पटेल,ओमप्रकाश पटेल,अशोक पटेल,शंकर पटेल,रूखमणी पटेल, शारदा पटेल,विशाखा पटेल,हेमप्रकाश पटेल,प्रकाश पटेल, राजिम पटेल, मोहर पटेल, जोहर पटेल,निर्मला पटेल,सहित बड़ी संख्या में मरार समाज के लोग उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कौशल ने दी।

# अर्जुन की तरह एकाग्रचित हों छात्र : प्रधानमंत्री

- **प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन**
- **नवोदय विद्यालय के छात्र तैफुर्रहमान के सवालों पर दिए टिप्स**

**कांकेर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय दूर करने और सकारात्मक सोच के साथ पर्चा हल करने के संबंध में ÷परीक्षा पे चर्चा÷ विषय पर अपनी बातें वर्चुअल तौर पर रखीं। इस दौरान जिले के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा नवमी के विद्यार्थी शेख तैफुर्रहमान के सवालों का भी जवाब देते हुए कहा कि परीक्षा के पहले अपने मन और चित्त को शांत रखें एवं परीक्षा कक्ष में समय से पहले जाकर प्रश्न पत्र का बारीकी से अध्ययन करते हुए सवाल का जवाब लिखें। विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि किसी प्रश्न का उत्तर नहीं भी पता है, फिर भी तनाव न लें, क्योंकि इससे जिन प्रश्नों के उत्तर ज्ञात है, वे भी दिमाग से हट जाएंगे। कोई भी परीक्षा के लिए रणनीति पहले तैयार करें, फिर तनावमुक्त होकर ऐसे प्रश्नों का हल पहले करें, जिनका उत्तर पहले से ज्ञात है। स्कूली परीक्षाओं के

बाद जीवन की पाठशाला शुरू होती हैं। उन्होंने अर्जुन की तरह एकाग्रचित्त होने का सुझाव देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान प्रधानमंत्री ने और भी बहुत सी सीख बच्चों को दी।

चर्चा के उपरांत पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर (करप) में कक्षा नवमी के विद्यार्थी शेख तैफुर्रहमान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जो सवाल किया था, उसका बेहतर ढंग से जवाब मिल गया कि परीक्षा के समय में किसी तरह से भयभीत होने की जरूरत नहीं है। छात्र ने कहा कि आज आयोजित ÷परीक्षा पे चर्चा÷ में प्रधानमंत्री ने बिना किसी तनाव के प्रश्न का हल किया जाना एक अच्छी रणनीति की पहचान है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न पत्र को बार-बार पढ़ा जाए। इस दौरान अपने चित्त को स्थिर और मन को एकाग्र रखें। तैफुर्रहमान ने कहा कि इससे निश्चित तौर पर सभी विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सुझाव मिला है जिस पर अमल करके वे अपने भविष्य को नई दिशा और पहचान दे सकते हैं।

जिला मुख्यालय कांकेर के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में इसे सुनने की व्यवस्था की गई थी, जहां हजारों की संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सुना तथा भयमुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहन मिला।

### शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए मुकेश कश्यप का सम्मान

**कुरूद/नवप्रदेश।** छ.ग. प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएसन कुरूद एवं मगरलोड द्वारा शनिवार को कुरूद में लईका मड़ई का आयोजन इंडोर स्टेडियम कुरूद में संपन्न हुआ। इसमें एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। साथ ही झूलों और फूड स्टॉल व्यंजन विशेष आकर्षण रहा। अंत में इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों का सम्मान हुआ। विगत काफी वर्षो से शिक्षा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुकेश कश्यप को स्मृति चिन्ह द्वारा मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

## खुरसुला स्कूल के छात्रों ने देखा पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण

**बिलाईगढ़/नवप्रदेश।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला के विद्यार्थियों को पी एम मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल % परीक्षा पे चर्चा %कार्यक्रम करते हैं। इस साल भी कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया गया था। 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्रों अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान परीक्षा के तनाव को कम कराने और परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की। सुबह 11बजे से भारत मंडपम, प्रगति मैदान से सीधा संवाद का प्रसारण देखा गया। प्रधानमंत्री देश और विदेश के विद्यार्थियों , शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। पी एम मोदी से छात्र, अभिभावक और शिक्षक कार्यक्रम का हिस्सा बने। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें देश और विदेश दोनों के ही छात्र, शिक्षक और अभिभावक प्रधानमंत्री मोदी के साथ परीक्षाओं और स्कूली जीवन से संबंधित

चिंताओं पर चर्चा की गई। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस कार्यक्रम को देखकर विद्यार्थी निश्चित ही परीक्षा की तैयारी को लेकर बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना, भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, देवेंद्र कुमार राकेश, श्यामलाल नवरत्न, सालिकराम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, हर्षवर्धन रत्नेश,महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, उमाशंकर साहू, सुरेश कुमार रात्रे, निर्मल कुमार खुटे , शिवकुमारी महिलांगे, दिनेश कुमार साहू, सोहनलाल डडसेना,कुसुमलता ठाकुर उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुईं विधायक लता उसेंडी

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विद्यार्थी शिक्षक और पालकों के साथ परीक्षा पर चर्चा की। इस कार्यक्रम को जिले के विद्यालयों में भी प्रसारण किया गया। जामकोटपारा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। कलेक्टर कुणाल दुदावत जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलात उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल सहित जनप्रतिनिधिगण शिक्षक विद्यार्थी और पालकगण इस अवसर पर उपस्थित थे।इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेण्डी ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में सफ्लता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों को परीक्षा में सफलता के लिए सूक्ष्मता के साथ मार्गदर्शन दिया है। जो निश्चित तौर पर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चुनौतियों को चुनौती देने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया है। जिससे वे न केवल आगामी परीक्षा में बल्कि जीवन के हर परीक्षा में सफलता हासिल करेंगे। बच्चों के सफ्ल होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना भी उन्होंने व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परीक्षा में सफलता के लिए दिए गए विभिन्न मार्गदर्शन के दौरान लेखन कौशल को बढ़ाने पर जोर दिए जाने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि इससे निश्चित तौर पर बच्चों की सफलता की दर बढ़ेगी क्योंकि केवल पढ़ने से आंखें सक्रिय रहती हैं।

## अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज न बोएं : मोदी

- **पीएम की परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने की अपील**

**धमतरी/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण का आयोजन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम किया गया, जिसका सीधा प्रसारण पूरे देश सहित जिले में भी किया गया। स्थानीय शासकीय नत्थूजी जगताप नगरनिगम हायर सकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी शामिल हुईं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू सहित स्कूल के शिक्षकवृंद, पालक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुये। इसके आलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन

कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक.दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें। जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें।

## किरंदुल पालिकाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव फेल

- **जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता-मृणाल रॉय**

**किरंदुल/नवप्रदेश।** लौह नगरी किरंदुल नगर पालिका परिषद में बागी कांग्रेसी प्रत्याशियों द्वारा पालिका अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुरी तरह से फेल रहा। बागी कांग्रेसी पार्षद एवं विपक्ष द्वारा विगत कई दिनों से पालिका परिषद में लाये गए राजनीतिक भूचाल के बीच पालिका अध्यक्ष मृणाल राय अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे। बागी और विरोधी द्वारा मिलकर राजनीतिक दांव पेंच चलने के बाद भी वे मृणाल राय की कुर्सी को हिला नहीं सके। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के जीत के बाद से ही नगर पालिका परिसद किरंदुल, जिसमें कि कांग्रेस के मृणाल राय अध्यक्ष पद पर काबिज है। उन्हें गद्दी से उतारने की कवायत विपक्षियों एवं कांग्रेसी बागी पार्षदों द्वारा शुरू कर दी गई थी। जिसके तहत 13 पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए हस्ताक्षर युक्त आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन की ओर से आज पालिका परिषद में सम्मिलन रखा गया।

## अब केंद्र सरकार के एनजीडीआरएस प्रणाली से होगी जमीन की रजिस्ट्री

- **केंद्र व राज्य सरकार ने एनजीडीआरएस प्रणाली से रजिस्ट्री करने का लिया निर्णय**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** राज्य शासन के निर्देशानुसार उप पंजीयक कार्यालय जगदलपुर में केंद्र सरकार के एनजीडीआरएस प्रणाली यानी नेशनल जेनरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन प्रणाली से जमीन रजिस्ट्री की शुरुआत हो गई है। अब तक निजी एजेंसी के सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री हो रही थी। लेकिन उक्त प्रणाली से रजिस्ट्री की व्यवस्था बदल गई है। नए सिस्टम के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में एनजीडीआरएस प्रणाली से रजिस्ट्री करने का निर्णय लिया गया है। जिला पंजीयक श्रीमती सत्या कश्यप व उप पंजीयक भुपेनद्र कर्रे द्वारा बताया गया कि उप पंजीयक कार्यालय जगदलपुर में जमीन की खरीदी-बिक्री संबंधित दस्तावेज अब एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर के द्वारा पंजीकृत किए जाएंगे। अब से पंजीयन कार्यालय जगदलपुर में वर्तमान में प्रचलित ई-पंजीयन प्रणाली के तहत दस्तावेजों का पंजीयन नहीं किया जाएगा। एनजीडीआरएस प्रणाली में दस्तावेज के पंजीयन हेतु पक्षकार को वेबसाईट https:// www ngdrs.cg.gov.in/NGDRS_CG पर जाकर सर्वप्रथम पंजीयन करने के उपरान्त दस्तावेज का विवरण भरकर पंजीयन कार्यालय को ऑनलाईन आवेदन समिट करते हुए अपॉइंटमेंट प्राप्त करना होगा। तथा आवेदक पक्षकार निर्धारित तिथि को दस्तावेज एवं सभी आवश्यक अभिलेखों सहित पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन कर सकते हैं।

## एनएसएस से होता है व्यक्तित्व का विकास

- **सात दिनी शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन**

**गंडई पंडरिया/नवप्रदेश।** स्व पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का जगमड़वा में सात दिवसीय शिविर हुआ। इसका समापन 24 जनवरी को हुआ। शिविर 18 जनवरी से लगा। इसके अतिथि ग्राम के सरपंच टीकम साहू, शिव प्रसाद साहू, संतोष साहू, हेमसिंह ,प्यारे निषाद, हर्बल साहू आदि थे। राष्ट्र की दशा एवं दिशा बदलने में अद्भुत क्षमता होती है। समापन समारोह 24 जनवरी को हुआ। समापन के अतिथि प्राचार्य डॉक्टर एन एस वर्मा, टी एल वर्मा, गवास्कर कौशिक, भागवत राम वर्मा आदि थे। इस दौरान कालेज के शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा

किया। छात्र-छात्राओं द्वारा नारी शिक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत भी किया।

**शिविर के दौरान गांव में चलाया सफाई अभियान**-जगमड़वा के सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जिसमें नवधा मंच, तालाब के पचरी, प्राथमिक शाला परिषद, नहर नाली, ग्राम पंचायत भवन की सफाई, अस्पताल व गौठान और गांव की नालियों की सफाई की गई। छात्राओं ने जागरूकता अभियान भी चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छात्रों ने शिविर के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी ग्राम में चलाया। जिसमें 18 वर्ष के लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही नशा मुक्ति पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया गया ,लोगों को मद्यपान करने से होने वाले कारण को बताया, यातायात सुरक्षा कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी इसके द्वारा सात दिवसीय शिविर के माध्यम से गांव के लोगो को जागरूकता का संदेश दिया गया।

# मृतक गौसेवक के घर पहुंचे बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कवर्धा में गौ सेवक साधराम यादव की हत्या कर दी गई थी। रविवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा करने तीन दिवसीय कवर्धा प्रवास पर हैं। 28 जनवरी को कथा के पहले दिन उन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची। कथा से पहले उन्होंने हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूजा-पाठ के बाद वो पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि, हिंदुओं एक हो जाओ, वरना हर घर में कांड हो सकता है। अब इन विरोधियों की ठठरी बारने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कुछ राक्षसों ने एक सीधे-सादे परिवार के मुखिया गौरक्षक साधराम यादव की निर्मम हत्या कर दी। इससे वो काफी दुखी हैं। लेकिन प्रशासन ने कठोर कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके मकान में बुलडोजर चलवाया गया है। वो हिंदुओं से कहना चाहते हैं कि एक हो जाओ वरना हर घर में कांड हो सकता है। इसलिए सनातनियों को अब एक होने की जरूरत है। इन विरोधियों की ठठरी बारने की जरूरत है।

**प्रदेश में रामराज्यः** पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। मृतके के परिजनों ने बताया कि, कैसे घटना हुई और कुछ नशेड़ियों ने घटना को अंजाम दिया है। साधराम यादव गांव में गौ सेवा करते थे। इन्होंने मना किया, तो आरोपियों का ईगो हर्ट हो गया। पुलिस ने आरोपी को जेल में डाल दिया है। प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर आरोपी की अवैध संपत्ति को तोड़ दिया है। छत्तीसगढ़ में राम राज है, सरकार राम हितैषी है, ये अच्छी बात है। उन्होंने मृतक के परिवार को ढाई लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की बात कही है, जो सोमवार तक दे दी जाएगी।

**अब कृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी की तैयारीः** राम मंदिर का जिक्र करते हुए बागेश्वर सरकार ने कहा कि, राम मंदिर बन गया है, अब कृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी की तैयारी है। हम बागेश्वर धाम में भारत देश की सेना को मजबूत करने और अमर वीर शहीदों की स्मृति में 108 कुंडीय महायज्ञ 1 मार्च से 8 मार्च तक करने जा रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि 2 फरवरी को पूरे भारत के हिंदुओं को एक बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं सनातन धर्म क्या है ? पांच दिन के अज्ञातवास में हमने यह पुस्तक लिखी है। उस पुस्तक में जानकारी संक्षिप्त है। छोटा पैक, बड़ा धमाका है। उस पुस्तक को पढ़ने के बाद छोटे से छोटा बच्चा भी एक लाख सनातन विरोधियों के बीच खड़ा होकर बोलेगा सनातन धर्म की जय हो।

**यह था पूरा मामलाः** 21 जनवरी की सुबह लालपुर कला गांव की नर्सरी के पास एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली थी। मृतक का नाम साधराम यादव था जो गोशाला में चरवाहे का काम करता था। इस हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया था। हत्या के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसमें से एक आरोपी नाबालिग है। दरअसल, 20 जनवरी की रात किसी बात को लेकर साधराम यादव और आरोपियों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि, आरोपियों ने धारदार हथियार से उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी। फिलहाल हत्याकांड के सभी आरोपी जेल में है।

# अंडर-19 वर्ल्ड कपः भारत का शानदार प्रदर्शन

### अमेरिका को 201 रन से हराया, अर्शिन कुलकर्णी का शतक; टेबल टॉप पर इंडिया

**ब्लोमफोंटेन।** भारतीय टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा मुकाबला जीत लिया। टीम ने रविवार को ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अमेरिका को 201 रन से हराया। ब्लोमफोंटेन में अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर मं 5 विकेट पर 326 रन बनाए। जवाब में अमेरिका 50 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन ही बना सका। भारत की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने शतक और मुशीर खान ने अर्धशतक लगाया। वहीं, नमन तिवारी ने 4 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ग्रुप-ए की टेबल में टॉप पर आ गया है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी की। टीम के लिए आदर्श सिंह और अर्शिन कुलकर्णी ने गेम की शुरुआत की। आदर्श 12वें ओवर में 25 रन बना कर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर मुशीर खान आए, जिन्होंने कुलकर्णी के साथ शतकीय साझेदारी की। 36वें ओवर तक चली इस साझेदारी में दोनों ने साथ 155 रन जोड़े और भारत को मजबूत स्थिति पर ला कर खड़ा कर दिया। मुशीर 36वें ओवर की पहली हॉल पर 73 रन बना कर आउट हुए।

मुशीर के विकेट के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने बड़े शॉट्स खेलना शुरु किया। कप्तान उदय सहारन 35 रन और सचिन दास 20 रन बना कर आउट हुए। वहीं, अर्शिन ने इस दौरान अपना शतक भी पूरी किया। उन्होंने 118 बॉल में 108 रन की पारी खेली।

अमेरिका की ओर से अतींद्र सुब्रमणियन को सबसे ज्यादा 2 विकेट मिले। वहीं, आरिन नदकर्णी, ऋषि रमेश और आर्या गर्ग को 1-1 विकेट मिला।

अमेरिका 327 रन का दिया टारगेट चेज करने उतरा। प्रणव चेत्तिपालयम और भव्य मेहता ने पारी की शुरुआत की। प्रणव 2 रन और भव्य 0 रन बना कर आउट हो गए। यहां से टीम की पारी स्लो हो गई। नंबर-3 पर आए सिद्धार्थ कप्पा ने 60 बॉल में 18 रन बनाए। वहीं, कप्तान ऋषी रमेश 8 रन बना कर पवेलियन लौटे।

अमेरिका के लिए उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 73 बॉल में 40 रन की पारी खेली। उनके बाद आए मानव नायक 0 रन और पार्थ पटेल 2 रन बना कर आउट हो गए। वहीं, अमोघ एरेपल्ली 27 रन और अतींद्र सुब्रमणियन 3 रन बना कर नाबाद रहे। टीम टारगेट चेज नहीं कर सकी।

भारतीय टीम के लेफ्ट आर्म पेसर नमन तिवारी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं, राज लिंबानी, मुरुगन अभिषेक, सौम्य पांडे और प्रियांशु मोलिया को 1-1 विकेट हासिल हुआ।

चारों ग्रुप की 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यानी भारत भी सुपर-6 में जाएगा। सुपर 6 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमों के बीच सेमीफाइनल होगा और जीतने वाले दोनों देशों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा, हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई

**स्पोर्ट्स डेस्क।** रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 2 विकेट लिए थे। टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ। पैर का स्कैन कराने के बाद उनकी रिपोर्ट्स आना बाकी है। रिपोर्ट्स आने के बाद ही कन्फर्म हो पाएगा कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, लम्बी सीरीज को ध्यान में रखते हुए जडेजा को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। अगर वह बाहर बैठे तो कुलदीप यादव विशाखापट्टनम में उनकी जगह लेंगे।

रवींद्र जडेजा हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए। पवेलियन लौटने के दौरान उन्हें चलने में दिक्कतें हुईं। मैच खत्म होने के बाद जडेजा ने हैदराबाद में ही अपने पैर का स्कैन करवाया। जडेजा की स्कैन रिपोर्ट मुंबई इंस्टिट्यूट भेजी गई है, जहां सारे प्लेयर्स की स्कैन रिपोर्ट भेजी जाती है। रिपोर्ट आने के बाद सोमवार शाम तक ही कन्फर्म हो जाएगा कि जडेजा एक टेस्ट से बाहर होंगे या पूरी सीरीज से।

कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अब तक टीम के फिजियो से जडेजा की इंजरी पर बात नहीं की है। फिजियो से बात करने के बाद ही जडेजा के खेलने पर फैसला लेंगे। क्रिकबज के अनुसार, जडेजा की चोट गंभीर नहीं है, उन्हें हल्का खिंचाव महसूस हुआ है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके तो तीसरा मुकाबला खेल सकेंगे। दूसरा मैच 2 फरवरी से विशाखापट्टन में और तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। जडेजा ने पहले टेस्ट की पहली पारी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 87 रन बनाए थे। उन्होंने मैच में कुल 5 विकेट भी झटके थे। अगर वह नहीं खेले तो टीम को बॉलिंग और बैटिंग के साथ उनकी फील्डिंग की कमी भी खलेगी। जडेजा अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेले तो कुलदीप यादव दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 में उनकी जगह लेंगे।

# आईसीसी ने श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड से सस्पेंशन हटाया, कहा- अब सरकार की दखलंदाजी नहीं

**दुबई।** श्रीलंका वनडे वर्ल्ड कप में कुल 9 में से 2 मैच ही जीत सका था। भारत ने श्रीलंका को 302 रन के बड़े अंतर से हराया था। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से सस्पेंशन हटा लिया है। काउंसिल ने रविवार को जारी रिलीज में बताया कि बोर्ड में अब सरकार की दखलंदाजी नहीं है। ऐसे में बोर्ड को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है।

नवंबर-2023 में वर्ल्ड कप के दौरान श्रीलंकाई बोर्ड को सरकार के दखल के बाद सस्पेंड कर दिया था। तब वनडे वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वहां के खेल मंत्रालय ने 6 नवंबर को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (SLC) को बर्खास्त कर दिया था। ढ्ढष्टष्ट ने स्रुष्ट को सस्पेंड करते हुए कहा था कि किसी भी ढ्ढष्टष्ट मेंबर के काम में सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, लेकिन पिछले कुछ दिनों से श्रीलंका बोर्ड खुलकर काम नहीं कर पाया। इस सस्पेंशन के कारण श्रीलंका को मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी गंवानी पड़ी। यह टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका में हो रहा है। लंकाई टीम ने अपने दोनों मैच जीत लिए हैं और तीसरा लीग मैच ऑस्ट्रेलिया से खेल रही है। वर्ल्ड कप में भारत से मिली 302 रन की करारी हार के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने पूरे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था, देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देशद्रोही और भ्रष्ट कहा था और बोर्ड के सदस्यों से इस्तीफा मांगा था। जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डी सिल्वा ने 4 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। एशिया कप में रनर अप रहने के बाद श्रीलंका टीम वनडे वर्ल्ड कप खेलने उतरी, लेकिन उसका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम को 9 में से 2 ही मुकाबलों में जीत मिल सकी। टीम इंग्लैंड और नीदरलैंड को ही हरा पाई।

# आईपीएल के लिए तैयार हैं दीपक चाहर

**स्पोर्ट्स डेस्क।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर IPL खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह पिछले दिनों साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेले थे। वह पारिवारिक कारणों से टीम में शामिल नहीं हो सके, उन्होंने कहा कि वह अब फिट हैं और भारत के लिए टी-20 वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं।

चाहर ने साथ ही कहा कि एमएस धोनी अब पूरी तरह फिट हैं और उन्हें 2-3 साल क्रिकेट खेलते रहना चाहिए। चाहर ने भारत के लिए आखिरी टी-20 मुकाबला रायपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला, ये मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया। दीपक चाहर पिछले 2 महीने से अपने पिता की देखभाल कर रहे थे। जिन्हें दिसंबर में ब्रेन-स्ट्रोक आया था। उनके पिता अब पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, लेकिन टीम इंडिया को अब कोई और टी-20 इंटरनेशनल नहीं खेलना है। इसलिए चाहर मार्च में शुरू होने वाले ढ्ढक्क से ही क्रिकेट में वापसी करेंगे। वह 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स टीम का हिस्सा हैं। मेरे लिए पिता सबसे पहले हैं। मैं यहां तक सिर्फ उनकी वजह से पहुंच पाया हूं। मैंने जो भी अचीव किया, सब उन्हीं के कारण। अगर उनके बुरे समय में मैं उनके साथ नहीं रह सका तो मैं किस तरह का बेटा कहलाऊंगा? दीपक ने अपने पिता लोकेंद्र सिंह चाहर की देखभाल करने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लिया था। चाहर ने कहा, साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगर टी-20 सीरीज भारत में होती तो मैं जरूर खेलता। तब मैं 4-5 घंटे का सफर कर हॉस्पिटल पहुंच सकता था। लेकिन साउथ अफ्रीका से आने में 2-3 दिन तक लग जाते। मेरे लिए पिता के साथ रहना आसान फैसला था, हर बेटा यही करेगा। मैं अलीगढ़ के हॉस्पिटल में 25 दिन तक अपने पिता के साथ रहा। हम सभी को उनके साथ रहना ही था। मैं उस समय क्रिकेट से पूरी तरह दूर हो गया। फिटनेस पर काम कर रहा था लेकिन बॉलिंग प्रैक्टिस नहीं कर पाया। मैंने एक महीने से प्रैक्टिस नहीं की, इसलिए अफगानिस्तान सीरीज के लिए भी तैयार नहीं था। चाहर बोले, मैंने ह्रष्ट (बेंगलुरु) में फिर प्रैक्टिस शुरू की। यहां कुछ दिन रहने के बाद मैं पूरी तरह फिट हो सका। मैंने ढ्ढक्क और वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तरह तैयारी कर ली है। मैं इंजरी के कारण पिछले 2 वर्ल्ड कप नहीं खेल सका, अगर फिट रहता तो जरूर दोनों बार खेल पाता। हर टीम को 7, 8 और 9 नंबर पर बैटिंग करने वाले गेंदबाज की जरूरत होती है।

## बिजनेस

# सोने-चांदी की कीमतों में इजाफा

**नईदिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में एक बार फिर से चमक लौट आई है. सोमवार को सर्राफा बाजार 200 रुपये की बढ़त के साथ ओपन हुआ. इस दौरान दोनों धातुओं की कीमतों में इजाफा दर्ज किया गया. फिलहाल सोने की कीमतों में 170 रुपये की बढ़त बनी हुई है और 22 कैरेट वाला सोने 57,237 रुपये प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि 24 कैरेट वाले गोल्ड का भाव 62,440 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है. वहीं चांदी की कीमत 170 रुपये चढ़कर 72,170 रुपये प्रति किग्रा पर व्यापार कर रही हैं. देश के अन्य शहरों में भी सोने की कीमतों में आज उछाल बना हुआ है.

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.27 फीसदी यानी 166 रुपये की बढ़त के साथ 62,130 रुपये प्रति दस ग्राम चल रही है. जबकि चांदी का भाव यहां 0.30 प्रतिशत यानी 213 रुपये के इजाफे के साथ 71,986 रुपये पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं विदेश बाजार यूएस कॉमेक्स पर सोना 0.35 फीसदी यानी 7.10 डॉलर चढ़कर 2,024.40 डॉलर प्रति औंस पर बिक रहा है. जबकि चांदी 0.60 प्रतिशत यानी 0.14 डॉलर चढ़कर 23.01 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है.

राजधानी दिल्ली में सोने की कीमतें 150 रुपये चढ़कर 22 कैरेट वाला सोना 57,017 और 24 कैरेट शुद्धता वाले सोना का भाव 62,200 रुपये चल रहा है. जबकि चांदी की कीमत 62,200 रुपये प्रति किग्रा पर कारोबार कर रहा है. जबकि मुंबई में 22 कैरेट वाले गोल्ड का भाव 57,118 रुपये प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि 24 कैरेट वाला गोल्ड 62,310 रुपये प्रति दस ग्राम में बिक रहा है. मुंबई में चांदी 230 रुपये चढ़कर 72,090 रुपये प्रति किग्रा पर कारोबार कर रही हैं. कोलकाता में सोना (22 कैरेट) 57,044 तो 24 कैरेट वाला गोल्ड 62,230 रुपये प्रति दस ग्राम में बिक रहा है. वहीं चांदी की कीमत यहां 71,990 रुपये प्रति किग्रा चल रही हैं. चेन्नई में 22 कैरेट वाले गोल्ड की कीमत 57,292 तो 24 कैरेट वाला सोना 62,500 रुपये प्रति दस ग्राम में कारोबार कर रहा है. जबकि चांदी की कीमत यहां 72,340 रुपये प्रति किग्रा पर व्यापार कर रही हैं।

## शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत, सेंसेक्स में 600 अंक की बढ़त, निफ्टी भी चढ़ा

**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बढ़ोतरी के साथ ओपन हुआ. बाजार के प्रमुख इंडेक्स में बढ़त देखने को मिली. बाजार की पॉजिटिव शुरुआत अच्छे ग्लोबल संकेतों के चलते देखने को मिल रही है. सोमवार सुबह सवा नौ बजे बाजार हरे निशान के साथ ओपन हुआ. और सेंसेक्स 600 अंक की बढ़ोतरी के साथ कारोबार करने लगा. जबकि निफ्टी की शुरूआत 21,500 अंक के ऊपर हुई. बता दें कि ग्लोबल संकेतों और बैंकिंग स्टॉक्स में अच्छे प्रदर्शन के चलते स्टॉक मार्केट में तेजी का रुख बना हुआ है. फिलहाल बीएसई सेंसेक्स 298.70 अंक चढ़कर 71,399.37 अंक पर कारोबार कर रहा है. जबकि निफ्टी 50, 218.90 अंक की बढ़ोतरी के साथ 21,571.50 अंक पर बना हुआ है।

## बोनलोन इंडस्ट्रीज लगाएगी एल्युमिनियम प्लांट तलोजा में लगेगी परियोजना

**मुंबई।** कॉपर वायर बनाने वाली कंपनी बोनलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एल्युमिनियम रॉड और इंगट्स निर्माण की परियोजना लगा रही है. बीएसई में लिस्टेड बोनलोन इंडस्ट्रीज अपना नया आधुनिक एल्युमिनियम प्लांट महाराष्ट्र के तलोजा एमआईडीसी में लगाएगी. जिसकी शुरूआत में वार्षिक उत्पादन क्षमता 75 हजार टन होगी. इस प्लांट एल्युमिनियम स्क्रैप से रॉड, वायर और इंगट्स बनाए जाएंगे, जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है.

**जल्द निर्माण शुरू करने की योजना :** कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नए एल्युमिनियम प्लांट के लिए तलोजा में जगह ले ली गयी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. इस नए प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 से ही उत्पादन शुरू करने की योजना है. नया प्लांट 4 से 5 प्रतिशत शुद्ध लाभ मार्जिन के साथ कंपनी के कारोबार में सालाना 200 से 250 करोड़ रुपए का योगदान देगा. अरूण कुमार जैन फैमिली द्वारा प्रमोट बोनलोन इंडस्ट्रीज 25 साल पुरानी कंपनी है, जो मुख्यतः कॉपर वायर और रॉड का निर्माण करती है. बोनलोन में प्रमोटर समूह की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है.

**4 गुना हुआ कारोबार:** बोनलोन ग्रुप की यह कंपनी कॉपर वायर निर्माण के साथ फेरस और नॉन-फेरस मेटल के व्यापार, होटल बिजनेस और सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में भी कार्यरत है. विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में कॉपर वायर और रॉड की बढ़ती मांग के कारण पिछले तीन वर्षों में इसका कारोबार 135 करोड़ से करीब 4 गुना बढ़कर 511 करोड़ रुपए हो गया है. हालांकि कॉपर कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आने और ट्रेडिंग आय अधिक होने से लाभ मार्जिन कम रहा है. लेकिन अब लाभप्रदता बढ़ाने के लिए कंपनी मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस बढ़ा रही है. जिससे आगामी वित्त वर्ष में 680 करोड़ रुपए का कारोबार और 10 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होने की उम्मीद है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में रिकॉर्ड तेजी, मार्केट कैप 19 लाख करोड़ के पार

**नईदिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई जिससे देश की सबसे बड़ी कंपनियों में एक का मार्केट कैप 19 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया।

तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर 4.19 प्रतिशत का जोरदार उछाल लेकर 2,824 रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई पर कंपनी का शेयर 4.35 फीसदी की बंपर तेजी के साथ 2,824 रुपये के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। निफ्टी-50 इंडेक्स पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शीर्ष टॉप परफॉर्मर बना हुआ है। निफ्टी-50 में देखी जा रही वृद्धि में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने लगभग 89 अंकों का योगदान दिया। निफ्टी-50 इंडेक्स 303.70 अंक या 1.42 प्रतिशत बढ़कर 21,656.30 रुपये पर कारोबार कर रहा है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज 19 लाख करोड़ रुपये के मार्किट कैप को पार करने के साथ भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी बन गई है। पिछले एक महीने में रिलायंस के शेयरों में लगभग 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि तीन महीनों में आरआईएल के शेयर में 24 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। रिलायंस के शेयरों पर तीन साल का रिटर्न 53 फीसदी से ज्यादा है।

तेल से दूरसंचार तक के कारोबारों से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 9.3 फीसदी बढ़ गया। कंपनी के ऊर्जा कारोबार में जो नरमी आई, उसकी भरपाई रिटेल और दूरसंचार कारोबार की तेज रफ्तार वृद्धि ने कर दी। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में आरआईएल का शुद्ध मुनाफा पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले 9.3 फीसदी बढ़कर 17,265 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कंपनी की आय 3.9 फीसदी बढ़कर 2.25 लाख करोड़ रुपये रही। आरआईएल ने कहा कि उपभोक्ता कारोबार में निरंतर इजाफे से उसकी आय बढ़ी है।

# 250 करोड़ क्लब में शामिल हुई तेजा सज्जा की फिल्म, हनुमान ने दी गुंटूर कारम को मात?

तेजा सज्जा स्टारर फिल्म हनुमान थिएटर्स में छा गई है. फिल्म को दर्शकों का धुआंधा रिस्पॉन्स मिल रहा है और फिल्म हर रोज बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है. न सिर्फ साउथ स्टेट्स में बल्कि पूरे भारत में फिल्म का दबदबा है. यहां तक कि दुनियाभर में फिल्म रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर रही है.

हनुमान 12 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और 14 दिनों के अंदर फिल्म ने वर्ल्डवाइड 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. तेजा सज्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फिल्म का लेटेस्ट वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है जिसके मुताबिक हनुमान 250 करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की पोस्टर शेयर करते हुए तेजा ने लिखा- दिन की शुरुआत करने का क्या तरीका है. प्यार का सैलाब....मुझे से आप तक और आपसे हम तक. बता दें कि प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी माइथोलॉजिकल फिल्म हनुमान ने दुनियाभर में 250 करोड़ कमाकर महेश बाबू की मोस्ट अवेटेड फिल्म गुंटूर कारम को भी मात दे दी है जिसने 231 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी हनुमान ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है. तेजा सज्जा स्टारर फिल्म ने अब तक 158.5 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी ये आंकड़े गुंटूर कारम से कहीं ज्यादा है जिसने 15 दिनों में सिर्फ 121.52 करोड़ रुपए कमाए हैं। हनुमान की कहानी की बात करें तो ये एक अंजनाद्री नाम की काल्पनिक जगह पर बेस्ड है. तेजा सज्जा ने हनुमंथु का किरदार निभाया है जो एक छोटा चोर है. उसे बाद में भगवान हनुमान की शक्तियां मिलती हैं और वो अंजनाद्रि के लोगों को बचाने के लिए विलेस से लड़ता है. तेजा के अलावा अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार और विनय राय भी फिल्म का हिस्सा हैं।

# चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन ने दिखाई अपनी नई झलक

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं. वहीं गणतंत्र दिवस के खास मौके पर कार्तिक ने फिल्म से अपना नया लुक शेयर कर सभी को रिपब्लिक डे की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं. एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह आर्मी की वर्दी पहने हुए नजर आ रहे हैं. वहीं फिल्म से अपनी नई झलक को फैंस के साथ साझा करते हुए कार्तिक ने लिखा है कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है... जय हिंद. गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं.वहीं अपने चहेते सितारे को आर्मी की वर्दी में देख फैंस खुशी से धूम उठे हैं. कार्तिक के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. हर कोई उनके इस नए लुक की जमकर तारीफ कर रहा है. बता दें कि चंदू चैंपियन कार्तिक आर्यन के लिए बेहद खास फिल्म होना वाली है. फिल्म की कहानी पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीत चुके मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है, जिसका रोल कार्तिक निभा रहे हैं. इस तहर के रोल में वह पहली बार बड़े पर्दे पर दिखाई दने वाले हैं. ऐसे में फैंस को उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं. बता दें कि चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.वहीं कबीर खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कार्तिक के अपोजिट जोड़ी श्रद्धा कपूर नजर आ सकती हैं. हांलाकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से फिल्म की हीरोइन का खुलासा नहीं किया है. अगर ऐसा हुआ, तो ऐसा पहली बार होगा जब बड़े पर्दे पर कार्तिक आर्यन और श्रद्धा कपूर की जोड़ी देखने को मिलेगी. बता दें कि निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है.

वहीं चंदू चैंपियन के अलावा कार्तिक बहुत जल्द आशिकी 3 में भी नजर आने वाले हैं. खबरें आ रही हैं कि फिल्म में कार्तिक एनिमल स्टार तृप्ति डिमरी के साथ रोमांस करते हुए दिखाई देंगे. सूत्रों के अनुसार, आशिकी 3 की शूटिंग 2024 की पहली तिमाही में शुरू होगी. वहीं शूटिंग शुरू होने से पहले कार्तिक और तृप्ति कुछ वर्कशॉप्स भी अटेंड करेंगे.

# आखिर कब रुकेगा चिरमिरी में कोयला व कबाड़ का अवैध कारोबार!

**चिरमिरी/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम चिरमिरी में हमेशा की तरह कोयला, कबाड़ चोर सक्रिय रहते हैं। यह काली कमाई का इनका धंधा हमेशा फलता फूलता रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस काली कमाई में तथाकथित सफेदपोश लोग भी शामिल रहते हैं। तभी तो कभी भी प्रशासन उनके गिरेबान तक पहुंचने में नाकाम रहती है। एक कहावत जैसा वाक्य सामने आता है कि ÷बड़ो पे रहम, छोटो पे सितम÷होते आ रहा है शायद ऐसा चलता रहेगा चाहे सरकार किसी की भी बने तथाकथित नेता सफेद टोपी वाले लोग बंदर की तरह गुलाटी मारकर अपना जुगाड़ कर ही लेते हैं और अपनी रोटियां सेंकने में कामयाब हो जाते हैं। कभी भी कोयला भारी मात्रा में पकड़ा जाता है तो इसके असली गुनाहगारों को सजा नहीं मिला पाती और ना ही यह लोग पकड़े जाते हैं। कानून की गिरफ्त से यह लोग बच जाते हैं। वैसे भी चिरिमिरी कबाड़ और कोयला के लिए कोरिया प्रसिद्ध है। हमेशा की तरह चिरमिरी जहां पर कबाड़ माफिया बिना शासन प्रशासन के डर भय के अवैध कार्यों को

अंजाम दे रहे हैं। गौरतलब है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड चिरमिरी के महाप्रबंधक कबाड़ के अवैध कारोबार पर रोक लगा पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। पुलिस समय-समय पर अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने का प्रयास करती रहती है लेकिन हमेशा की तरह लाचार हो जाती है। चिरमिरी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। लोगों का यहां से लगातार विस्थापन और पलायन हो रहा है। चिरमिरी क्षेत्र में कोयले का असीम भंडार है जिसे एसईसीएल चिरमिरी प्रबंधन के द्वारा उत्खनन कर कोयले की खदानों को बंद करके छोड़ दिया गया है। दूसरी ओर कई खदानों में लगे लोहे और तांबे के कबाड़ माफियाओं की नजर पर चढ़े हुए हैं। कबाड़ का कारोबार इन दिनों चिरमिरी क्षेत्र में अपनी सुर्खियां बटोर रहा है। पुलिस प्रशासन या फिर एसईसीएल प्रबंधन की तो इन अवैध कार्यों पर रोक लगा पाने में पूरी तरह फेल हो ही जाते हैं कभी कभी खाना पूर्ति के लिए पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जाती है। चिरमिरी क्षेत्र के आमा नाला डोमन हिल, पोंडी, बरतुंगा और गेल्हापानी का लक्ष्मण झरिया क्षेत्र से अवैध लोहा चोरी का खेल अपनी चरम सीमा पर चल रहा है। वही कबाड़ माफिया के हौसले इस कदर बुलंद है कि रात्रि से लेकर भोर 4 से 5 बजे तक कबाड़ चोर सक्रिय रहते हैं। चिरमिरी क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार पर आखिर किस का संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण चिरमिरी क्षेत्र अवैध कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है।

> पिछले कार्यकाल जो कि कांग्रेस का था उस कार्यकाल में कबाड़ कोयला जुआ सट्टा जैसे अनैतिक कार्य 5 साल तक बहुत फला फूला है लेकिन भाजपा का कार्यकाल आते ही कांग्रेस के विधायक के पीए का नजदीकी रिश्तेदार जो लगातार 5 वर्षों तक कबाड़ का कार्य करते रहे। लेकिन भाजपा शासन आते ही उन्हें खड़गवां पुलिस के द्वारा धर दबोचा गया। वहीं पुलिस के अनुसार 85 क्विंटल कबाड़ पुलिस के द्वारा जप्त किया गया। स्वास्थ मंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में अवैध कार्यों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जायेगा अब देखना होगा कि क्या कोयला कबाड़ का कारोबार रुकेगा या हमेशा की तरह चलता रहेगा।
> **-श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री

## न्यूज गैलरी

### अब 14 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए आवेदन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 29 जनवरी की स्थिति में 14 लाख राशनकार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई। ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

### हरदीबाजार पुलिस ने गुम बालक को किया बरामद

**कोरबा/नवप्रदेश।** शनिवार 27 जनवरी को प्रार्थी पुनऊराम ओगरे पिता गणेश राम ओगरे उम्र 60 वर्ष साकिन नवापारा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा बताया गया कि उसका नाती उम्र 11 वर्ष 02 माह थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) गुरुवार 26 जनवरी 24 सुबह 9 बजे बस स्टैण्ड हरदीबाजार से ग्राम भिलाईबाजार जाने के लिए निकला था जो भिलाईबाजार नहीं पहुंचा है, जिसका आसपास एवं अपने जान पहचान रिश्तेदारों में पता तलाश करने पर भी पता नही चला है। प्रार्थी को शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर अपराध क्रमांक 34/2024 धारा 363 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। अपहृत बालक के पता तलाश में पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) के मार्ग दर्शन में अलग-अलग टीम के साथ पता तलाश की गई। पुलिस की तत्परता एवं सजगता से बालक को चंद घण्टों के भीतर ही बिलासपुर से बरामद किया गया।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवक की लाश

**कोरबा/नवप्रदेश।** एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली। समीप ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह मामला कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत कुचैना के समीप संदिग्ध हालत में एक युवक की लाश मिलने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मृतक की पहचान विकास नगर एमडी कालोनी निवासी 26 वर्षीय अमित कुमार चंद्रा पिता गौटीया चंद्रा के रूप में की गई। लोगों ने पुलिस को बताया कि सुबह जब मार्निंग वाक करने निकले थे, तब सड़क किनारे पड़े युवक पर पड़ी। थोड़ी ही देर में लोगों एकत्रित होने लगे। मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की. वहीं मृतक की पहचान कर इसकी सूचना परिजनों को दी गई और उनका बयान दर्ज किया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि अमित रात से घर नहीं आया था। उन्हें लगा कि वह किसी दोस्त के घर पर रुका होगा, उसका मोबाइल भी बंद मिल रहा था। सुबह फोन पर जानकारी मिली कि कुचैना के पास बाइक क्रमांक सीजी 12 बीके 1749 के साथ एक युवक काले जैकेट और नीली जींस में पड़ा हुआ है। तब कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो अपने बेटे को इस अवस्था में देख उनके होश उड़ गए। कुसमुंडा पुलिस ने कहना है कि युवक की मौत कब कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा। फिलहाल मृतक के स्वजनों के साथ परिचितों का बयान लिया जा रहा है।

# यातायात नियमों के साथ लोग सीख रहे स्वस्थ रहने के उपाय

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य के जिलों में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 (15 जनवरी से 14 फरवरी) के दौरान विभिन्न जनजागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के साथ स्वस्थ रहने के तरीके सिखाएं जा रहे है। इसी श्रृंखला में 24 एवं 25 जनवरी को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में 26 जनवरी की शाम मरीन ड्राईव तेलीबांधा तालाब में, 27 जनवरी को श्रीराम मंदिर के समीप वी.आई.पी. रोड एवं 28 जनवरी को अनुपम गार्डन रायपुर में सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सुरक्षित यातायात एवं प्रभावी सड़क सुरक्षा जन जागरूकता हेतु ''स्टे फि ट विथ मी'' एवं तेरा पंथ

प्रोफेशनल फोरम के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन नुक्कड़ प्रहसनों के माध्यम से यातायात नियमों की अवहेलना के गंभीर परिणामों को अत्यंत प्रभावी रूप से रेखांकित कर यादगार बनाया गया।

इस अवसर पर ''स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन तथा स्वस्थ मन में सुरक्षित जन'' की थीम पर आधारित एरोबिक्स एवं जुम्बा इवेंट में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के यातायात के नियमों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वाहन चालन के संकल्प के लिये प्रेरित किया।

### सीएम साय से मिले सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सोमवार शाम यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार, एडीजी सेंट्रल जोन अमित कुमार, आईजी छत्तीसगढ़ सेक्टर साकेत सिंह भी मौजूद रहे।

## रावतपुरा यूनिवर्सिटी में खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आरोहण' का शुभारंभ हुआ। सोमवार को छग के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम का स्वागत एन.सी.सी कैडेट की आगवानी में हुआ। उद्घाटन समारोह का प्रारंभ भारतीय संस्कृतिक परम्परानुरूप दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ-साथ बृजमोहन अग्रवाल द्वारा आरोहण मशाल ज्योति प्रज्जवलन से किया। मुख्य अतिथि ने सभी को ''मै को हम बनायेंगे, हम नया भारत बनायेंगे'' का भी शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारों को आकाश में छोड़कर आरोहण-2024 के आरंभ की घोषणा की गई जिससे सम्पूर्ण मैदान संगीत और नृत्य से अर्जित हो उठा। कार्यक्रम में फ्लैश माब नृत्य से सम्पूर्ण खेल मैदान में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों ने सामूहिकता में नृत्य किया। देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत दी गई जिसमे पूरा खेल मैदान अलग-अलग हिस्सों में नृत्यमान रहा। आरोहण के प्रथम दिन तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में 100

प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमे अंडर 19 में 20 गर्ल्स एवं 30 बॉयज ने प्रतिस्पर्धा की तथा इसके साथ-साथ अंडर-19 के ऊपर प्रतिभागियों में से 22 गर्ल्स एवं 28 बॉयज ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के पंजीयन में लगभग 4 हजार से अधिक विद्यार्थियो ने रुचि दिखाई है एवं युवाओ को अवसर देने हेतु पंजीयन निरंतर हो रहा है जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकें।

## दो हाथी आपस में भिड़े चिंघाड़ से गूंजा जंगल

**कोरबा/नवप्रदेश।** सोशल मीडिया पर आए दिन हाथियों के तमाम वीडियो वायरल होते रहते हैं. कभी हाथियों के खेलने के तो कभी हाथी के रेस्क्यू के वीडियो. कई बार तो हाथी के हमले के खतरनाक वीडियो भी देखने को मिलते हैं। कोरबा जिले से आया ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें केंदई रेंज के मड़ई गांव के समीप जंगल में दो दंतैल हाथी आपस में भिड़ते नजर आ रहे है. बताया जा रहा है कि हाथियों की निगरानी के दौरान फॉरेस्ट गार्ड ने मोबाइल में ये वीडियो कैद किया है. वीडियो में आप हाथियों के बीच की लड़ाई को देख सकते है. जानकरी के मुताबिक, कोरबा के कटघोरा वन मंडल में केंदई रेंज के मड़ई गांव के समीप जंगलों में 49 हाथियों का दल अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहा है. जब दो दंतैल आपस में भिड़े उस वक्त मौके पर 32 हाथियों का दल मौजूद था. इसकी सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया. इस दौरान हाथियों की निगरानी के वक्त फॉरेस्ट गार्ड ने मोबाइल से वीडियो बनाया है. वीडियो में साफ देख जा सकता है कि, दो दंतैल हाथी किस तरह से आपस भिड़ रहे है. लड़ाई दौरान इन विशालकाय हाथियों के चिंघाड़ने की तेज आवाजों ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है. बता दें कि इस हाथी दल की गतिविधियों पर वन विभाग लगातार नजर बनाए हुए है. फिलहाल वन विभाग ने आसपास गांव में मुनादी शुरू कर दी है और ग्रामीणों को जंगल से दूर रहने की सलाह दी है.

### ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष चुने गए सिराज

**रायपुर/नवप्रदेश।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की प्रदेश बैठक रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित की गई थी। जिसमें शिरकत करने प्रदेश के सभी जिलों से लोग मौजूद हुए थे। फाउंडेशन की प्रदेश बैठक हर 3 साल में नई कार्यकारिणी गठित करने पश्चात आयोजित की जाती है। इस बार फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज को सर्व सम्मति से पुनः प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति मिली है। वहीं हाजी जुबेर महमूद, हाजी वसीम अहमद, शादाब खान तथा अकरम कुरेशी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश सचिव फहीम अंसारी बने हैं, सह सचिव बिलासपुर के रूप में राहुल मुग़ल, उस्मान खान तथा आसिफ अशरफी को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार फाउंडेशन के संभागों का भी विस्तार किया गया है जिसमें रायपुर संभाग से अध्यक्ष शाज़ी राशिद को तथा सचिव शाबान खान को बनाया गया है, बस्तर संभाग अध्यक्ष का पद साकिब खान को दिया गया है, दुर्ग संभाग अध्यक्ष जाहिद खान को बनाया गया है तथा बिलासपुर संभाग अध्यक्ष अतहर हुसैन को सचिव अब्दुल रहीम को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार फाउंडेशन की जरिया ए रिश्ता विंग का भी पुनर्गठन किया गया है ।

### बंदियों को दी अधिवक्ता नियुक्ति और विधिक सहायता के संबंध में जानकारी

**कोरबा/नवप्रदेश।** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना न्यायाधीश भारत के सर्वोच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुमोदन से अखिल भारतीय कैंप 2024 अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान को 75 में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी 2024 को वर्चुअल माध्यम से प्रारंभ किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जेल में बंद ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है, जो अपराध के समय संभावित रूप से नाबालिग थे और उन्हें सहायक दस्तावेजों के साथ किशोरता के दावे के लिए आवश्यक आवेदन दाखिल करने में सहायता करना है। इस तारतम्य में शनिवार 27 जनवरी को उप जेल कटघोरा एवं रविवार 28 जनवरी को जिला जेल कोरबा में किशोरों की पहचान करने और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए श्रीमती शीतल निकुंज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों के द्वारा जेल का भ्रमण व विधिक जागरूकता शिविर किया गया, साथ ही बंदियो की आयु के संबंध में जानकारी ली गई। जिस पर जिला जेल कोरबा एवं उप जेल कटघोरा में वर्तमान में कोई भी किशोर बंदी नहीं मिला व लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों द्वारा समस्त बंदियो से उनकी उम्र के संबंध में जानकारी ली। उनके आयु से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बंदियों के संबंध में आने वाली समस्याओं, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति व अन्य कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, जमानत पेश करने में होने वाली समस्या व अन्य कानूनी जानकारी दी गई। जेल में बंदियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा व बंदियों को दी जाने वाली भोजन का निरीक्षण व जानकारी ली। विधिक जागरूकता शिविर में विजयानंद जेल अधीक्षक जिला जेल कोरबा व पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित थे।

### गिरफ्तार नक्सली की इलाज के दौरान मौत

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में नक्सलियों द्वारा किये गये बम विस्फोट मामले में पुलिस ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया, जिसकी तबियत खराब होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई।

नक्सली पोदिया माड़वी को शनिवार शाम गिरफ्तार किया था, जिसकी तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान कल रात उसकी मौत हो गई। उसकी मौत का कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वह 26 अप्रैल 2023 को अरनपुर बम विस्फोट में 10 जवानों और एक सिविलियन की मौत के मामले में आरोपी था।

## वन्यजीव संरक्षण पर बनी झांकी रही प्रथम

**कोरबा/नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में 16 शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वन विभाग की ओर से किंग कोबरा एवं वन्य जीव संरक्षण पर आधारित झांकी पहले स्थान रही। स्वच्छता पर आधारित नगर पालिक निगम की झांकी को दूसरा स्थान मिला।कृषि संबंधित कार्यों पर आधारित कृषि विभाग की झांकी तीसरे स्थान पर रही। समारोह में मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सूबेदार अनंत राम पैंकरा के नेतृत्व में

आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, एनसीसी पुरूष और एनसीसी महिला की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। हर्ष फायर कर पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। जिले के बलिदानियों के परिजनों को शाल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रस्तुति बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ झांकी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना पुरस्कार अंतर्गत राम अवतार उरांव को 50 हजार की राशि आइआइटी में चयन होने पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्य करने वाले 90 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला स्वसहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, डीएफओ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रदीप साहू सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मार्च पास्ट में आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार जिला पुलिस बल पुरूष को दिया गया। परेड नान प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी महिला, द्वितीय स्थान एनसीसी पुरूष और तृतीय स्थान स्काउट गाइड सीनियर रेंजर, भारत गाइड की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।